# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी


# शाम 6 बजकर 52 मिनट फिर दिल्ली 'दहल' उठी



धमाके के बाद धू-धू कर जलते वाहन।

## बड़े सवाल?

1 क्या फरीदाबाद में 24 घंटे में पकड़े गए 2910 किलो विस्फोटक से इस धमाके का रिश्ता है?

2 क्या आरोपियों द्वारा यह धमाका जल्दबाजी में किया गया? क्योंकि, माना जा रहा था कि इस कार में भी विस्फोटक छिपाया गया था, वह भी पकड़ा जा सकता था।

3 दिल्ली पुलिस कमिश्नर सतीश गोलचा ने बताया कि यह एक मूविंग व्हीकल था। यानी, यह विस्फोटक कार से कहीं ले जाया जा रहा था? इस कार में कुछ लोग थे।

4 कुछ लोग कह रहे हैं कि ये सीएनजी वाली कार थी और इसका सिलेंडर फट गया। पर, क्या सिलेंडर का धमाका इतना तेज होता है कि दूर के मंदिर और घरों के शीशे उड़ जाएं?

5 तो, क्या इसे आतंकी घटना माना जाएगा? क्या इसे एक्ट ऑफ वार माना जाएगा? तो, अब केंद्र का क्या एक्शन होगा?

### दिल्ली के सबसे भीड़ वाले इलाके में कार में बड़ी तीव्रता वाला धमाका, अभी तक इस धमाके का आतंकी करतूत से कनेक्शन पर कोई अधिकारिक बयान नहीं, एक संदिग्ध हिरासत में

# लाल किला मेट्रो स्टेशन के पास विस्फोट... 11 की मौत

एनएसजी-एनआईए की टीमें पहुंचीं दिल्ली, मुंबई, हरियाणा और यूपी में हाई अलर्ट, पूरा इलाका खाली कराया, एयरपोर्ट-रेलवे स्टेशन व प्रमुख बाजारों में सुरक्षा बढ़ाई गई

दिल्ली पुलिस सीसीटीवी के फुटेज से पता लगा रही है कि जिस कार में धमाका हुआ, वो कौन सी थी? उसका टाइमर कहां से ऑपरेट किया गया?



धमाके के बाद कई कारें जलकर खाक हो गईं, फायर ब्रिगेड की टीम द्वारा आग बुझाने के बाद मौके पर पड़ा मलबा।

## धमाके के बाद क्या हुआ?

- 10 से ज्यादा कारों के परखच्चे उड़े, तीन से ज्यादा बैट्री रिक्शे तबाह
- आसपास के कई घरों की खिड़कियों और गौरीशंकर व जैन मंदिर के शीशे चकनाचूर हो गए
- 30 से ज्यादा घायल एलएनजेपी अस्पताल में पहुंचाया गया
- 30 में से करीब 8 लोगों की हालत बेहद खराब
- दमकल की कई गाड़ियां और एंबुलेंस मौके पर मौजूद
- क्राइम ब्रांच, स्पेशल ब्रांच और फॉरेंसिक की टीमों ने जांच का मोर्चा संभाला
- ब्लास्ट की वजह से आस पास की स्ट्रीट लाइट भी टूट गईं
- चांदनी चौक मार्केट को बंद कर दिया
- लाल के आसपास के पूरे इलाके और सड़कों को बंद कर दिया गया है

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

एक बार फिर दिल्ली को निशाना बनाया। दिल्ली के लाल किला मेट्रो स्टेशन के पास सोमवार शाम 6 बजकर 52 मिनट पर एक बड़ा धमाका हो गया। धमाके में 11 लोगों की मौत हो गई है। जबकि 30 से ज्यादा घायल हुए हैं।

इनमें से 8 की हालत गंभीर है। यह धमाका मेट्रो स्टेशन के पास एक कार में हुआ है। जिसके बाद कार में आग लग गई। इस धमाके में आसपास की 11 से ज्यादा कारों के परखच्चे उड़ गए। तीन बैट्री रिक्शे तबाह हो गए। आसपास के कई घरों की खिड़कियों और गौरीशंकर व जैन मंदिर के शीशे चकनाचूर हो गए। 30 से ज्यादा घायल एलएनजेपी अस्पताल में पहुंचाया गया है। दमकल की कई गाड़ियां और एंबुलेंस मौके पर मौजूद हैं। क्राइम ब्रांच, स्पेशल ब्रांच और फॉरेंसिक की टीमों ने जांच का मोर्चा संभाल लिया है। दिल्ली पुलिस ने एक संदिग्ध को हिरासत में लिया है। लाल किला क्षेत्र दिल्ली के सबसे ज्यादा व्यस्त और घनी आबादी वाले इलाके में शामिल है। दिल्ली अग्निशमन विभाग के अनुसार लाल किला मेट्रो स्टेशन के गेट नंबर 1 के पास खड़ी एक कार में विस्फोट की सूचना मिली थी, जिसके बाद आसपास खड़ी तीन से चार गाड़ियां भी आग की चपेट में आ गईं और क्षतिग्रस्त हो गईं।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गृहमंत्री अमित शाह से बात की। शाह ने दिल्ली पुलिस कमिश्नर से पूरा ब्यौरा लेकर पीएम को ब्रीफ किया

चश्मदीदों ने बताया कि मारे गए कई लोगों के हाथ-पैर और शरीर के कई अंग क्षत-विक्षत इधर-उधर पड़े दिखे

### और अफरातफरी फैल गई

सूचना पर दमकल की कुल 10 गाड़ियां मौके पर पहुंचीं। सबने मिलकर आग पर काबू पाया गया। लेकिन, तब कर कई शरीरों के टुकड़े इधर-उधर बिखर गए थे। ऐसे में इन टुकड़ों को देखकर और धमाका सुनकर अफरातफरी का माहौल पैदा हो गया। विस्फोट के बाद दिल्ली में हाई अलर्ट जारी कर दिया गया है। मौत का आंकड़ा बढ़ भी सकता है। यह धमाका हाई इंटेंसिटी का था।

### जांच से पता लगेगा कि यह ब्लास्ट किस तरह का?

धमाका इतना तेज था कि वाहनों के परखच्चे उड़ गए। एक प्रत्यक्षदर्शी ने बताया कि मैं गुरुद्वारे में था जब मैंने एक तेज आवाज सुनी। हम समझ ही नहीं पाए कि वह क्या थी, वह इतनी तेज थी। आस-पास खड़े कई वाहन पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए। फोरेंसिक और टेक्निकल एक्सपर्ट मौके पर पहुच रहे हैं जो यह पता लगाएंगे कि आखिर यह ब्लास्ट किस तरह का है?

### हरियाणा पुलिस और जम्मू-कश्मीर पुलिस का संयुक्त ऑपरेशन ◀ देश में बड़े हमले की 'साजिश'.... फरीदाबाद में पकड़ी गई 'विस्फोट फैक्ट्री'

# 360 किलोग्राम 'विस्फोट' के बाद एक और घर से मिला 2550 किलो अमोनियम नाइट्रेट

आतंकियों के पास से अमोनियम नाइट्रेट, डेटोनेटर, गोला-बारूद और राइसिन जहर बनाने का सामान बरामद हुआ। डॉक्टर इस्लामिक स्टेट-खोरासान प्रांत से जुड़ा था और दिल्ली, लखनऊ और अहमदाबाद में हमले की साजिश रच रहा था

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

हरियाणा पुलिस और जम्मू-कश्मीर पुलिस के संयुक्त ऑपरेशन में फरीदाबाद से भारी मात्रा में विस्फोटक सामग्री और गोला-बारूद की बरामदगी के संबंध में एक डॉक्टर और एक मुस्लिम धर्मगुरु को गिरफ्तार किया गया है। यह गिरफ्तारी जम्मू-कश्मीर पुलिस द्वारा की जा रही जांच के दौरान हुई है। फरीदाबाद पुलिस कमिश्नर सतेंद्र कुमार गुप्ता ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया कि यह एक संयुक्त ऑपरेशन है जो हरियाणा और जम्मू-कश्मीर पुलिस के बीच चल रहा है।



डॉ. आदिल अहमद

इस मामले में दिल्ली, जम्मू कश्मीर, उत्तर प्रदेश, हरियाणा मप्र और गुजरात से कनेक्शन खंगाला जा रहा



आदिल के घर से खतरनाक हथियार बरामद हुए



फरीदाबाद में पुलिस आतंकी के ठिकाने की जांच करते हुए

### यह बरामद हुई सामग्री

*बरामद की गई सामग्री में एक असॉल्ट राइफल, तीन मैगजीन और 83 जिंदा कारतूस, एक पिस्टल, आठ जिंदा कारतूस, दो खाली मैगजीन, आठ बड़े और चार छोटे सूटकेस, और एक बाल्टी शामिल है, जिसमें से लगभग 360 किलोग्राम अमोनियम नाइट्रेट बरामद हुआ है। इसके अलावा, 20 टाइमर बैटरियां, 24 रिमोट, लगभग 5 किलोग्राम भारी धातु, वॉकी-टॉकी सेट, इलेक्ट्रिक तार, बैटरियां और अन्य संदिग्ध सामग्री भी जब्त की गई है। पुलिस ने स्पष्ट किया है कि यह आरडीएक्स नहीं है, बल्कि अमोनियम नाइट्रेट है। बरामद की गई राइफल एके-47 जैसी है, लेकिन उससे थोड़ी छोटी है।*

### आरोपी डॉक्टर ने यह सामान रखने किराए पर लिया था मकान

*पुलिस आयुक्त ने यह भी बताया कि गिरफ्तार किए गए आरोपी डॉ. मुज्जमिल फरीदाबाद की अल-फलाह यूनिवर्सिटी में पढ़ाते थे। यूपी के सहारनपुर से जम्मू-कश्मीर पुलिस ने आतंकी संगठन जैश-ए-मोहम्मद से संबंधों के चलते अनंतनाग के रहने वाले एक डॉक्टर आदिल अहमद को गिरफ्तार किया था। इसी कड़ी में कश्मीर पुलिस ने फरीदाबाद में किराए पर रह रहे डॉक्टर के कमरे में छापा मारा। बताया जा रहा है कि कश्मीरी डॉक्टर मुजाहिल शकील ने फरीदाबाद में किराए पर कमरा लिया था। आरोपी डॉक्टर यहां रहता नहीं था। उसने केवल सामान रखने के लिए कमरा लिया था। इस मामले में चार राज्यों जम्मू कश्मीर, उत्तर प्रदेश, हरियाणा और गुजरात से पूरे मामले का कनेक्शन खंगाला जा रहा है। श्रीनगर में पकड़े गए आरोपी प्रतिबंधित आतंकी संगठनों जैश-ए-मोहम्मद और अंसार गजवत-उल-हिंद से जुड़े थे। यह नेटवर्क शिक्षित और पेशेवर युवाओं से जुड़ा था और विदेशी संपर्कों के माध्यम से संचालित हो रहा था। जांच में पता चला कि यह समूह एन्क्रिप्टेड चैनलों के जरिए भर्ती, समन्वय, धन-संग्रह और लॉजिस्टिक्स का काम करता था। धनराशि पेशेवर और शैक्षणिक नेटवर्क के माध्यम से, सामाजिक या धर्मार्थ कारणों का बहाना बनाकर जुटाई जा रही थी। आरोपी आतंकवाद के लिए लोगों की पहचान कर, उन्हें कट्टर बनाने और हथियार/आइईडी बनाने के लिए सामग्री जुटाने के लिए काम करता था। जांच के दौरान श्रीनगर, अनंतनाग, गांदरबल, शोपियां, फरीदाबाद और सहारनपुर में संयुक्त तलाशी अभियान चलाया गया।*

## भाजपा ने किया पलटवार और शिकायत भी दर्ज कराई

# तेजस्वी ने मतदान से पहले लगाए गंभीर आरोप, कहा- पीएम मोदी बाहुबलियों के लिए वोट मांगते रहे और शाह यहां डेरा डाले रहे

एजेंसी ▶▶ पटना

पटना के पोलो रोड में दूसरे चरण के मतदान से पहले नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव सोमवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस की। उनके साथ सांसद मीसा भारती भी मौजूद रहीं। तेजस्वी यादव ने चुनाव आयोग से पूछा कि चुनाव में भाजपा शासित प्रदेशों से ही सुरक्षा बल क्यों बुलाई गई। 208 कंपनियां भाजपा शासित राज्य की लगाई गई हैं। 68% पुलिस ऑबजर्वर भाजपा शासित राज्यों से हैं। तेजस्वी ने सवाल पूछा कि बंगाल तमिलनाडु झारखंड की पुलिस क्यों नहीं मंगवाई गई। तेजस्वी यादव ने कहा कि, हम लोग विकास की बात कर रहे हैं। पीएम कट्टे की। पता नहीं वो कौन सा वेब सीरीज देख रहे हैं। पीएम ने आपराधिक छवि के लोगों के साथ मंच साझा किया। सृजन घोटाले के मुख्य आरोपी विपिन शर्मा से एयरपोर्ट पर मिले और पीठ थपथपाई। प्रधानमंत्री ने अनंत सिंह, हुलास पांडेय जैसे बाहुबलियों के लिए भी प्रचार किया। वहीं भाजपा ने इस मामले में तेजस्वी के आरोपों को मनगढ़ते बताते हुए निर्वाचन आयोग से शिकायत की है। हम चुनाव आयोग से कुछ सवाल पूछना चाहते हैं। समस्तीपुर में पर्चियां फेंकी मिली थीं। लोग डरे हुए हैं। घबराए हुए हैं। गृहमंत्री को कोई काम नहीं पटना में डेरा बनाए हुए हैं। कई बड़े-बड़े अधिकारियों को बुलाया गया है, निर्देश दिए गए हैं। कहां गड़बड़ी करनी है। चुनाव से पहले किन-किन लोगों को उठाना है। ये बताया जा रहा है। ये बौखलाहट बता रही है कि ये लोग जाने वाले हैं। हम लोगों की पैनी नजर है। ये सूचना हमें उन्हीं अधिकारियों से मिली है, जिन्हें ये निर्देश दिए गए हैं।

### पूछा-झारखंड पुलिस क्यों नहीं बुलाई

समस्तीपुर में पर्चियां मिलने का भी जिक्र

तेजस्वी का दावा बिहार बदलाव के मूड में



तेजस्वी प्रेस कान्फ्रेंस में आंकड़े दिखाते हुए।

### तेजस्वी ने कहा

**महागठबंधन सरकार बनने का दावा**

बिहार पूरी तरह से 20 साल की खटारा सरकार को बदलने के मूड में है। 14 नवंबर को नतीजे आएंगे। 18 को महागठबंधन की सरकार शपथ लेगी।

**जंगलराज वाली छवि सुधारने की बात**

सरकार बनने के बाद 26 नवंबर से 26 जनवरी के बीच बिहार के सभी अपराधी सलाखों के पीछे होंगे। प्रधानमंत्री ने बाहुबलियों के लिए प्रचार किया।

**आंकड़े छिपा रहा चुनाव आयोग**

पहले चरण का मतदान 6 नवंबर को हुआ और आज 10 नवंबर 4 दिन बाद भी आकड़े सार्वजनिक नहीं किए गए हैं कि कितने पुरुष और कितनी महिलाओं ने मतदान किया। कोई भी आधिकारिक आंकड़ा नहीं आया है। पहले भी मैन्युअली उसी दिन आंकड़ा सामने आता था और तकनीक का जमाना है फिर भी आंकड़ा क्यों छिपाया जा रहा है।

### राजद नेता ने लगाई वादों की झड़ी

बिहार विधानसभा चुनाव के प्रचार अभियान में राजद नेता तेजस्वी यादव ने कई बड़े वादे किए हैं। उन्होंने कहा कि अगर महागठबंधन की सरकार बनती है, तो 14 जनवरी को महिलाओं के खाते में 30 हजार रुपये भेजे जाएंगे। साथ ही जीविका दीदीयों का ब्याज माफ किया जाएगा और उन्हें 30 हजार रुपये की सहायता राशि दी जाएगी। तेजस्वी ने ओल्ड पेंशन स्कीम लागू करने, किसानों के लिए फ्री बिजली, और 'बेटी योजना' व 'मां योजना' शुरू करने का भी ऐलान किया। उन्होंने कहा कि राज्य में हर घर को सरकारी नौकरी देने की दिशा में काम किया जाएगा। कानून-व्यवस्था पर सख्त रुख अपनाते हुए तेजस्वी ने कहा कि लॉ एंड ऑर्डर के मामले में किसी तरह की ढिलाई बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

## डिप्टी सीएम का हेलिकॉप्टर खेसारी लाल के हेलीपैड पर लैंड करते-करते बचा



भागलपुर जिले के गोराडीह प्रखंड स्थित हाई स्कूल मुक्तापुर मैदान में रविवार दोपहर एक अजीब स्थिति पैदा हो गई थी। यहां कहलगांव विधानसभा सीट से राजद प्रत्याशी रजनीश भारती के समर्थन में भोजपुरी स्टार खेसारी लाल यादव की सभा आयोजित की जानी थी। इसके लिए मैदान में विशेष हेलीपैड बनाया गया था। करीब दोपहर 1 बजे, एक हेलिकॉप्टर वहां लैंड करने लगा। जब वह काफी नीचे उतर आया तो पायलट को एहसास हुआ कि यह हेलीपैड दरअसल राजद प्रत्याशी की सभा के लिए बनाया गया है। इसके बाद हेलिकॉप्टर ने बिना लैंड किए ही फिर से उड़ान भर ली। बाद में पता चला कि वह बिहार के डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी का हेलिकॉप्टर था, जिन्हें इसी समय गोराडीह के सालपुर पंचायत स्थित रायपुर गांव में जदयू प्रत्याशी शुभानंद मुकेश के पक्ष में जनसभा को संबोधित करना था।

### कर्नाटक पुलिस के जवान की हार्ट अटैक से मौत

कैमूर जिले के रामगढ़ थाना क्षेत्र से बड़ी खबर सामने आई है। विधानसभा चुनाव के दूसरे चरण की ड्यूटी में तैनात कर्नाटक पुलिस के हेड कॉन्स्टेबल राजकुमार की हार्ट अटैक से मौत हो गई है। जानकारी के अनुसार, कर्नाटक पुलिस की एक टीम चुनावी ड्यूटी के लिए रामगढ़ पहुंची थी। सभी जवानों को रामगढ़ हाई स्कूल परिसर में ठहराया गया था। शुक्रवार सुबह जब साथी जवानों ने राजकुमार को जगाने की कोशिश की, तो वे अचेत अवस्था में पाए गए। इसके बाद उन्हें तुरंत रामगढ़ रेफरल अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

### नतीजों के पहले ही अनंत सिंह के समर्थकों ने की जश्न की तैयारी

वैसे तो बिहार विधानसभा चुनाव के नतीजे 14 को आएंगे लेकिन अनंत सिंह के समर्थक अभी से जश्न की तैयारी करने लगे हैं। अनंत सिंह के समर्थक मोकामा और पटना में टेंट लगवा रहे हैं और सबके लिए खाने की तैयारी की जा रही है। अनंत सिंह के समर्थकों का अनुमान है कि नतीजे वाले दिन 25 से 30 हजार लोग जश्न के लिए जुटेंगे। जेडीयू उम्मीदवार अनंत सिंह के समर्थक केशव ने कहा, 14 नवंबर के लिए तैयारियां की जा रही हैं। हमें पूरा विश्वास है कि हम 30,000 से 35,000 वोटों की बढ़त से जीतेंगे। लेकिन इतना बड़ा आयोजन एक ही दिन नहीं हो सकता, इसलिए हम पहले से तैयारी कर रहे हैं। जब लोग हमारे पास आएंगे, तो हम उनके स्वागत की पूरी तैयारी कर रहे हैं। हमारा अनुमान है कि हमारे 25,000 से 30,000 कार्यकर्ता पूरे क्षेत्र से जुटेंगे।



### रविशंकर ने बताया राहुल गांधी की संगत का असर तेजस्वी पर हो गया है, होम वर्क नहीं करते

तेजस्वी यादव के आरोपों पर सांसद रविशंकर प्रसाद ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर कहा, 'विपक्ष इतना हताश हो जाएगा, इसकी उम्मीद नहीं थी। वो अभी से हारने के बहाने ढूंढ रहे हैं। बिहार में इंडस्ट्री नहीं लगाए जाने के आरोप पर कहा, तेजस्वी यादव पर राहुल गांधी की संगत का असर हो रहा है। राहुल की तरह वो भी अपना होमवर्क नहीं करते हैं। वहीं तेजस्वी यादव के आरोपों पर बिहार सरकार में मंत्री अशोक चौधरी ने कहा, ये चुनाव आयोग का फैसला है कि वो कहां से फोर्स बुलाता है। चुनाव आयोग उन जगहों से फोर्स मंगाता है, जहां अतिरिक्त बल है, जहां कोई तनाव नहीं है और फोर्स रिलैक्स हैं। जब आप हारने वाले होते हैं तो कहानियां गढ़ते हैं।

### बजट पूर्व बैठक में दिए सुझाव

## कृषि क्षेत्र में रिसर्च के लिए अधिक धनराशि पर जोर

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



कृषि विशेषज्ञों ने सोमवार को जलवायु परिवर्तन की बढ़ती चुनौतियों के बीच अनुसंधान कार्यों के लिए अधिक धनराशि के साथ कृषि क्षेत्र के लिए मजबूत नीतिगत समर्थन की मांग की। वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण की अध्यक्षता में आयोजित बजट-पूर्व परामर्श के दौरान, उद्योग और अनुसंधान संगठनों के एक दर्जन से अधिक कृषि विशेषज्ञों ने कृषि क्षेत्र की वृद्धि को मौजूदा स्तर से और बढ़ाने की आवश्यकता पर बल दिया। बैठक में कृषि सचिव देवेश चौधरी, भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के महानिदेशक एमएल जाट, कृषि अर्थशास्त्री और उद्योग जगत के अंशधारकों ने भाग लिया। सूत्रों के अनुसार, बैठक सकारात्मक रही, जिसमें प्रतिभागियों ने कृषि और संबद्ध क्षेत्र के सामने आने वाली प्रमुख चुनौतियों पर प्रकाश डाला और सरकार से प्राथमिकता के आधार पर उनका समाधान करने की मांग की।

### प्रसाद में जानवरों की चर्बी वाले मिलावटी घी होने का दावा

## तिरुपति लड्डू विवादः मिलावटी घी सप्लाई मामले में 50 लाख की मनी ट्रेल का हो गया बड़ा खुलासा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



तिरुपति मंदिर से जुड़े लड्डू विवाद में एक और चौंकाने वाला खुलासा हुआ है। लड्डू बनाने के लिए सप्लाई किए गए मिलावटी घी के सिलसिले में 50 लाख रुपये के मनी ट्रेल की बात सामने आई है। बता दें यह लड्डू हर साल मंदिर में आने वाले लाखों तीर्थयात्रियों, भक्तों और टूरिस्ट को प्रसाद के तौर पर बांटा जाता है। रिपोर्ट के अनुसार आंध्र प्रदेश की सत्ताधारी वायएसआर कांग्रेस पार्टी के लोकसभा सांसद और तिरुमला तिरुपति देवस्थानम (टीटीडी) के पूर्व चेयरमैन वायवी सुब्बा रेड्डी के पर्सनल असिस्टेंट कडूरु चिन्नप्पन्ना ने कथित तौर पर यह रकम यूपी की प्रीमियर एग्री फूड्स प्राइवेट लिमिटेड से जुड़े हवाला एजेंटों से कैश में ली थी।चिन्नप्पन्ना ने कथित तौर पर दिल्ली के एक एजेंट अमन गुप्ता से 20 लाख रुपए और बाकी रकम प्रीमियर एग्री फूड्स के सीनियर एग्जीक्यूटिव विजय गुप्ता से ली थी।

### डीयू से शिक्षा मंत्री ने किया आव्हान

## हर कक्षा में वंदे मातरम का सामूहिक गायन शुरू करें



**बोले-राष्ट्रीय गीत एक विकसित और समृद्ध भारत के निर्माण में मार्गदर्शक प्रकाश बनेगा**

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने सोमवार को दिल्ली विश्वविद्यालय के प्रत्येक कक्षा में वंदे मातरम का सामूहिक गायन शुरू करने की अपील की। उन्होंने कहा कि यह परंपरा न केवल प्रेरक होगी, बल्कि इसे जन-आंदोलन में भी बदल सकती है।

दिल्ली विश्वविद्यालय के रामजस कॉलेज में वंदे मातरम की 150वीं वर्षगांठ पर आयोजित कार्यक्रम में बोलते हुए उन्होंने कहा कि यह राष्ट्रीय गीत एक विकसित और समृद्ध भारत के निर्माण में मार्गदर्शक प्रकाश बनेगा। प्रधान ने कहा, हमारे युवा साथी वंदे मातरम का पूर्ण संस्करण गाएं और इसके भाव को आगे बढ़ाएं। दिल्ली विश्वविद्यालय इसकी भावना को जन-आंदोलन में बदलने में प्रमुख भूमिका निभा सकता है और इसे आने वाली पीढ़ियों से जोड़ सकता है। उन्होंने आगे कहा, विश्वविद्यालय की हर कक्षा में वंदे मातरम का सामूहिक गायन एक शक्तिशाली परंपरा बने। पहले हमने वंदे मातरम स्वतंत्रता के लिए गाया था, अब यही गीत विकसित भारत के निर्माण में हमारा मार्गदर्शन करेगा।

कार्यक्रम के दौरान मंत्री ने छात्रों के साथ वंदे मातरम का सामूहिक गायन किया और कहा कि यह क्षण बेहद प्रेरणादायक था। उन्होंने कहा, असंख्य देशभक्तों के संघर्ष और बलिदान से हमें 1947 में स्वतंत्रता मिली। वंदे मातरम उस राष्ट्रीय चेतना का उद्घोष था जिसने पूरे देश को एक सूत्र में बांध दिया।

### 1875 में हुई थी रचना

संस्कृति मंत्रालय के अनुसार, बंकिमचंद्र चटर्जी द्वारा रचित 'वंदे मातरम' की रचना 7 नवंबर 1875 को अक्षय नवमी के दिन मानी जाती है। यह पहली बार उनके उपन्यास 'आनंदमठ' के हिस्से के रूप में बंगदर्शन पत्रिका में प्रकाशित हुआ था, जिसे बाद में 1882 में पुस्तक के रूप में जारी किया गया। यह गीत मातृभूमि को शक्ति, समृद्धि और दिव्यता के प्रतीक के रूप में प्रस्तुत करता है और देश की एकता व आत्मसम्मान की भावना को कवितामय रूप देता है। यह स्वतंत्रता संग्राम के दौरान राष्ट्रभक्ति का प्रतीक बन गया। 24 जनवरी 1950 को संविधान सभा के अध्यक्ष डॉ. राजेंद्र प्रसाद ने घोषणा की थी कि वंदे मातरम, जिसने स्वतंत्रता संग्राम में ऐतिहासिक भूमिका निभाई, उसे राष्ट्रगान "जन गण मन" के समान सम्मान प्राप्त होगा।

'भारत पर्व' में दमकता मध्यप्रदेश




नरेन्द्र मोदी, प्रधानमंत्री

डॉ. मोहन यादव का अभ्युदय मध्यप्रदेश

अखंड भारत के शिल्पकार, राष्ट्र की एकता के प्रतीक
लौहपुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती के अवसर पर
स्टैच्यू ऑफ यूनिटी, एकता नगर में
एक भारत श्रेष्ठ भारत
की भावना को समर्पित आयोजन

'अमृतस्य मध्यप्रदेश'

11 नवम्बर, 2025
केवड़िया, गुजरात



डॉ. मोहन यादव, मुख्यमंत्री

भव्य सांस्कृतिक प्रस्तुतियां
तराना - भारतीय शास्त्रीय नृत्यों का कार्यक्रम
शिव पर आधारित नृत्य एवं महाकाल सवारी
टेक्सटाइल शो - समृद्ध वस्त्र परंपराओं का प्रदर्शन
विभिन्न लोकनृत्यों की प्रस्तुति
नर्मदा आरती

हस्तशिल्प कलाओं का प्रदर्शन
प्रदेश की समृद्ध पारंपरिक हस्तकलाओं एवं
शिल्प प्रदर्शनी तथा विक्रय

स्टूडियो किचन
बिखरेगी मध्यप्रदेश के व्यंजनों की महक और स्वाद

मध्यप्रदेश शासन

D-11136/25

जबलपुर
मंगलवार, 11 नवंबर 2025
अगहन मास कृष्ण पक्ष-7
वर्ष : 20, अंक : 193
पृष्ठ : 14 मूल्य : 3.00 *


मौसम
अधि. 26
न्यून. 09

# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com



8 शटडाउनः अमेरिकी व्यवस्था की कमजोरी

मैट्रो 14 15 दिनों से डुंगरिया और आसपास ...



मतदान के दूसरे चरण की तैयारियों में जुटे मतदान कर्मचारी

बिहार में आज अंतिम चरण का मतदान

# 122 सीटों पर 3.7 करोड़ मतदाता चुनेंगे अगली सरकार

## 1,302 उम्मीदवारों की किस्मत का होगा फैसला

एजेंसी ▶▶ पटना

बिहार विधानसभा चुनाव 2025 अपने सबसे महत्वपूर्ण पड़ाव पर पहुंच गया है। मंगलवार 11 नवंबर को राज्य में दूसरे और अंतिम चरण का मतदान होगा, जिसके बाद 243 सदस्यीय विधानसभा चुनाव में वोटिंग की प्रक्रिया संपन्न हो जाएगी।

पहले चरण में 65% के भारी मतदान के बाद अब दूसरे चरण में भी बंपर वोटिंग की उम्मीद की जा रही है। दूसरे चरण में 20 जिलों की 122 विधानसभा सीटों पर वोट डाले जाएंगे। सभी सीटों के लिए वोटों की गिनती 14 नवंबर को होगी। दूसरे चरण में जिन 20 जिलों में मतदान होगा उनमें पश्चिमी चंपारण, पूर्वी चंपारण, सीतामढ़ी, शिवहर, मधुबनी, सुपौल, अररिया, किशनगंज, पूर्णिया, कटिहार, भागलपुर, बांका, जमुई, नवादा, गया, औरंगाबाद, जहानाबाद, अरवल, कैमूर और रोहतास शामिल हैं।

## 45,399 बूथों पर अर्द्धसैनिक बलों के जवान तैनात रहेंगे

मतदान केंद्रों पर तीन लेयर में सुरक्षा की व्यवस्था रहेगी। केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल की लगभग 500 कंपनियां (लगभग 50,000) बिहार में चुनाव-पूर्व ड्यूटी पर तैनात थीं और बाद में, सीएपीएफ की 500 और कंपनियां राज्य में पहुंचीं। दूसरे राज्यों से आई रिजर्व बटालियनों के लगभग 2,000 जवान, बिहार विशेष सशस्त्र पुलिस के 30,000 जवान, 20,000 से ज्यादा होमगार्ड, लगभग 19,000 नए भर्ती हुए कॉन्स्टेबल और लगभग 1.5 लाख चौकीदार (ग्रामीण पुलिस) भी दोनों चरणों के लिए चुनाव ड्यूटी पर तैनात हैं।



### इंडो-नेपाल सीमा सील

मतदान से 72 घंटे पहले इंडो-नेपाल सीमा को पूरी तरह से सील कर दिया गया है, ताकि सीमा पार से किसी भी तरह की अवैध गतिविधियों, शराब या नकदी के आवागमन पर रोक लगाई जा सके।





हरिभूमि सहेली आज के अंक के साथ

मोहन कैबिनेट का अहम फैसला

250 रुपए बढ़ोतरी के मसौदे को मिली मंजूरी

# 1.26 करोड़ लाड़ली बहनों को इसी महीने से 1500 रुपए मिलेंगे



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने अपने वादे के मुताबिक 1.26 करोड़ लाड़ली बहनों को लाड़ली बहना योजना में बढ़ोतरी की सौगात दी है। अभी तक लाड़ली बहनों को 1250 रुपए मासिक मिलते थे, किंतु इसी महीने से 250 रुपए बढ़ोतरी के अब 1500 रुपए मिलना शुरू हो जाएंगे। मप्र कैबिनेट की बैठक में 250 रुपए बढ़ोतरी के मसौदे को मंजूरी दे दी गई। इस पर इस वर्ष से करीब 20,450 करोड़ रुपए से अधिक राशि खर्च करेगी। मप्र कैबिनेट की बैठक सोमवार को मंत्रालय में हुई। बैठक की अध्यक्षता मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने की।

बैठक में मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना के तहत दी जाने वाली मासिक आर्थिक सहायता राशि 1250 रुपए में वृद्धि कर 1500 रुपए किए जाने की स्वीकृति दी गई। लाड़ली बहनों को मार्च 2023 से 1000 रुपए मासिक आर्थिक सहायता राशि के साथ योजना शुरू की गई थी। सितंबर 2023 से इसे बढ़ाकर 1,250 रुपए कर दिया गया। मुख्यमंत्री ने भाई दूज से इसे बढ़ाकर 1500 रुपए करने का वादा किया था। इस योजना में 250 रुपए की वृद्धि किए जाने पर वित्तीय वर्ष 2025-26 में 1,793 करोड़ 75 लाख रुपए के अतिरिक्त बजट की जरूरत होगी। वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए 20,450 करोड़ 99 लाख रुपए का संभावित व्यय होगा।

मुख्यमंत्री ने भाई दूज से इसे बढ़ाकर 1500 रुपए करने का किया था वादा



कैबिनेट बैठक में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव सहित कैबिनेट मंत्री

**आज स्टैच्यू ऑफ यूनिटी केवड़िया में मनाया जाएगा मध्यप्रदेश दिवस**

**मुख्यमंत्री अपने कैबिनेट के साथ होंगे शामिल**

**भारत पर्व 2025 में मप्र की संस्कृति, पर्यटन और स्वाद का होगा अद्भुत संगम**

## मोहन कैबिनेट आज केवड़िया गुजरात में रहेगी

लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की 150 वीं जयंती के अवसर पर स्टेच्यू ऑफ यूनिटी केवड़िया गुजरात में 1 से 15 नवंबर तक भारत पर्व का आयोजन शुरू हुआ है। यह आयोजन मुख्यमंत्री डॉ. यादव के विशिष्ट आतिथ्य में भारत पर्व 2025 के तहत मंगलवार 11 नवंबर को गुजरात के केवड़िया में मप्र दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा। इसमें मप्र से कैबिनेट के सभी सदस्यों को पहुंचने का आग्रह किया गया है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने भी कैबिनेट की अनौपचारिक बैठक में सभी मंत्रियों से इस कार्यक्रम में पहुंचने की अपील की। उन्होंने कहा कि आयोजन का उद्देश्य एक भारत श्रेष्ठ भारत के ध्येय को दृष्टिगत रखते हुए देश की विविधता में एकता को प्रदर्शित करना है।

### स्टूडियो किचन में मध्यप्रदेश का स्वाद

मप्र पर्यटन विकास निगम (एमपीएसटीडीसी) की ओर से केवड़िया में स्टूडियो किचन की विशेष प्रस्तुति दी जा रही है, जिसमें प्रदेश के पारंपरिक और प्रादेशिक व्यंजन लाइव तैयार कर परोसे जाएंगे। यह प्रस्तुति फ्लेवर्स फ्रॉम द हार्ट ऑफ इंडिया की थीम पर आधारित है। बुंदेलखंड क्षेत्र का खट्टा-तीखा छाछ पर आधारित पेय सन्नाटा, डिंडोरी क्षेत्र का पारंपरिक सूप कंगनी दाल का शोरबा, मालवा का प्रसिद्ध स्नैक भुट्टे की कीस आदि।

### सांस्कृतिक प्रस्तुति 'अमृतस्य मध्यप्रदेश'

संस्कृति विभाग की ओर से प्रसिद्ध नृत्य संयोजिका मैत्रीय पहाड़ी एवं समूह की ओर से अमृतस्य मप्र शीर्षक से एक भव्य नृत्य प्रस्तुति दी जाएगी। यह प्रस्तुति दर्शकों को मप्र की प्राचीन सभ्यता, भक्ति, प्रेम और प्रकृति की लय से जोड़ती है। इस नृत्यगाथा की शुरुआत भीमबेटका की गुफाओं से होती है, जहां मानव सभ्यता की प्रथम झलक दिखाई देती है। आगे खजुराहो के मंदिरों की मूर्तिकला, सांची के स्तूपों की शांति, और चित्रकूट की पवित्र भूमि के भावनात्मक दृश्यों को नृत्य के माध्यम से अभिव्यक्त किया गया है।

सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार से मांगा जवाब

# महिलाओं के लिए 33% आरक्षण लागू करने सुप्रीम कोर्ट में याचिका

याचिका को संविधान (106वां संशोधन) अधिनियम, 2023 में नारी शक्ति वंदन अधिनियम जोड़ा गया



हरिभूमि न्यूज ▶▶ जबलपुर

सुप्रीम कोर्ट में एक जनहित याचिका दायर कर नारी शक्ति वंदन अधिनियम यानी लोकसभा और राज्य विधानसभाओं में महिलाओं के लिए 33% आरक्षण लागू करने की मांग की गई है। याचिका में उस प्रावधान को चुनौती दी गई है, जिसमें यह अंकुश लगाया गया है कि यह अधिनियम अगली जनगणना और उसके बाद लोकसभा व विधानसभाओं का परिसीमन होने के बाद लागू किया जाएगा। यह परिसीमन 2029 तक पूरा होना है। मामले पर प्रारंभिक सुनवाई के बाद जस्टिस बीवी नागरथना और जस्टिस आर महादेवन की खंडपीठ ने केन्द्रीय विधि एवं गृह मंत्रालय को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है।

### कानून को लागू करना कार्यपालिका के अधिकारः जस्टिस नागरत्ना

जस्टिस नागरत्ना ने कहा कि किसी कानून को लागू करना कार्यपालिका के अधिकार क्षेत्र में आता है। वरिष्ठ अधिवक्ता ने स्पष्ट किया कि हम यह नहीं कह रहे कि अदालत इसे तुरंत लागू करने का आदेश दे। हमारा केवल इतना कहना है कि इसे भविष्य की किसी अनिश्चित प्रक्रिया पर निर्भर नहीं किया जाना चाहिए, क्योंकि यह प्रक्रिया कब शुरू और पूरी होगी, कोई नहीं जानता। दलील दी गई कि संसद ने जब एक-तिहाई आरक्षण का प्रावधान किया, तब यह मानकर चलना चाहिए कि वैज्ञानिक डेटा पहले से उपलब्ध था।


## खबर संक्षेप

### नया आधार एप लॉन्च लोगों को मिलेगी सुविधा



**नई दिल्ली।** आधार कार्ड एक प्रकार से हमारी पहचान के रूप में काम आता है। भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण ने नया आधार एप लॉन्च किया है। इस नए एप के जरिए अब लोगों को अपने आधार को डिजिटल रूप से सुरक्षित रखने, शेयर करने और वेरीफाई करने की सुविधा मिलेगी।

### डीएलसी अभियान 4.0 देशभर में शुरू



**नई दिल्ली।** कार्मिक, लोक शिकायत एवं पेंशन मंत्रालय की ओर से 1 से 30 नवंबर तक चलाए जा रहे राष्ट्रव्यापी डीएलसी अभियान 4.0 के तहत 11 नवंबर 2025 को चेन्नई में तांबरम स्थित एयरफोर्स ऑडिटोरियम में एक मेगा कैंप का आयोजन किया जाएगा।

### मुरैना के युवक ने दिल्ली में की आत्महत्या



**मुरैना।** 35 वर्षीय युवक ने सोमवार सुबह दिल्ली के जंतर-मंतर पर खुद को गोली मारकर सुसाइड कर लिया। वह छह साल से बड़ी बहन को अनुकंपा नौकरी नहीं मिलने से परेशान था। रविवार दोपहर तक वह अंबाह के अपने घर में था। शाम को दिल्ली के लिए रवाना हुआ।

बंद घर से निकली जहरीली गैस

### दरवाजा तोड़ने पर निकली केमिकल निर्माण की फैक्ट्री

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मैहर



■ लैब भेजे सेंपल कई सालों से बंद था घर

जिले के कुम्हारी गांव में सोमवार दोपहर एक बंद पड़े घर से अचानक जहरीली गैस से हड़कंप मच गया। आसपास के ग्रामीणों को आंखों में तेज जलन, सिरदर्द और सांस लेने में परेशानी होने लगी। सूचना मिलते ही अमरपाटन पुलिस, बम डिस्पोजल स्क्वॉड, फोरेंसिक टीम और प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुंचे।

विदिशा में किसान हादसे का शिकार

### रोटावेटर मशीन में पिसा युवक शरीर के हुए टुकड़े-टुकड़े

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा



■ मशीने में कपड़ा फंसने से हुआ हादसा

सिरोंज के देवीटोरी गांव में खेत जोत रहा 30 वर्षीय किसान ट्रैक्टर में लगे रोटावेटर में फंसकर जिंदा पिस गया और चंद सेकंड में उसका शरीर टुकड़े-टुकड़े हो गया। हादसे की वीभत्सता का अंदाजा इस बात से लगा सकते हैं कि पुलिस ने जब मशीन खोलकर उसका शव निकाला तो वह दर्जन भर टुकड़ों में निकालना पड़ा।

सागर में उल्टी-दस्त के कई मामले

### गर्भवती महिला और 4 साल के बच्चे की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सागर



■ जलस्रोतों में दवा छिड़काव किया गया

जिले के देवरी जनपद की गुगवारा ग्राम पंचायत के पड़रई गांव में उल्टी-दस्त फैलने से ग्रामीणों में हड़कंप मच गया है। गांव में कई लोग बीमार हो गए हैं, जिनमें से दो लोगों की मौत हो चुकी है। 11 बीमार लोगों को देवरी और सागर जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उल्टी-दस्त से पीड़ित 4 वर्षीय कृष्णा और 28 वर्षीय मनीषा को अस्पताल लाया गया। जहां इलाज के दौरान दोनों की मौत हो गई। मनीषा गर्भवती थी। गांव में लगातार नए मरीज सामने आने पर स्वास्थ्य विभाग की टीम तुरंत सक्रिय हुई।

सबसे ठंडे शहडोल में पारा 7.2 डिग्री, छह जिले 9 डिग्री के नीचे

## शीतलहर के बीच कोहरा गहराया, दतिया ग्वालियर में 'विजिबिलिटी' 500 मीटर



राजधानी की करोंद मंडी ब्रिज- 1, रात 9:30 बजे कोहरे का दृश्य

*भोपाल सहित चार जिलों में लगातार तीसरे दिन सीवियर कोल्ड वेव रही*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी में पश्चिमी मध्य प्रदेश में सोमवार को लगातार तीसरे दिन कड़ाके की सर्दी रही। भोपाल, राजगढ़, इंदौर और शहडोल में तीसरे दिन भी सीवियर कोल्ड वेव का असर रहा। रीवा, छिंदवाड़ा, मलाजखंड और बैतूल जिलों में शीतलहर चली। भोपाल में रात का पारा दशमलव 8 डिग्री बढ़कर 8.8 डिग्री रहा, जो नॉर्मल से 7.5 डिग्री कम है। कई जिलों में सोमवार से शीतलहर के साथ घने कोहरे का असर भी बढ़ने लगा है। दतिया और ग्वालियर में सुबह घना कोहरा रहा।

10 दिन पहले भी अस्पताल किया था उनको भर्ती


## अभिनेता धर्मेंद्र की हालत नाजुक ब्रीच कैंडी अस्पताल में हुए भर्ती

परिजनों ने कहा- वे वेंटिलेटर पर नहीं आईसीयू में

एजेंसी ▶▶ मुंबई

हिंदी सिनेमा के दिग्गज अभिनेता धर्मेंद्र (89) की तबीयत फिर खराब हो गई है। इस बार उनकी हालत नाजुक है। उनको ब्रीच कैंडी अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

10 दिन पहले भी उनको उम्र से जुड़ी परेशानियों के चलते अस्पताल में भर्ती कराया गया था। पहले खबर थी कि वे वेंटिलेटर पर हैं। बाद में, परिजनों ने कहा कि वे आईसीयू में हैं। वे भारतीय हिंदी सिनेमा के ही-मैन के नाम से मशहूर हैं। मार्च के आखिर में धर्मेंद्र की आंखों की ग्राफ्ट सर्जरी हुई थी। तब अभिनेता ने कहा था-अभी बहुत दम है। अभी भी बहुत जान है। मैं बहुत मजबूत हूं। धर्मेंद्र अभी भी हिंदी फिल्मों में सक्रिय हैं। 'रॉकी और रानी की प्रेम कहानी' के बाद एक बार फिर धर्मेंद्र बड़े पर्दे पर नजर आने वाले हैं। वह दिनेश विजन की अपकमिंग मूवी इक्कीस में भी हैं। फिल्म 25 दिसंबर 2025 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। अभिनेता के करीबी दोस्त अवतार गिल ने कहा कि उन पर दवाइयों का असर भी नहीं हो रहा।



धर्मेंद्र

नई शुरुआत : सीएम ने रीवा-नई दिल्ली विमान सेवा का किया शुभारंभ

## विंध्य वाले भी कहेंगे अब दिल्ली 'दूर' नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि मप्र ने एविएशन क्षेत्र में पूरे देश में अग्रणी स्थिति बनाई है। रीवा-दिल्ली-रीवा विमान सेवा से विंध्य क्षेत्र के विकास के नए द्वार खुल रहे हैं। एक समय जिस क्षेत्र में रेल नहीं मिलती थी, वहां से विमान सेवा शुरू हो रही है। पहले रीवा से दिल्ली जाने में करीब 15 घंटे का समय लगता था।

सीएम डॉ. यादव ने कहा कि रीवा-दिल्ली विमान सेवा से विंध्य क्षेत्र में खुलेंगे विकास के नए द्वार



सीएम ने वर्चुअल शुभारंभ किया

### देवतालाब के भोलेनाथ और चित्रकूट के भगवान श्रीराम का स्मरण

मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम के शुभारंभ में देवतालाब के भोलेनाथ स्वयं-भू महामृत्युंजय शिवजी और चित्रकूट के भगवान श्रीराम का स्मरण करते हुए कहा कि मां शारदा भवानी की कृपा से विंध्य को यह सौगात मिली है, यह पूरे मप्र के लिए गौरव का विषय है। सभी प्रदेशवासी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आभारी हैं। प्रधानमंत्री ने पिछले साल ही रीवा एयरपोर्ट का उद्घाटन किया था।

### अलायंस एयर संचालित करेगा रीवा दिल्ली विमान सेवा

रीवा-दिल्ली हवाई सेवा मप्र विमानन नीति-2025 के तहत वीजीएफ प्रावधानों से वित्त पोषित है। यह हवाई सेवा अलायंस एयर की ओर से संचालित की जाएगी। रीवा हवाई अड्डे का उद्घाटन के समय अब उसी-आईएफआर श्रेणी के हवाई अड्डों में शामिल है।



**खबर संक्षेप**

## ब्रिटिश एयरवेज के प्लेन में बम की झूठी धमकी



**नई दिल्ली।** लंदन से हैदराबाद आने वाली ब्रिटिश एयरवेज की फ्लाइट को सोमवार सुबह बम की धमकी वाला ईमेल मिला। जांच के बाद यह धमकी झूठी निकली। फ्लाइट में 200 से ज्यादा यात्री सवार थे। यह विमान सुबह करीब 5:30 बजे राजीव गांधी इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर सुरक्षित उतरा। एयरपोर्ट पर ईमेल मिलते ही सीआईएसएफ और पुलिस ने पूरी जांच की, लेकिन कुछ भी संदिग्ध नहीं मिला। पुलिस ने कहा कि धमकी फर्जी थी। इस मामले में केस दर्ज कर लिया गया है ।

## डोनाल्ड ट्रंप हर अमेरिकी को 1.7 लाख देंगे



**वॉशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा ट्रुथ सोशल पर पोस्ट कर दावा किया कि टैरिफ से अरबों डॉलर की कमाई हो रही है। उन्होंने कहा कि इस कमाई से अमीरों को छोड़कर हर अमेरिकी नागरिक को 2,000 डॉलर (करीब 1.7 लाख रुपए) का 'डिविडेंड' मिलेगा। ट्रंप ने पोस्ट में टैरिफ के आलोचकों को 'मूर्ख' करार दिया। उन्होंने कहा, 'टैरिफ के खिलाफ बोलने वाले लोग मूर्ख हैं। हमारी सरकार ने अमेरिका को दुनिया का सबसे अमीर और सम्मानित देश बना दिया है।

## पहाड़ से गिरकर बीएसएफ पोर्टर की मौत



**जम्मु कश्मीर।** पुंछ जिले की मंडी तहसील में नियंत्रण रेखा पर दो हादसे हुए, जिसमें एक बीएसएफ पोर्टर पहाड़ से गिरकर घायल हो कर दम तोड़ दिया और एक सेना का जवान बारूदी सुरंग के विस्फोट में घायल हुआ। जम्मू-कश्मीर के पुंछ जिले में नियंत्रण रेखा (एलओसी) के पास सोमवार को दो अलग-अलग घटनाओं में एक बीएसएफ पोर्टर की मौत हो गई, जबकि एक सेना का जवान गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना की सूचना मिलते ही बीएसएफ के जवानों ने मौके पर पहुंचकर शव को बाहर निकाला और पोस्टमार्टम के लिए स्थानीय अस्पताल भेज दिया।

# आत्मनिर्भर भारत का प्रतीकः थल सेना, नौसेना और वायुसेना के संयुक्त अभ्यास त्रि-सेवा अभ्यास 2025 का हुआ सफल आयोजन

**यह अभ्यास भारत की सुरक्षा और तैयारियों को मजबूत करने का प्रतीक**

30 हजार सैनिकों ने अभ्यास में भाग लिया तीनों सेनाओं द्वारा संयुक्त अभ्यास किया

ड्रोन साइबर, खुफिया और हवाई रक्षा जैसे क्षेत्रों को शामिल किया गया

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत की तीनों सेनाओं ने मिलकर त्रि-सेवा अभ्यास 2025' का सफल आयोजन किया। अभ्यास को आत्मनिर्भर भारत की भावना का प्रतीक माना जा रहा है। सोमवार को नौसेना ने जानकारी देते हुए बताया कि इस बेहद महत्वपूर्ण सैन्य अभ्यास में भारतीय नौसेना के लगभग 20 से 25 सतही और पनडुब्बी जैसे संसाधन शामिल रहे। इनमें कई युद्धपोत भी शामिल थे। भारतीय थलसेना ने 30,000 से अधिक सैनिकों, हथियार प्रणालियों और उपकरणों के साथ अपनी सामरिक तैयारी और क्षमता को प्रदर्शित किया।

बता दें कि भारतीय थल सेना, नौसेना और वायुसेना ने ये संयुक्त अभ्यास किया था। भारत की तीनों सेनाओं द्वारा यह संयुक्त अभ्यास राजस्थान, गुजरात और उत्तरी अरब सागर के विस्तृत क्षेत्रों में हुआ। सैन्य अभ्यास में जटिल युद्ध परिस्थितियों और बहु-क्षेत्रीय समन्वित अभियानों का प्रदर्शन किया गया। नौसेना के मुताबिक इस अभ्यास के माध्यम से तीनों सेनाओं के बीच संचालनिक तालमेल, एकीकृत युद्ध रणनीतियों और संयुक्त मानक कार्यप्रणालियों (एसओपी) का परीक्षण एवं सत्यापन किया गया। इसके साथ ही, भारतीय तटरक्षक बल, सीमा सुरक्षा बल और अन्य केंद्रीय एजेंसियों की सक्रिय भागीदारी ने अंतर-एजेंसी समन्वय और संयुक्तता को और अधिक सशक्त बनाया।



*भारत की तीनों सेनाओं का त्रि-सेवा महा-अभ्यास 'त्रिशूल' किया गया।*

### 40 से अधिक विमानों ने शक्ति प्रदर्शन किया

वायुसेना के 40 से अधिक विमानों व भारतीय थलसेना के 30,000 से ज्यादा सैनिकों ने इस अभ्यास में हिस्सा लिया। नौसेना के आधुनिक प्लेटफार्मों के साथ ही भारतीय वायुसेना ने 40 से अधिक विमानों और संबंधित ग्राउंड-बेस्ड सिस्टम्स के साथ यहां अपनी शक्ति का प्रदर्शन किया है।



### अभ्यास का अंतिम चरण सौराष्ट्र तट पर होगा

गौरतलब है कि इस महा-अभ्यास का अंतिम चरण सौराष्ट्र तट पर होगा, जिसमें सैन्य-जल आधारित संयुक्त अभियान का आयोजन किया जाएगा। इसमें समुद्र तट पर उतराई (बीच लैंडिंग) के अभ्यास शामिल हैं। यह चरण भूमि, समुद्र और हवा में पूर्ण एकीकरण और बहु-क्षेत्रीय सामरिक क्षमताओं का परीक्षण करेगा। इसके अलावा अंत में रक्षा मंत्रालय ने इस बात पर भी जोर दिया कि अभ्यास 'त्रिशूल' भारतीय सेना के 'दशक परिवर्तन' योजना के तहत भी एक परीक्षण मंच का काम करता है।

### दक्षिण कमांड की रही भागेदारी

रक्षा मंत्रालय के अनुसार साउदर्न कमांड इस अभ्यास में सक्रिय भाग ले रही है। इसका मकसद भूमि, समुद्र और हवा में पूर्ण एकीकरण को परखना है और 'साझेदारी, आत्मनिर्भरता और नवाचार' के सिद्धांत को व्यवहार में लाना है। साथ ही थार रेगिस्तान में, साउदर्न कमांड की इकाइयां 'मरुज्वाला' और 'अखंड प्रहार' अभ्यासों के माध्यम से संयुक्त संचालन, गतिशीलता और आग की शक्ति के एकीकरण का परीक्षण कर रही हैं। ये अभ्यास यथार्थ परिस्थितियों में सेना की युद्ध क्षमता को परखने में मदद करते हैं।

*रक्षामंत्री ने कहा-तकनीकी आत्मनिर्भरता की दिशा में एक निर्णायक कदम*

# राजनाथ सिंह ने डीपीएसयू भवन का किया शुभारंभ, तीन अहम एमओयू पर हुए हस्ताक्षर

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने सोमवार को अत्याधुनिक डीपीएसयू भवन का उद्घाटन किया और आत्मनिर्भरता तथा सहयोग की भावना को सशक्त बनाने के उद्देश्य से रक्षा सार्वजनिक उपक्रमों के बीच तीन महत्वपूर्ण समझौतों पर हुए हस्ताक्षरों की अध्यक्षता की। इस अवसर पर उन्होंने चार रक्षा सार्वजनिक उपक्रमों को मिनीरत्न का दर्जा प्राप्त होने पर सम्मानित भी किया। बता दे कि कार्यक्रम के दौरान हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड और भारत डायनेमिक्स लिमिटेड ने यंत्र इंडिया लिमिटेड के साथ दो एमओयू पर हस्ताक्षर किए।

इन समझौतों का उद्देश्य बिल के आधुनिकीकरण को सहयोग देना और 10,000 टन क्षमता वाले फॉर्जिंग प्रेस संयंत्र की स्थापना करना है, जो रक्षा और एयरोस्पेस क्षेत्रों में उपयोग होने वाले एल्युमिनियम अलॉय की आयात निर्भरता को कम करने की दिशा में अहम कदम है। एचएएल ने वायआईएल को 435 करोड़ रुपए का ब्याज-मुक्त अग्रिम देने की प्रतिबद्धता जताई है, जबकि (भारत डायनेमिक्स लिमिटेड) बीडीएल अगले दस वर्षों में 3,000 मीट्रिक टन तक के सतत कार्यभार की आपूर्ति करेगा। तीसरा एमओयू एमआईडीएचएएनआई में मेटल बैंक की स्थापना के लिए किया गया, ताकि राष्ट्रीय महत्व की रक्षा परियोजनाओं के लिए आवश्यक कच्चे माल की निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित की जा सके।

समझौतों का उद्देश्य बिल के आधुनिकीकरण को सहयोग देना

रक्षा मंत्री ने की 16 डीपीएसयू के वार्षिक प्रदर्शन की समीक्षा




नई दिल्ली में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह अत्याधुनिक डीपीएसयू भवन का उद्घाटन करते हुए।

**इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड को 100 प्रतिशत ऊर्जा प्राप्त करने पर किया सम्मानित**

*रक्षा मंत्री ने सभी डीपीएसयू से अपील की कि वे महत्वपूर्ण तकनीकों के तीव्र स्वदेशीकरण, समग्र आरएंडडी, उत्पाद गुणवत्ता सुधार, समयबद्ध डिलीवरी और निर्यात वृद्धि पर ध्यान दें। उन्होंने निर्देश दिया कि डीपीएसयू स्पष्ट आरएंडडी और इंडिजेनाइजेशन रोडमैप तैयार करें, जिनके परिणाम अगले समीक्षा बैठक में प्रस्तुत किए जाएं। कार्यक्रम के अंत में उन्होंने इंडिया ऑप्टेल लिमिटेड और भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड को 100 प्रतिशत हरित ऊर्जा उपयोग प्राप्त करने पर सम्मानित किया।*

## उत्पादन से स्वदेशी डिजाइन और विकास की दिशा में बदलाव संभव

रक्षा मंत्री ने इस अवसर पर कई आरएंडडी पहल भी शुरू कीं, जिनमें एचएएल आरएंडडी मैनुअल प्रमुख है। इसका उद्देश्य अनुसंधान और विकास तंत्र को डिजिटलीकरण, बौद्धिक संपदा सृजन और भारतीय शैक्षणिक संस्थानों के साथ सहयोग के माध्यम से मजबूत करना है। डीपीएसयू का आरएंडडी रोडमैप मौजूदा और भविष्य की रणनीतियों को एकीकृत करता है, जिससे लाइसेंस आधारित उत्पादन से स्वदेशी डिजाइन और विकास की दिशा में बदलाव संभव हो सके यह रक्षा क्षेत्र में तकनीकी आत्मनिर्भरता की दिशा में एक निर्णायक कदम है। वही रक्षा मंत्री ने नव उद्घाटित डीपीएसयू भवन, वर्ल्ड ट्रेड सेंटर, नौरोजी नगर में सभी रक्षा सार्वजनिक उपक्रमों की व्यापक समीक्षा बैठक की अध्यक्षता भी की।

### विलय करने की स्वतंत्रता मिलेगी

बैठक में चार डीपीएसयू म्यूनिशन इंडिया लिमिटेड , आर्मर्ड व्हीकल्स निगम लिमिटेड, इंडिया ऑप्टेल लिमिटेड और हिंदुस्तान शिपयार्ड लिमिटेड को मिनीरत्न (श्रेणी-1) का दर्जा मिलने पर सम्मानित किया गया। रक्षा मंत्री ने कहा कि मिनीरत्न का दर्जा मिलने से इन उपक्रमों को क्षमता विस्तार, आधुनिकीकरण और नए उपक्रमों व साझेदारियों चाहे सार्वजनिक हों या निजी के साथ संयुक्त उपक्रम या विलय करने की स्वतंत्रता मिलेगी।

### भारत ने 1.51 लाख करोड़ का रक्षा उत्पादन किया

सभा को संबोधित करते हुए राजनाथ सिंह ने कहा, हमारे सभी 16 डीपीएसयू देश की आत्मनिर्भरता के मजबूत स्तंभ हैं। ऑपरेशन सिंदूर जैसी अभियानों में उनकी उत्कृष्ट भूमिका हमारे स्वदेशी प्लेटफॉर्म्स की विश्वसनीयता और क्षमता का प्रमाण है। उन्होंने बताया कि वर्ष 2024-25 में भारत ने 1.51 लाख करोड़ रुपए का रक्षा उत्पादन हासिल किया, जिसमें डीपीएसयू का योगदान 71.6 प्रतिशत रहा। रक्षा निर्यात 6,695 करोड़ रुपए तक पहुंच गया, जो भारत के स्वदेशी रक्षा उत्पादों पर वैश्विक भरोसे का प्रतीक है।

**सम्मेलन 10 से 21 नवंबर तक चलेगा**

# कॉप-30ः बड़ी चुनौतियों के बीच ब्राजील में आज से जलवायु शिखर सम्मेलन

एजेंसी ▶▶ बेलेम (ब्राजील)




संयुक्त राष्ट्र जलवायु सम्मेलन कॉप- 30 बैठक से पहले उष्णकटिवंधीय वर्षा वनों को बचाने के लिए ब्राजील के वन कोष का भारत ने समर्थन किया है। ब्राजील में भारत के राजदूत दिनेश भाटिया ने ब्राजील के नेतृत्व वाले उष्णकटिबंधीय वन कोष में पर्यवेक्षक के रूप में भारत के शामिल होने की घोषणा करते हुए कहा कि भारत ब्राजील की पहल का स्वागत करता है।

ब्राजील ने गुरुवार को वनों के संरक्षण और विस्तार के लिए उष्णकटिबंधीय देशों को पुरस्कृत करने के लिए एक वैश्विक कोष के रूप में टीएफएफएफ की शुरुआत की थी। इसका उद्देश्य सार्वजनिक और निजी निवेश के माध्यम से लगभग 125 अरब अमेरिकी डॉलर जुटाना है। कॉप क्या है? कॉपी का मतलब है 'पार्टियों का सम्मेलन'। यह वार्षिक शिखर सम्मेलन उन देशों को एक साथ लाता है जिन्होंने 1992 की संयुक्त राष्ट्र जलवायु संधि पर हस्ताक्षर किए थे। इस संधि का मुख्य उद्देश्य सभी देशों को मिलकर जलवायु परिवर्तन से निपटने के लिए प्रतिबद्ध करना है। यह संधि यह भी स्थापित करती है कि अमीर देशों की, जिन्होंने ग्रह-वार्मिंग उत्सर्जन में अधिक योगदान दिया है, समस्या को हल करने की जिम्मेदारी ज्यादा है। इस बार 30वां सम्मेलन हो रहा है इसलिए इसे कॉप-30 कहा जा रहा। पिछले कुछ वर्षों में, ये वार्षिक शिखर सम्मेलन भू-राजनीतिक और वित्तीय चर्चा का एक प्रमुख केंद्र बन गए हैं। इस साल का कॉप-30 क्यों महत्वपूर्ण है? कॉप का 30वां सम्मेलन बहुत खास है।

### ब्राजील के बेलेम शहर में जुटे दुनियाभार के नेता

ब्राजील के बेलेम शहर में जुटे दुनियाभर नेता ट्रंप शामिल नहीं हो रहे, अन्य अमेरिकी नेता शामिल होंगे प्रमुख बातें - कॉप30 में 200 देशों के 50,000 से अधिक लोग शामिल होंगे - नेताओं के शिखर सम्मेलन में, 140 से अधिक प्रतिनिधिमंडल -लगभग 57 राष्ट्राध्यक्षों और 39 मंत्री, ब्राजील इस वर्ष का मेजबान है -10 से21 नवंबर तक चलेगा सम्मेलन

## राष्ट्रपति मुर्मू ने किया स्मारक का दौरा...

**लुआंडा।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू अंगोला की अपनी आधिकारिक यात्रा के दौरान लुआंडा में अंगोला के प्रथम राष्ट्रपति डॉ. एंटोनियो अगोस्टिन्हो नेटो के स्मारक का दौरा करती हुई। बता दें कि राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू अपनी छह दिवसीय विदेश यात्रा के पहले चरण में अंगोला में है, यह दौरा भारत और अंगोला के बीच राजनयिक संबंधों की 40वीं वर्षगांठ पर किया गया है।



**खांसी और सीने में दर्द बना काल?**

# अमेरिका में भारतीय छात्रा की रहस्यमय हालातों में मौत

एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन

अमेरिका के टेक्सास में एक 23 साल की भारतीय छात्रा की मौत ने झकझोर कर रख दिया है।

आंध्र प्रदेश की रहने वाली राजलक्ष्मी (राजी) यार्लागड्डा टेक्सास ए एंड एम यूनिवर्सिटी-कोर्पस क्रिस्टी से हाल ही में ग्रेजुएट हुई थीं। वे अमेरिका में नौकरी की तलाश कर रही थीं, लेकिन 7 नवंबर 2025 को उनकी लाश उनके अपार्टमेंट में मिली। राजी आंध्र के बापटला जिले के करमचेडू गांव की थीं और किसान माता-पिता की मदद करने का सपना लेकर अमेरिका गई थीं। उनके चचेरे भाई चैतन्य वाईवीके ने बताया कि राजी पिछले दो-तीन दिनों से तेज खांसी और सीने में दर्द से पीड़ित थीं। 7 नवंबर की सुबह उनका अलार्म बजा, लेकिन वे नहीं उठीं। दोस्तों ने बाद में पता लगाया कि वे सोते-सोते ही दुनिया से चली गईं।

फिलहाल अमेरिका में राजी के शव का मेडिकल परीक्षण चल रहा है। डॉक्टरों की टीम सटीक वजह पता करने में लगी है।

*भिलाई में 5 वें दीक्षांत समारोह को संबोधित करते हुए बोले*

# जम्मू कश्मीर के उपराज्यपाल सिन्हा ने टेक क्षमता को सराहा; कहा, भारत जीवंत और तेजी से बढ़ता ईकोसिस्टम

एजेंसी ▶▶ भिलाई

जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने कहा कि दुनिया भर की आर्थिक चुनौतियों के बावजूद भारत ने एक मजबूत और आधुनिक टेक्नोलॉजी इकोसिस्टम तैयार कर लिया है। ट्रेड टैक्स और कौशल की कमी जैसी मुश्किलों के बीच भी भारत दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था बना हुआ है।

मनोज सिन्हा आईआईटी भिलाई के 5वें दीक्षांत समारोह में बोल रहे थे, जहां उन्होंने कहा, आप ऐसे समय में पेशेवर दुनिया में कदम रख रहे हैं जब भारत तेजी से तरक्की कर रहा है। आज भारत दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है और 2027 तक यह 5 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनकर तीसरे स्थान पर पहुंच जाएगा। उन्होंने बताया कि जब कई देशों में मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर धीमा पड़ रहा है, तब भारत का इंडस्ट्रियल प्रोडक्शन लगातार बढ़ रहा है। जुलाई 2024 तक इंडस्ट्रियल प्रोडक्शन में 5.4 प्रतिशत की बढ़ोतरी दर्ज की गई है। भारत का टेक सेक्टर अब देश की जीडीपी में लगभग 8 प्रतिशत योगदान दे रहा है और 2024-25 में इस सेक्टर से 280 बिलियन डॉलर से ज्यादा की कमाई हुई है।



दीक्षांत समारोह को संबोधित करते हुए उपराज्यपाल मनोज सिन्हा

**साल 2013 में अहमद अल-शरा को घोषित किया गया था आतंकवादी**

# सीरिया के राष्ट्रपति अहमद अल-शरा का अमेरिका के राष्ट्रपति भवन में हुआ स्वागत

एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप सोमवार को व्हाइट हाउस में सीरियाई समकक्ष अहमद अल शरा का स्वागत किया गया। बता दें कि राष्ट्रपति ट्रंप से मुलाकात के लिए शरा शनिवार को ही अमेरिका पहुंच थे। शरा का यह दौरा कई मायनों में काफी एतिहासिक है। उनके दौरे से एक दिन पहले ही यानी रविवार को अमेरिका ने उन्हें आतंकियों के लिए बनी ब्लैकलिस्ट से हटाया है।

शरा ही वह शख्स हैं जिनकी अगुवाई में विद्रोहियों ने लंबे समय से सीरिया पर शासन कर रहे बशर अल-असद को उखाड़ने में कामयाबी हासिल की है। यहां यह बात भी गौर करने वाली है कि ट्रंप जिस दिन व्हाइट हाउस में एक एक्स आतंकी शरा से मुलाकात करेंगे, उसी समय ब्राजील में कोप 30 का आगाज हो रहा है और ट्रंप ने इस बार इससे दूरी बनाई हुई है।



### 1946 के बाद पहले राष्ट्रपति

साल 1946 में देश को आजादी मिलने के बाद से शरा पहले सीरियाई राष्ट्रपति हैं जो अमेरिका की यात्रा पर गए हैं। हालांकि शरा और ट्रंप की यह पहली मुलाकात नहीं है और दोनों नेताओं ने इस साल मई में रियाद में मुलाकात की थी। उस समय ट्रंप रियाद के दौरे पर गए थे। सीरिया में वाशिंगटन के दूत टॉम बैरक ने इस महीने की शुरुआत में उम्मीद जताई थी कि शरा इस्लामिक स्टेट (आईएस) समूह के खिलाफ अमेरिका के नेतृत्व वाले अंतरराष्ट्रीय गठबंधन में शामिल होने के लिए समझौते को साइन करेंगे।

**क्या है मीटिंग का मकसद**

*मीडिया को मिली जानकारी के अनुसार अमेरिका दमिश्क के पास एक मिलिट्री बेस बनाने की योजना बना रहा है। इस बेस से न केवल मानवीय सहायता में मदद हो सकेगी बल्कि सीरिया और इजराइल के बीच घटनाक्रम पर नजर रखी जा सकेगी। विदेश विभाग के प्रवक्ता टॉमी पिगोट ने कहा कि शरा की सरकार अमेरिका की मांगों को पूरा कर रही है। इन मांगों में लापता अमेरिकियों को ढूंढने और बचे हुए रासायनिक हथियारों को नष्ट करने का काम भी शामिल है। पिछले साल दिसंबर में सत्ता संभालने के बाद से ही शरा ने ईरान और रूस से दूरी बना ली है। ये दोनों ही देश असद के सहयोगी रहे हैं।*

### रूस में भी पाक ने करवा ली बेइज्जती, आईएसआई का सीक्रेट एजेंट गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** भारत के खिलाफ साजिश रचने में जुटे पाकिस्तान की एक बार फिर इंटरनेशनल बेइज्जती हुई है। रूस ने उसकी खुफिया एजेंसी आईएसआई के जासूसी नेटवर्क का पर्दाफाश किया है। यह नेटवर्क रूस से एडवांस्ड एयर डिफेंस सिस्टम जैसे एस-400 और हेलिकॉप्टर टेक्नॉलजी चुराने की कोशिश में था। रूस की यह कार्रवाई भारत की सुरक्षा दृष्टि से बेहद अहम मानी जा रही है, क्योंकि जिन तकनीकों को निशाना बनाया गया था, वे भारतीय वायुसेना के आधुनिक रक्षा तंत्र का हिस्सा हैं। इकोनॉमिक टाइम्स की रिपोर्ट के मुताबिक, रूस की खुफिया एजेंसियों ने सेंट पीटर्सबर्ग में एक रूसी नागरिक को गिरफ्तार किया, जो आईएसआई के लिए काम कर रहा था।

**किसी के हताहत होने की जानकारी नहीं**

# बांग्लादेश में यूनुस के ग्रामीण बैंक मुख्यालय के बाहर बम धमाका

एजेंसी ▶▶ ढाका

बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के प्रमुख मुहम्मद यूनुस के ग्रामीण बैंक मुख्यालय के बाहर रविवार देर रात देसी बम से धमाका हुआ। हालांकि इसमें किसी के हताहत होने की खबर नहीं है। पुलिस के अनुसार, अज्ञात हमलावरों ने मीरपुर में स्थित बैंक मुख्यालय के बाहर तड़के करीब 3.45 बजे देसी बम फेंके। हम मामले की जांच कर रहे हैं। इस मामले में अभी तक किसी को गिरफ्तार नहीं किया गया है। बता दें कि यूनुस ने 1983 में ग्रामीण बैंक की स्थापना की और इसके माध्यम से गरीबी उन्मूलन और गरीब महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए काम शुरू किया। इसके लिए उन्हें 2006 में नोबेल शांति पुरस्कार मिला था।

कई अन्य जगहों पर विस्फोट इस घटना के बाद यूनुस के ग्रामीण बैंक और मत्स्य पालन एवं पशुधन सलाहकार फरीदा अख्तर के मोहम्मदपुर इलाके के प्रबर्ताना में व्यावसायिक प्रतिष्ठान के बाहर भी दो विस्फोट हुए। ढाका में उपद्रवियों ने दो बसों में आग भी लगा दी।



बांग्लादेश में ग्रामीण बैंक के मुख्यालय के बाहर विस्फोट हुआ

# गोल्फ महोत्सव का समापन: गोल्फ प्लेयर हुए पुरस्कृत





जबलपुर।

गोल्फ फेडरेशन ऑफ इंडिया द्वारा 'भारत गोल्फ महोत्सव' का भव्य आयोजन देश भर में किया जा रहा है। जिसका शुभारंभ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन पर हुआ था और इस गौरवपूर्ण यात्रा का समापन 12 जनवरी को राष्ट्र के प्रेरणास्त्रोत स्वामी विवेकानंद की जयंती पर होगा। इस दौरान पूरे देश में सौ महोत्सव आयोजित होंगे। गोल्फ महोत्सव के अंतिम दिन देश चुनिंदा गोल्फ प्लेयर ने मैदान पर उत्कृष्ट गोल्फ का प्रदर्शन किया। गोल्फ टूर्नामेंट में विजेता रहे लोकेश कुमार, प्रदीप रेड्डी, शहजाद खान, सोनू धारोलिया,कविता राणा, रविंदर कौर, राजेंद्र कुमार, अंकुर वशिष्ठ, राजीव पूरी को विभिन्न वर्ग में उत्कृष्ट प्रदर्शन पुरुस्कार से गोल्फ फेडेरेशन के जनरल सेकेट्री आर्यवीर आर्य, लेफ्टिनेंट जनरल पदम सिंह शेखावत, राजलक्ष्मी शेखावत, महापौर जगत बहादुर सिंह, श्रीमती यमनी सिंह एवं फिल्म अभिनेता रणवीर हुड्डा द्वारा सम्मानित किया गया।



गोल्फ महोत्सव में नागपुर विधायक और नागपुर गोल्फ एसोसिएशन के प्रेसिडेंट आशीष राव देशमुख विशेष आमंत्रण पर शहर आए। उन्होंने जबलपुर के गोल्फ प्लेयर से मिलकर ग्रीन खेल विकाश हेतु हर संभव सहयोग करने की प्लानिंग की।

भारत गोल्फ महोत्सव में जहां पंजाब बोर्डर से आए इंडियन आइडल फेम बीएसएफ के जवान सुरेंद्र सिंह ने अपनी आवाज का जादू बिखेरा वहीं जबलपुर संस्कारधानी के वी-थ्री एंटरटेनमेंट के विशाल गुरुंग और आदित्य श्रीवास्तव के नेतृत्व में सुर और ताल का बेहतरीन संगम देखने को मिला। कलाकारों में पंकज ठाकुर, प्रमोद बिरहा, आरोही मिश्रा, प्रशांत राजपूत, विप्लव हालदार, विक्की दुबे, गोलू अहिरवार ने अपने वाद्य यंत्रों से गायक कलाकारों का साथ दिया वहीं खुशबू शर्मा, शुभम पटेल और विशाल ने फिल्मी और आदेश भक्ति गीतों से लोगों को मंत्र मुग्ध कर दिया।









# दिल्ली धमाके के बाद जबलपुर पुलिस हाई अलर्ट

## रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड, होटल व सार्वजनिक स्थलों पर चला सघन जांच अभियान

हरिभूमि, जबलपुर।

दिल्ली के लाल किले के पास हुए बम धमाके के बाद जबलपुर पुलिस पूरी तरह अलर्ट मोड पर आ गई है। सुरक्षा एजेंसियों से मिले इनपुट के बाद पुलिस कप्तान सम्पत उपाध्याय के निर्देश पर शहरभर में सघन चेकिंग अभियान चलाया गया।पुलिस टीमों ने रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड, होटल, लॉज और प्रमुख बाजारों में संदिग्ध व्यक्तियों की जांच की। वाहन चेकिंग अभियान के तहत शहर के मुख्य मार्गों पर आने-जाने वाली कारों और बसों की गहन तलाशी ली गई। डॉग स्क्वाड व बम डिस्पोजल टीम ने स्टेशन और बस स्टैंड परिसर में सर्च ऑपरेशन चलाया। होटलों में ठहरने वाले यात्रियों के पहचान पत्रों की जांच की गई, वहीं भीड़भाड़ वाले इलाकों में अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया गया है। पुलिस ने नागरिकों से अपील की है कि किसी भी संदिग्ध वस्तु या व्यक्ति की सूचना तुरंत कंट्रोल रूम को दें।

### सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम-

पुलिस कप्तान सम्पत उपाध्याय ने कहा दिल्ली धमाके के बाद जबलपुर में भी सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। सभी थाना प्रभारियों को सतर्क रहने और हर संदिग्ध गतिविधि पर पैनी नजर रखने के निर्देश दिए गए हैं।

# प्रकरणों का निराकरण प्राथमिकता से करें : कलेक्टर

**जबलपुर।** कलेक्टर राघवेन्द्र सिंह की अध्यक्षता में लंबित पत्रों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। इस दौरान नगर निगम कमिश्नर रामप्रकाश अहिरवार, सीईओ जिला पंचायत अभिषेक गहलोत, अपर कलेक्टर नाथूराम गोंड सहित सभी जिला अधिकारी मौजूद थे। फील्ड स्तर के अधिकारी भी वीसी के माध्यम से इस बैठक में जुड़े थे। कलेक्टर सिंह ने कहा कि शासन की प्राथमिकता से जुड़े विषयों से संबंधित प्रकरणों को संवेदनशीलता के साथ निराकरण करना है। बैठक में कलेक्टर सिंह ने धान व अन्न उपार्जन की तैयारियों के संबंध में विस्तार से चर्चा की। उन्होंने कहा कि उपार्जन कार्य में लगने वाले सभी व्यक्तियों की ट्रेनिंग हो जाये। प्रत्येक ब्लॉक से 30-30 सहायता समूह की महिलाओं की ट्रेनिंग भी करायें। इसके साथ ही उन्होंने खाद्यान्न उठाव पर चर्चा करते हुए कहा कि आंगनवाड़ी व छात्रावासों में खाद्यान्न आपूर्ति समुचित रूप से हो। बैठक में निर्वाचक नामावली में विशेष गहन पुनरीक्षण के लिए गणना पत्रकों की उपलब्धता पर भी अनुभागवार चर्चा कर आवश्यक निर्देश दिये। बैठक में कलेक्टर सिंह ने उर्वरक से संबंधित विषयों पर चर्चा कर संबंधित अधिकारियों से कहा कि उर्वरक वितरण में आ रही बाधाओं को प्राथमिकता से दूर करें। बैठक में उन्होंने कहा कि 15 नवम्बर को जनजातीय गौरव दिवस का राज्य स्तरीय कार्यक्रम गैरीसन ग्राउंड में प्रस्तावित है, जिसमें संभाग के सभी जिलों के लोग आयेंगे। इस गरिमामय कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जायें। विकास कार्यों के भूमिपूजन व लोकार्पण की सूची जल्दी ही सुनिश्चित की जाये, ताकि उन्हें कार्यक्रम में सम्मिलित की जा सके। उन्होंने विभागवार सीएम हेल्पलाईन व लंबित पत्रों की समीक्षा कर कहा कि प्रकरणों का निराकरण तत्परता से करें।

# जनजातीय गौरव दिवस की तैयारियां जारी






जबलपुर।

कलेक्टर राघवेन्द्र सिंह ने कलेक्ट्रेट में 15 नवम्बर को प्रस्तावित जनजातीय गौरव दिवस की तैयारियों के संबंध में जनप्रतिनिधियों के साथ बैठक की। बैठक में वर्चुअली रूप से लोक निर्माण मंत्री श्री राकेश सिंह जुड़े थे। बैठक में कलेक्टर श्री सिंह ने प्रेजेन्टेशन के माध्यम से जनजातीय गौरव दिवस का राज्य स्तरीय कार्यक्रम के बारे में विस्तार से जानकारी दी। जिसमें कार्यक्रम स्थल, अतिथियों के आने का समय, टेंट, मंचीय व्यवस्था, प्रदर्शनीय, बैठक स्थल, बस व्यवस्था, पार्किंग स्थल आदि के बारे में विस्तार से बताया।

मंत्री श्री सिंह ने कहा कि कार्यक्रम में लोगों को लाने के लिए आवंटित बसों की जानकारी संबंधित विधानसभा के विधायक को हो जाये, इसके साथ ही कार्यक्रम की व्यवस्थाओं को लेकर आवश्यक सुझाव भी दिये। बैठक में महापौर श्री जगत बहादुर सिंह अन्नू, विधायक श्री अशोक रोहाणी, श्री नीरज सिंह, डॉ. अभिलाष पांडे, नगर निगम अध्यक्ष श्री रिकुंज विज, भाजपा नगर अध्यक्ष श्री रत्नेश सोनकर, ग्रामीण भाजपा अध्यक्ष श्री राजकुमार पटेल व जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री अभिषेक गहलोत, अपर कलेक्टर श्री नाथूराम गोंड सहित सभी संबंधित अधिकारी उपस्थित थे। इस दौरान जनजातीय गौरव दिवस कार्यक्रम की तैयारियों के अलावा इस दौरान निर्वाचक नामावली में विशेष गहन पुनरीक्षण के संबंध में भी आवश्यक चर्चा की गई।

### तैयारियों का लिया जायजा

कलेक्टर राघवेन्द्र सिंह ने 15 नवम्बर को प्रस्तावित जनजातीय गौरव दिवस की तैयारियों का जायजा लेने के लिए सदर स्थित गैरीसन ग्राउंड पहुंचे। इस दौरान नगर निगम कमिश्नर श्री रामप्रकाश अहिरवार, सीईओ जिला पंचायत श्री अभिषेक गहलोत सहित अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद थे। कलेक्टर श्री सिंह ने कार्यक्रम के सभी पहलुओं पर चर्चा कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया और संबंधित अधिकारियों को कार्यक्रम की भव्यता को दृष्टिगत रखते हुए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिये।

## पुलिस कप्तान ने गंभीर अपराधों को लेकर की समीक्षा, फरार आरोपियों की गिरफ्तारी पर दिया जोर

# पेंडिंग का करो निपटारा, शिकायतों पर बरतें गंभीरता





हरिभूमि, जबलपुर।

**शहर और ग्रामीण क्षेत्रों में अपराध नियंत्रण की समीक्षा के लिए पुलिस कप्तान सम्पत उपाध्याय ने सोमवार को पुलिस कंट्रोल रूम में अपराध समीक्षा बैठक आयोजित की। कप्तान उपाध्याय ने विशेष रूप से निर्देशित किया कि महिला संबंधी अपराधों में विवेचना के दौरान संवेदनशीलता बरती जाए।**

आरोपी की तत्काल गिरफ्तारी कर शीघ्र चालान पेश किया जाए और ऐसी शिकायतों का त्वरित निराकरण किया जाए। बैठक में तीन वर्षीय अपराध तुलनात्मक समीक्षा के साथ ही भादवि/बीएनएस प्रतिबंधात्मक व माइनर एक्ट से संबंधित प्रकरणों पर विस्तार से चर्चा की गई।

### विवेचना शीघ्र पूर्ण कर पेश करे चालान

कप्तान उपाध्याय ने स्पष्ट कहा कि लंबित गंभीर अपराधोंहत्या, हत्या के प्रयास, लूट, झपटमारी, नकबजनी, एससी-एसटी एक्ट एवं महिला संबंधी अपराधों की विवेचना शीघ्र पूर्ण कर अभियोजन में चालान पेश किया जाए।

### फरार आरोपियों की गिरफ्तारी हो सुनिश्चित

कप्तान उपाध्याय ने निर्देश दिए कि फरार आरोपियों की गिरफ्तारी प्राथमिकता पर की जाए, उनके विरुद्ध इनाम उद्घोषित कर विशेष टीम बनाकर बाहर से भी गिरफ्तारी सुनिश्चित करें। स्थाई वारंट की तामीली पर विशेष बल देते हुए उन्होंने कहा कि पुलिस का यह दायित्व है कि फरार अपराधियों को किसी भी सूरत में बख्शा न जाए।

### ऑपरेशन मुस्कान को लेकर बरतें गंभीरता-

ऑपरेशन 'मुस्कान' के तहत कप्तान ने अपहत अवयस्क बालक/बालिकाओं की हरसंभव दस्तयाबी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। यदि गुम बच्चे अन्य जिलों में मिले हों तो तुरंत टीम बनाकर भेजा जाए और पुनर्वास की कार्यवाही की जाए।

### शिकायतों का करे निकाल-

कप्तान उपाध्याय ने सीएम हेल्पलाइन, वरिष्ठ कार्यालयों और जनसुनवाई की शिकायतों का भी विस्तार से परीक्षण करते हुए कहा कि सभी लंबित शिकायतों का त्वरित और प्राथमिकता से निराकरण किया जाए।

### यह रहे उपस्थित

बैठक में एएसपी सिटी आयुष गुप्ता, एएसपी जोन-2 पल्लवी शुक्ला, एएसपी ग्रामीण सूर्यकांत शर्मा, एएसपी यातायात अंजना तिवारी और एएसपी क्राइम जितेन्द्र सिंह सहित समस्त राजपत्रित अधिकारी, थाना व चौकी प्रभारी उपस्थित रहे।

### समय-समय पर हो समीक्षा

बैठक में लंबित संपत्ति संबंधी अपराधों की भी समीक्षा की गई। चोरी गई संपत्ति की बरामदगी और आरोपियों की गिरफ्तारी हेतु अधिकारियों को ठोस कार्यवाही के निर्देश दिए गए। साथ ही सीसीटीएनएस डिजिटल इंटीग्रेशन, ई-साक्ष्य, ई-विवेचना, ई-एफआईआर, ई-चालान जैसे तकनीकी बिंदुओं की समीक्षा कर अधिकारियों को आने वाली दिक्कतों का समाधान करने के निर्देश दिए गए।



# जिला जल स्वच्छता मिशन की हुई बैठक

**जबलपुर।** कलेक्टर राघवेन्द्र सिंह की अध्यक्षता में जिला जल स्वच्छता मिशन की बैठक आयोजित की गई। जिसमें मध्यप्रदेश जल निगम द्वारा संचालित परियोजनाओं के क्रियान्वयन तथा जल जीवन मिशन अंतर्गत कार्य प्रगति की समीक्षा की गई। साथ ही पाईपलाइन बिछाने में आ रही बाधाओं को दूर करने के साथ सड़क सुधार जैसे मुद्दे पर गहनता से चर्चा कर आवश्यक निर्देश दिये गये। बैठक में बरगी विधायक श्री नीरज सिंह, नगर निगम कमिश्नर श्री रामप्रकाश अहिरवार, सीईओ जिला पंचायत श्री अभिषेक गहलोत, अपर कलेक्टर श्री नाथूराम गोंड तथा संबंधित विभाग के अधिकारी मौजूद थे। जल निगम के महाप्रबंधक श्री संजय वाधवा ने प्रगतिरत समूह जल प्रदाय योजना के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि जबलपुर समूह जल व पायली समूह जल प्रदाय योजना मार्च में पूर्ण हो जायेगी, वहीं छीताखुदरी और पड़वार पडरिया समूह जल प्रदाय योजना अप्रैल में पूर्ण होंगे। उन्होंने बताया कि जबलपुर जल प्रदाय योजना में 848 गांव लाभांवित होंगे। पायली जल समूह से जबलपुर के 186, सिवनी के 418 और नरसिंहपुर के 59 गांव को योजना अंतर्गत जल प्रदाय किया जायेगा। वहीं छीताखुदरी ग्रामीण समूह जल प्रदाय योजना में जिले के 363 गांव और पड़वार पडरिया समूह जल प्रदाय योजना से 81 गांव लाभांवित होंगे।

हरदौल मंदिर के पास चल रही भागवत कथा का समापन आज

# श्रीकृष्ण ने रुकमणि से विवाह कर धर्म की रक्षा की : संदीप मिश्रा





**सिहोरा।** माता रुकमणि से विवाह कर भगवान श्रीकृष्ण ने धर्म की रक्षा की उक्ताशय के विचार आचार्य संदीप मिश्रा भेड़ा वालों ने हरदौल मंदिर वेयर हाऊस के सामने चल रही सप्त दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा के छंटवे दिवस श्रीकृष्ण रुकमणी के मंगल विवाह के अवसर पर व्यासपीठ से व्यक्त किए।

आगे कहा भक्तिमार्ग व्यक्ति को नम्र बनाता है जबकि ज्ञानमार्ग जीवन में अहंकार पैदा करता है ।पद और संपत्ति पाकर जो व्यक्ति अभियान करता है उसको भगवान की भक्ति का फल नहीं मिलता। आगे कहा सभी को अपने बच्चों को अच्छी शिक्षा और संस्कार देना चाहिए जिससे उसे हर जगह मान सम्मान मिल सके। उन्होंने कहा जब भगवान के प्रति अटूट प्रेम हो जाये और जीवन में सहजता और सरलता आ जाये तो भगवान मिल जाते हैं। आगे कहा रुकमणी ने मन मन कृष्ण को पति मान चुकी थी और उनका विवाह इच्छा के बगैर शिशुपाल से किया जा रहा था तो भगवान को संदेश भेजकर उन्होंने मंदिर में बुलवाया तो भगवान ने मंदिर पहुंची माता रुकमणी से विवाह किया। श्रीकृष्ण रुकमणी विवाह की सुंदर झांकी ने सबका मन मोह लिया। भगवान के विवाह के साक्षी बने श्रोता दर्शकों ने जी भरकर इस मौके पर नाच गाकर खुशियां मनाई। कथा के पूर्व सुरेश कुररिया, कुशुम कुररिया, कृष्ण कुमार कुररिया, नरेश कुररिया, सरोज कुररिया, आरती कुररिया, सुनील तिवारी, ध्रुव कुररिया, प्रवीण कुररिया, सीमा तिवारी, बिनिता दुबे, अर्चना गर्ग, स्मिता कुररिया आदि ने व्यासपीठ का पूजन किया।



# तीन प्रतिशत डीए बढ़ाया जाए, मांग

**जबलपुर।** मध्य प्रदेश जागरूक अधिकारी कर्मचारी संगठन के प्रदेश अध्यक्ष रॉबर्ट मार्टिन ने एक प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से बताया कि राज्य सरकार द्वारा डीए (महंगाई भत्ते) में वद्धि नहीं होने से कर्मचारियों में निराशा बनी हुई है। संगठन ने आगे बताया कि स्थापना दिवस पर कर्मचारियों में यह आश थी कि मुख्यमंत्री डीए देने की घोषणा करेंगे, परंतु घोषणा नहीं की गई जिससे कर्मचारियों में निराशा का माहौल है। संगठन ने आगे बताया कि केन्द्र सरकार ने अपने कर्मचारियों का डीए तीन प्रतिशत बढ़ा दिया है। इस प्रकार केन्द्र के कर्मचारियों का डीए 55 प्रतिशत से बढ़कर 58 प्रतिशत हो गया है, वहीं राज्य कर्मचारियों को 55 प्रतिशत डीए ही मिल रहा है। अतः संगठन मुख्यमंत्री से मांग करता है कि राज्य कर्मचारियों का भी डीए केन्द्र कर्मचारियों की भांति वृद्धि कर 58 प्रतिशत किया जाए। संगठन के प्रदेश अध्यक्ष रॉबर्ट मार्टिन, हेमंत ठाकरे, राकेश श्रीवास, राजेश सहारिया, रऊफ खान, फिलिप अन्थोनी, गुडविन चार्ल्स, दिनेश गोंड, सुरेन्द्र चौधरी, विनोद सिंह, एनोस विक्टर, मनमोहन चौधरी, उमेष सिंह ठाकुर, सुनील झारिया, संतोष चौरसिया, धनराज पिल्ले, देवेन्द्र भट्ट, सुधीर अवधिया, आशीष कोरी आदि ने मुख्यमंत्री से मांग की है कि राज्य कर्मचारियों को भी केन्द्र कर्मचारियों के समान 58 प्रतिशत डीए दिया जाए।

गोसलपुर के ग्राम झांसी में वारदात

# प्रापर्टी विवाद पर दो पक्षों में मारपीट, 3 घायल

**जबलपुर।** गोसलपुर थाना अतंर्गत ग्राम झांसी में प्रापर्टी विवाद को लेकर दो पक्षों ने एक दूसरे के साथ गालीगलौज व मारपीट कर डंडे व लाठी से हमला कर घायल कर दिया। मारपीट में तीन युवक घायल हो गए हैं।



गोसलपुर पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम झांसी निवासी 55 वर्षीय कमलेश कुमार साहू की बाला प्रसाद श्रीवास से पुराना जमीनी विवाद चल रहा है। इसी बात को लेकर सोमवार की सुबह लगभग 8 बजे बालाप्रसाद श्रीवास अपने घर के सामने खड़े होकर उसके साथ गाली गलोज करने लगा, गालियां देने से मना किया तो बालाप्रसाद एवं बालाप्रसाद का लड़का संजू श्रीवास, नाती सिद्धू श्रीवास उसके साथ मारपीट करने लगे, संजू श्रीवास ने डंडा से उसके सिर व माथे पर हमला कर चोटें पहुँचा दी। वहीं बीच बचाव करने आए भाई मुकेश साहू, भतीजा मनोज साहू, बहू रूचिता साहू के साथ बालाप्रसाद व उसके परिवार वालों ने धक्का मुक्की कर जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने आरोपी बालाप्रसाद के खिलाफ रिपोर्ट पर धारा 296, 115(2), 118(1), 351(2), 3(5) बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

वहीं दूसरे पक्ष ग्राम झांसी निवासी 65 वर्षीय बालाप्रसाद श्रीवास की बाड़ी से कमलेश साहू ने सोमवार की सुबह लगभग 8 बजे टेक्टर निकाला, जिसे टेक्टर निकलाने से मना किया तो, इसी बात पर कमलेश साहू गाली गलौज करते हुये लाठी से हमलाकर पसली में चोटे पहुँचा दी। उसका बेटा संजीव कुमार श्रीवास बीच बचाव करने आया तो कमलेश साहू ने संजीव के साथ मारपीट कर सिर में चोटे पहुँचा दी तथा जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने आरोपी कमलेश श्रीवास के खिलाफ रिपोर्ट पर धारा 296, 115(2), 351(2) बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।



## शुभम युवक कांग्रेस ग्रामीण जिलाध्यक्ष बने

**सिहोरा।** युवक कांग्रेस के बहुप्रतीक्षित जिला अध्यक्ष चुनाव में गांधीग्राम के वरिष्ठ कांग्रेस नेता बिनोद श्रीवास्तव के सुपुत्र शुभम राजा श्रीवास्तव जीत दर्ज युवक कांग्रेस के ग्रामीण जिलाध्यक्ष निर्वाचित हुए हैं। उन्होंने कहा संगठन को मजबूत बनाना ही उनका मुख्य उद्देश्य है। शुभम के निर्वाचित होने पर जनपद सदस्य अनीता राजेश त्रिपाठी,मोहन चौरसिया,संजय तिवारी सांई,सोनू कुररिया,डॉ रामसिंह ठाकुर,लक्ष्मण काछी, राजकुमार यादव,अनिल यादव,रामविशाल चौरसिया,रवि चौरसिया,विवेक चौरसिया,रामभगत चौरसिया,मुन्ना बर्मन आदि ने हर्ष व्यक्त किया है।

# कर्मयोगी पोर्टल पर सर्वाधिक पाठ्यक्रम पूर्ण करने वाले ट्रांसको के कार्मिक सम्मानित

**जबलपुर।** मध्यप्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी (एम.पी. ट्रांसको) के कार्मिकों ने कर्मयोगी भारत के आई गॉट पोर्टल (इंटीग्रेटेड गवर्नमेंट ऑनलाइन ट्रेनिंग पोर्टल) पर उत्कृष्ट प्रदर्शन कर उल्लेखनीय उपलब्धि प्राप्त की है। सितंबर माह में आयोजित सीखो सप्ताह के दौरान सर्वाधिक प्रशिक्षण पाठ्यक्रम पूर्ण करने वाले कार्मिकों में एम.पी. ट्रांसको के तीन कार्मिकों ने ऊर्जा विभाग के प्रथम 10 कार्मिकों मे स्थान प्राप्त किया। इन तीन कार्मिकों सहित एमपी ट्रांसको के प्रथम 10 कार्मिकों को मुख्यालय जबलपुर में आयोजित एक समारोह में एम.पी. ट्रांसको के प्रबंध संचालक सुनील तिवारी ने सम्मानित एवं पुरस्कृत किया। इस अवसर पर अपने संबोधन में प्रबंध संचालक ने कहा कि केंद्र सरकार के कर्मयोगी भारत अभियान के लक्ष्यों की दिशा में एम.पी. ट्रांसको के कार्मिकों की भागीदारी सराहनीय है। सम्मानित कार्मिकों में कार्यपालन अभियंता नूतन शर्मा एवं आरती शिल्पी, (इंदौर), सहायक अभियंता विनोद कुमार पटेल (जबलपुर), कनिष्ठ अभियंता दीपचन्द्र बरमैया (कटनी),कनिष्ठ अभियंता हस्ती बिसेन (जबलपुर), कनिष्ठ अभियंता कुबेर सिंह (खंडवा),कनिष्ठ अभियंता सूरज सिंह गुर्जर (राऊ–इंदौर), कार्यलय सहायक योगेश जैन( जबलपुर), कार्यलय सहायक श्रेणी रंजीत रंगारी ( सिवनी) एवं ट्रांसमिशन लाइन मेंटेनेंस कर्मी हेमराज पाटीदार (उज्जैन) शामिल हैं।




- नो एंट्री में ट्रक के कोहराम का बहुचर्चित मामला, अगली सुनवाई 19 नवंबर को
- पूर्व में कोर्ट के निर्देश पर इंदौर के पुलिस कमिश्नर वर्चुअली हुए थे हाजिर

# हाई कोर्ट में इंदौर के प्रत्येक एंट्री प्वाइंट के सीसीटीवी फुटेज पेश

**जबलपुर ।** मप्र हाईकोर्ट के पूर्व निर्देश के पालन में इंदौर शहर के प्रत्येक एंट्री प्वाइंट के सीसीटीवी फुटेज पेश कर दिए गए। चीफ जस्टिस संजीव सचदेवा व जस्टिस विनय सराफ की खंडपीठ ने यह जानकारी रिकार्ड पर लेकर मामले की अगली सुनवाई 19 नवंबर को नियत कर दी। पूर्व में कोर्ट के निर्देश पर इंदौर के पुलिस कमिश्नर वर्चुअली हाजिर हुए ।

यह मामला इंदौर में नो एंट्री में ट्रक के कोहराम मचाने के मामले में संज्ञान आधारित जनहित याचिका पर सुनवाई से संबंधित है। मामले की विगत सुनवाई इंदौर बेंच के समक्ष हुई थी, जिसमें बाद प्रकरण पुनः मुख्यपीठ जबलपुर में सुनवाई के लिए लगा। विगत सुनवाई में राज्य शासन की ओर से स्टेटस रिपोर्ट पेश कर बताया गया था कि लापरवाही बरतने वाले नौ लोगों को निलंबित कर दिया गया है। उनके विरुद्ध चार्जशीट शीघ्र पेश कर दी जाएगी। कोर्ट ने जानकारी को रिकार्ड पर लेकर कहा चूंकि अभी जांच जारी है, इसलिए इस स्टेटस रिपोर्ट को सीलबंद कवर में रखा जाए। हाई कोर्ट ने इंदौर शहर के प्रत्येक एंट्री प्वाइंट के सीसीटीवी फुटेज पेश करने के निर्देश दिए थे। मामले पर सुनवाई के दौरान इंदौर के पुलिस कमिश्नर वर्चुअली और ट्रैफिक डीसीपी व्यक्तिगत रूप से हाजिर हुए थे।

उल्लेखनीय है कि 15 सितंबर की शाम एरोड्रोम इलाके की सड़कों पर एक तेज रफ्तार ट्रक ने करीब एक किलोमीटर तक कई लोगों और वाहनों को कुचला, टक्कर मार दी। इस हादसे में तीन लोगों की मौत हो गई थी और कई घायल हुए थे। हाई कोर्ट ने पुलिस कमिश्नर से पूछा था कि यह गंभीर चूक कैसे हुई। कोर्ट ने यह बताने भी कहा था कि भविष्य में ऐसी घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए क्या योजना है। राज्य शासन की ओर से उप महाधिवक्ता स्वप्निल गांगुली खड़े हुए। हाई कोर्ट ने उक्त घटना को कानून-व्यवस्था और प्रशासन की बड़ी विफलता माना था। अदालत ने कहा था कि यदि नियमों का कड़ाई से पालन हुआ होता, तो शायद यह दर्दनाक हादसा टाला जा सकता था। कोर्ट ने गंभीर नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि जब सड़क सुरक्षा के सख्त नियम मौजूद हैं, तो इस तरह के हादसे होना अत्यंत चिंताजनक है।

## असामाजिक तत्वों की धरपकड़

**जबलपुर।** शहर पुलिस ने जुआ, सट्टा खिलाने वालों एवं अवैध मादक पदार्थ, अवैध हथियार, के कारोबार में लिप्त आरोपियों के साथ चोरी, नकबजनी, मारपीट व थानों में लंबित वारंटों को गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने आरोपियों के पास से देशी, अंग्रेजी, कच्ची शराब, बका व चाकू जब्त किए है। पिछले 24 घंटे में आदतन अपराध करने वाले 49 आरोपियों के विरूद्ध धारा 129 बी.एन.एस.एस. (110 जा.फौ.) के तहत, तथा वाद विवाद करने वाले 74 व्यक्तियों के विरूद्ध 126/135 (*) बी.एन.एस.एस (107/116 जा.फौ.) के तहत, एवं * व्यक्तियो के विरूद्ध धारा 170 बी.एन.एस.एस (515 जा.फौ.) के तहत की गयी है, इसी प्रकार पिछले कई वर्षो से फरार 37 गैरम्यादी, 48 म्यादी वारंटी, को गिरफ्तार किया गया है तथा 25 व्यक्तियों के विरूद्ध 34 आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही करते हुये 49 पाव देशी/अंग्रेजी एवं 35 लीटर कच्ची शराब, जप्त की गयी तथा 4 व्यक्तियो के विरूद्ध 25 आर्म्स एक्ट के तहत कार्यवाही करते हुये 1 बका, 3 चाकू जप्त किये गये।

शासकीय महाविद्यालय में आयोजन 14 को

# एआई का प्रभाव, अवसर और चुनौतियां पर अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन

**सिहोरा।** शासकीय श्याम सुंदर अग्रवाल स्नातकोत्तर महाविद्यालय द्वारा पहली बार 14 नवंबर को एक दिवसीय अंतरराष्ट्रीय अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन सुबह दस बजे से किया जा रहा है।

सिहोरा नगर के लिए गौरव का विषय है की 1956 से स्थापित सिहोरा महाविद्यालय में अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठी का सुअवसर प्राप्त हुआ है। “एआई का प्रभावः अवसर और चुनौतियाँ”, जो वर्तमान तकनीकी परिदृश्य में अत्यंत प्रासंगिक है।भाषा से जुडी. तकनिकी होने के कारण कम्पयूटर के साथ साथ कला विज्ञान एवं साहित्य कोई भविष्य अछुता नहीं है।कृत्रिम बुद्धिमत्ता (AI) के सकारात्मक प्रभाव कार्यक्षमता, सटीकता और समय की बचत और लागत में कमी डेटा-आधारित निर्णय कृषि और मौसम पूर्वानुमान में सटीकता के साथ साथ दुसरा पहलु कृत्रिम बुद्धिमत्ता (AI) के नकारात्मक प्रभाव बेरोजगारी, गोपनीयता खतरे, नैतिक चुनौतियाँ असमानता और सामाजिक तनाव मानवीय संवेदना की कमी आदी चुनोती पर चर्चा की जायेगी

## अमेरिका, तेलंगाना से भी जुड़ेंगे विशेषज्ञ

### 150 से अधिक पंजीयन विदेश से भी जुड़ेंगे विशेषज्ञ

कंप्यूटर साइंस एवम् एप्लीकेशंस विभाग द्वारा आयोजित इस संगोष्ठी का उद्देश्य आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के विविध आयामों—शिक्षा, उद्योग, स्वास्थ्य, पर्यावरण तथा साहित्य—पर इसके प्रभावों, संभावनाओं और चुनौतियों पर गहन विमर्श करना है। यह आयोजन तकनीक और मानवीय मूल्यों के संतुलन की दिशा में एक सार्थक पहल है।संगोष्ठी में देश-विदेश के विशेषज्ञ शामिल होंगे, जिनमें प्रमुख हैं डॉ. रूपेश द्विवेदी (डायरेक्टर, इनसाइट्स एंड डाटा सॉल्यूशन आर्किटेक्ट, कैपजेमिनी अमेरिका),प्रो.उग्रसेन सुमन (विभागाध्यक्ष एवं डीन, कंप्यूटर साइंस, देवी अहिल्या विश्वविद्यालय, इंदौर), प्रो. अखिलेश ए. वाओ (डीन, सीएस/आईटी, ए.के.एस. विश्वविद्यालय, सतना) तथा श्रीकांत मिश्रा, वाइस प्रेसिडेंट, ग्लोबल डिलीवरी हेड, सी. पी. जेड. टेक, हैदराबाद, तेलंगाना के अलावा महाविद्यालय के छात्र भी हिस्सा लेंगें। प्राचार्य प्रो. मनोज कुमार श्रीवास्तव के मार्गदर्शन एवं राजा मोर, अध्यक्ष जनभागीदारी समिति के संरक्षण में इस कार्यक्रम का संयोजन कुणाल कुमार वर्मा, विभागाध्यक्ष (अंग्रेजी) द्वारा किया जा रहा है एवम् प्रो. सुनु आर. के. मैथ्यू (आई.क्यू.ए.सी. समन्वयक) आयोजन की प्रमुख समन्वयक हैं के मार्गदर्शन में संगोष्ठी का आयोजन दो चरणों में किया जायेगा प्रथम चरण में वक्ता संगोष्ठी को संवोधित करेगें बहीं दुसरे चरण में रिसर्च पेपर का प्रजेन्टेशन किया जायेगा।संगोष्ठी में प्रस्तुत चयनित शोध-पत्रों को आईएसएसएन संख्या युक्त शोध पत्रिका में प्रकाशित किया जाएगा।

# मानसिक-शारीरिक दिव्यांग दुष्कर्म पीड़िता का तत्काल गर्भपात करने के निर्देश

**जबलपुर।** मप्र हाईकोर्ट ने मानसिक-शारीरिक दिव्यांग दुष्कर्म पीड़िता का तत्काल गर्भपात करने के निर्देश दिए। पूर्व निर्देश के पालन में सोमवार को एमजीएम मेडिकल कॉलेज इंदौर के डीन डॉ अरविंद घनघोरिया एवं असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ पूजा गांधी हाजिर हुए। जस्टिस विशाल मिश्रा की एकलपीठ ने कहा कि पीड़िता के माता-पिता ने गर्भपात के लिए अपनी इच्छा व्यक्त की है और मेडिकल बोर्ड ने भी राय दी है, इसलिए तत्काल गर्भपात कराया जाए।

**एमजीएम मेडिकल कॉलेज इंदौर के डीन डॉ अरविंद घनघोरिया एवं असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ पूजा गांधी हाईकोर्ट में हुए हाजिर**


कोर्ट ने पीड़िता और उसके परिजनों को तत्काल शासकीय मेडिकल कॉलेज अस्पताल खंडवा के समक्ष उपस्थित रहने के निर्देश दिए। ताकि गर्भपात जल्द से जल्द किया जा सके। डॉक्टरों की एक विशेष टीम गर्भपात के संबंध में निर्णय लेगी। कोर्ट ने सरकार को पूरी एहतियात बरतने के निर्देश दिए। कोर्ट ने कहा कि यदि बच्चा जीवित पैदा होता है, तो उसकी देखभाल करना राज्य सरकार का कर्तव्य होगा। यह मामला खंडवा जिले के पूर्व निमाड़ के प्रधान जिला सत्र न्यायाधीश ने भेजा था। कोर्ट को बताया गया कि पीड़िता के रिश्तेदार ने ही दुष्कर्म किया है। पीड़िता मानसिक व शरीरिक रूप से विकलांग है। पूर्व में कोर्ट ने कहा था कि इस मामले में पीड़िता के परिजनों की सहमति जरूरी है। वीसी लिंक भेजने के बावजूद जब डॉ गांधी सुनवाई से नहीं जुड़ीं तो हाईकोर्ट ने उन्हें व्यक्तिगत रूप से हाजिर होने के निर्देश दिए थे। सुनवाई के बाद कोर्ट ने आदेश की कॉपी कार्रवाई के लिए डीन, एमजीएम मेडिकल कॉलेज इंदौर, डीन शासकीय मेडिकल कॉलेज खंडवा और विशेष न्यायाधीश, खंडवा को भेजने के निर्देश भी दिए।

मामूली टक्कर के बाद दबंगई, 2 गिरफ्तार

# नशे में धुत कार सवारों ने मचाया कोहराम

हरिभूमि, जबलपुर।

गढ़ा थाना क्षेत्र में सड़क पर मामूली टक्कर के बाद नशे में धुत कार सवार युवकों की दबंगई का सनसनीखेज मामला सामने आया है। कार सवार चार युवकों ने बाइक सवार युवक को बीच सड़क रोककर बेरहमी से पीटा, जिसका वीडियो सोमवार को सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो गया। वीडियो में स्पष्ट दिखाई दे रहा है कि युवक नशे की हालत में सड़क किनारे युवक से मारपीट कर रहे हैं और उसे धमका रहे हैं।



घटना त्रिपुरी चौक के पास अंधमूक बायपास की ओर जाने वाले मार्ग की बताई जा रही है। पीड़ित युवक विजय ढीमर ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह अपने भाई अजय से मिलने बाइक से जा रहा था। रास्ते में सड़क किनारे एक कार खड़ी थी, जिसमें चार युवक बैठकर शराब पी रहे थे। इसी दौरान एक ऑटो चालक ने कार को मामूली स्क्रैच मार दिया, और ठीक उसी समय विजय की बाइक भी कार से हल्के से टकरा गई। टक्कर बेहद मामूली थी, जिसमें न कार को कोई नुकसान हुआ और न किसी को चोट आई, लेकिन इसी बात पर कार सवार युवक आक्रोशित हो गए।

पीड़ित के अनुसार, कार में बैठे संतोष चक्रवर्ती और जीतू चक्रवर्ती नीचे उतरे और गाली-गलौज करते हुए उस पर टूट पड़े। विजय ने उन्हें समझाते हुए बताया कि कार को स्क्रैच ऑटो से लगा है, उसकी बाइक से नहीं, लेकिन आरोपी युवक कुछ भी सुनने को तैयार नहीं थे। कार में मौजूद अन्य दो युवक भी मारपीट में शामिल हो गए और पीड़ित को लगातार पीटते हुए कार का नुकसान भरने की धमकी देने लगे।

स्थानीय प्रत्यक्षदर्शियों ने भी बीच-बचाव करते हुए बताया कि स्क्रैच बाइक से नहीं, बल्कि ऑटो से लगा था, लेकिन आरोपियों पर इसका कोई असर नहीं हुआ। इस दौरान किसी राहगीर ने पूरी घटना का वीडियो बना लिया, जो सोमवार को सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद पुलिस तक पहुंचा। मामले की गंभीरता को देखते हुए गढ़ा पुलिस ने तुरंत संज्ञान लिया। सीएसपी आशीष जैन ने बताया कि वीडियो और शिकायत के आधार पर कार्रवाई करते हुए थाना गढ़ा पुलिस ने दोनों मुख्य आरोपियों संतोष चक्रवर्ती और जीतू चक्रवर्ती को गिरफ्तार कर लिया है। अन्य आरोपियों की भूमिका की भी जांच की जा रही है और जल्द ही आगे की वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

पुलिस अधिकारियों का कहना है कि सार्वजनिक स्थान पर नशे की हालत में हुड़दंग और मारपीट करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। वहीं, शहर में इस घटना के बाद आमजन में रोष है, लोग सवाल उठा रहे हैं कि आखिर मामूली बात पर इस तरह की हिंसा और गुंडागर्दी कैसे बढ़ रही है।




**श्रीमती रेखा बाई ठाकुर-** अधारताल स्थित राज्य ग्रामीण विकास संस्थान के निकट निवासी श्री झलकन सिंह ठाकुर की धर्मपत्नी श्रीमती रेखा बाई ठाकुर (76) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री विश्वनाथ राजपूत-** करियापाथर श्मशान भूमि के निकट निवासी श्री विश्वनाथ राजपूत (88) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री सुंदर लाल-** समदड़िया कॉलोनी हैड पोस्ट आफिस के पास सिविल लाइन निवासी श्री सुंदर लाल (90) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री मंगल प्रसाद गुप्ता-** खेरमाई मंदिर परिसर भानतलैया निवासी श्री मंगल प्रसाद गुप्ता (62) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती चंदा पंड्या-** करमेता निवासी श्री राजेंद्र पंड्या की धर्मपत्नी श्रीमती चंदा पंड्या (70) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री सुरेश राज-** हुनमान होटल सिद्धबाबा वार्ड निवासी श्री सुरेश राज (60) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री मनीष पंड्या-** करमेता निवासी श्री राजेंद्र पंड्या के पुत्र श्री मनीष पंड्या (50) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती अनीता चौधरी-** बाबा टोला शास्त्री वार्ड निवासी श्री रामनाथ चौधरी की धर्मपत्नी श्रीमती अनीता चौधरी (85) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती मुन्नी बाई-** राजीव नगर गली नं. 5 आईटीआई माढ़ोताल निवासी श्री शंकर लाल की धर्मपत्नी श्रीमती मुन्नी बाई (78) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री संजय कुमार गुप्ता-** मिलौनीगंज निवासी श्री बाबू लाल गुप्ता के पुत्र श्री संजय कुमार गुप्ता (47) का विगत दिवस निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री संदीप-** बिलहरी मंडला रोड निवासी श्री भगवान दास के पुत्र श्री संदीप (44) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री शिव कुमार थापा-** जोगनी नगर रामपुर छापर निवासी श्री शिव कुमार थापा (60) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती सविता गुलवानी-** सुखसागर ब्लू गौरीघाट रोड निवासी श्री मेघराज गुलवानी की धर्मपत्नी श्रीमती सविता गुलवानी (89) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

हरिभूमि
निजी/शोक/उठावना, पगड़ी रस्म, पुण्यतिथि संबंधी संदेश प्रकाशित कराने के लिए
अब मात्र 40/- प्रति स्क्वायर से.मी.
फिक्स साइज:- से.मी. ब्लैक&व्हाईट 300/-
फिक्स साइज:- से.मी. रंगीन 400/-
फिक्स साइज से.मी. रंगीन 1100/-
सम्पर्क करें विज्ञापन विभाग:-9303508294, 9407362100

## खबर संक्षेप

### बजाज कंज्यूमर केयर का लाभ 33 प्रतिशत बढ़ा

**नई दिल्ली।** घरेलू उपभोग का दैनिक सामान बनाने वाली कंपनी बजाज कंज्यूमर केयर लिमिटेड का चालू वित्त वर्ष 2025-26 की दूसरी तिमाही में एकीकृत शुद्ध लाभ 33 प्रतिशत बढ़कर 42.3 करोड़ रुपये हो गया। कंपनी का गत वित्त वर्ष 2024-25 की दूसरी (जुलाई-सितंबर) तिमाही में एकीकृत शुद्ध लाभ 31.85 करोड़ रुपये था।

### इमामी के लाभ में 29.7 फीसदी की आई गिरावट

**नई दिल्ली।** रोजमर्रा की जरूरत का सामान बनाने वाली घरेलू कंपनी इमामी लिमिटेड का चालू वित्त वर्ष की सितंबर तिमाही में शुद्ध लाभ 29.7 प्रतिशत घटकर 148.35 करोड़ रुपये रह गया। जीएसटी दरों में कटौती की उम्मीद में अस्थायी रूप से बिक्री घटने और कुछ उत्पाद श्रेणियों पर अत्यधिक बारिश के प्रभाव के कारण उसका मुनाफा कम हुआ।

### वोडाफोन आइडिया का घाटा कम होकर 5,524 करोड़ रुपए

**नई दिल्ली।** कर्ज में डूबी दूरसंचार कंपनी वोडाफोन आइडिया का सितंबर, 2025 को समाप्त चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही में एकीकृत शुद्ध घाटा सालाना आधार पर कम होकर 5,524 करोड़ रुपये रह गया। कंपनी ने शेयर बाजारों को यह जानकारी दी। एक साल पहले इसी अवधि में उसे 7,175.9 करोड़ रुपये का शुद्ध घाटा हुआ था।

### वी-मार्ट रिटेल का घाटा कम होकर 8.87 करोड़ रुपए




**नई दिल्ली।** वी-मार्ट रिटेल लिमिटेड का जुलाई-सितंबर तिमाही में शुद्ध घाटा कम होकर 8.87 करोड़ रुपये रह गया। खुदरा व्यापार राजस्व में वृद्धि इसकी मुख्य वजह रही। पिछले साल इसी तिमाही में शुद्ध घाटा 56.51 करोड़ रुपये था। आय 806.87 करोड़ रुपये रही जबकि पिछले वर्ष इसी अवधि में यह 660.97 करोड़ रुपये थी।

### फुजियामा पावर का आईपीओ निर्गम के लिए 13 को खुलेगा




**नई दिल्ली।** 'रूफटॉप' सौर उद्योग के लिए समाधान उपलब्ध कराने वाली कंपनी फुजियामा पावर सिस्टम्स ने 828 करोड़ रुपये जुटाने के लिए 13 नवंबर को अपना आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) लाने की सोमवार को जानकारी दी। आईपीओ के लिए मूल्य दायरा 216 से 228 रुपये प्रति शेयर तय किया गया है।

### मल्होत्रा निप्पॉन पेंट इंडिया के प्रबंध निदेशक नियुक्त




**नई दिल्ली।** जापान की निप्पॉन पेंट होल्डिंग्स शाखा, निप्सिया ग्रुप ने सोमवार को शरद मल्होत्रा को निप्पॉन पेंट इंडिया का प्रबंध निदेशक नियुक्त करने की घोषणा की। उनकी नियुक्ति एक दिसंबर, 2025 से प्रभावी होगी। वह कंपनी में इस पद पर आसीन होने वाले पहले भारतीय हैं। जॉन टैन का स्थान लेंगे और समूह के सीईओ वी स्यू किम को रिपोर्ट करेंगे। कंपनी में इस पद पर नियुक्त होने वाले वह पहले भारतीय हैं और भारत में कारोबार की समग्र दिशा और रणनीति को आगे बढ़ाने के लिए जिम्मेदार होंगे।

---

### मौजूदा सभी नौ इंटरकनेक्शन नियम शामिल

# ट्राई 'इंटरकनेक्शन' नियमों की करेगा समीक्षा, मांगे सुझाव, परिचर्चा पत्र जारी

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

दूरसंचार नियामक ट्राई सभी नौ मौजूदा इंटरकनेक्शन नियमों की समीक्षा कर रहा है। उसने उपग्रह-आधारित दूरसंचार नेटवर्क के लिए अन्य दूरसंचार नेटवर्कों के साथ इंटरकनेक्ट ढांचे सहित कई पहलुओं पर संबंधित पक्षों के सुझाव मांगे हैं। भारतीय दूरसंचार नियामक प्राधिकरण (ट्राई) ने कहा कि कुल मिलाकर, समीक्षा का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि नियामकीय ढांचा प्रौद्योगिकी के विकास और दूरसंचार क्षेत्र में बदलावों को ध्यान में रखे।

सेवा प्रदाताओं के बीच इंटरकनेक्शन के दौरान वर्तमान में लागू विभिन्न शुल्कों से संबंधित नियामक पहलुओं, जैसे इंटरकनेक्शन शुल्क, इंटरकनेक्शन उपयोग शुल्क (उत्पत्ति शुल्क, पारगमन शुल्क, कैरिज शुल्क, ट्रांजिट कैरिज शुल्क, समाप्ति शुल्क और अंतरराष्ट्रीय समाप्ति शुल्क) और रेफरेंस इंटरकनेक्ट ऑफर (आरआईओ) ढांचे की भी परामर्श पत्र के माध्यम से पड़ताल की जा रही है।

#### इंटरकनेक्शन दूरसंचार नेटवर्क की रीढ़ है

*सरल शब्दों में कहें तो, इंटरकनेक्शन विभिन्न दूरसंचार नेटवर्क को जोड़ता है, जिससे उपयोगकर्ताओं के बीच निर्बाध संचार संभव होता है और यह वस्तुतः नेटवर्क की रीढ़ की हड्डी है। इसमें वाणिज्यिक और तकनीकी व्यवस्थाएं शामिल हैं जिनके तहत नेटवर्क प्रदाता अपने नेटवर्क और सेवाओं को जोड़ते हैं ताकि उनके ग्राहक अन्य नेटवर्क प्रदाताओं के ग्राहकों और सेवाओं तक पहुंच बना सकें।*

- उपग्रह व दूरसंचार नेटवर्क के इंटरकनेक्ट ढांचे के लिए मांगे सुझाव
- समीक्षा का उद्देश्य दूरसंचार क्षेत्र में बदलावों को ध्यान में रखे
- रेफरेंस इंटरकनेक्ट ऑफर ढांचे की पड़ताल की जा रही




#### 4जी व 5जी के क्रियान्वयन में तेजी लाने जरूरी

*ट्राई ने कहा कि इसकी समीक्षा आईपी-आधारित इंटरकनेक्शन की जांच पर केंद्रित है। यह अधिक प्रासंगिक है क्योंकि 4जी/5जी के क्रियान्वयन में तेजी लाने के लिए बेहतर सेवा गुणवत्ता, इंटरकनेक्शन के स्तर की आवश्यकता होती है। यह वर्तमान में मोबाइल नेटवर्क इंटरकनेक्शन के लिए एलएसए (लाइसेंस प्राप्त सेवा क्षेत्र) स्तर पर और फिक्स्ड लाइन टेलीफोन नेटवर्क इंटरकनेक्शन के लिए जिला/तहसील स्तर पर हैं।*

#### एसएमएस समाप्ति शुल्क की भी होगी समीक्षा

मौजूदा एसएमएस समाप्ति शुल्क की भी समीक्षा की जानी है, और ट्राई ने पूछा है कि क्या एनएलडीओ (नेशनल लांग डिस्टेंस ऑपरेटर) द्वारा किसी सेवा क्षेत्र के बीच एसएमएस भेजने पर एसएमएस कैरिज शुल्क निर्धारित करने की आवश्यकता है।

#### एमएसएस और फिक्स्ड सैटेलाइट सेवा अलग-अलग हो

*सभी मौजूदा इंटरकनेक्शन नियमों (कुल नौ) की समीक्षा करने वाला यह पत्र, अन्य दूरसंचार नेटवर्क के साथ उपग्रह-आधारित दूरसंचार नेटवर्क के लिए इंटरकनेक्शन ढांचे के बारे में संबंधित पक्षों की राय जानना चाहता है। ट्राई ने कहा, "इसके अलावा, क्या एमएसएस (मोबाइल सैटेलाइट सेवा) और एफएसएस (फिक्स्ड-सैटेलाइट सेवा) उपग्रह-आधारित दूरसंचार नेटवर्क के लिए इंटरकनेक्शन ढांचे अलग-अलग होने चाहिए?"*

#### इंटरकनेक्शन मुद्दों की भी जांच होगी

नियामक ने परामर्श पत्र में कहा, "वर्तमान समीक्षा का उद्देश्य उपग्रह-आधारित दूरसंचार नेटवर्क जैसे उभरते मंचों से संबंधित इंटरकनेक्शन मुद्दों की भी जांच करना है। इसमें प्रमुख पहलुओं में पॉइंट्स ऑफ इंटरकनेक्ट (पीसी) की प्रकृति और स्थान शामिल हैं, विशेष रूप से वे जो सैटेलाइट अर्थ स्टेशन गेटवे और अन्य सैटेलाइट, मोबाइल और फिक्स्ड-लाइन नेटवर्क के साथ उनके इंटरकनेक्शन से जुड़े हैं।"

---

# भारत हुआ अग्रणी डेटा सेंटर बाजारों में शामिल : रिपोर्ट

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



- मुंबई की निर्माण लागत दुनिया में सबसे कम
- मुंबई में डेटा सेंटर निर्माण लागत केवल 6.64 डॉलर प्रति वाट

भारत डेटा सेंटर निवेश के लिए दुनिया के सबसे आकर्षक बाजारों में एक बनकर उभरा है। टर्नर एंड टाउनसेंड के ताजा डेटा सेंटर निर्माण लागत सूचकांक के अनुसार, 2025 में डेटा सेंटर निर्माण के लिए मुंबई दुनिया में दूसरा सबसे कम लागत वाला क्षेत्र था।

रिपोर्ट में कहा गया कि मुंबई में डेटा सेंटर निर्माण लागत केवल 6.64 अमेरिकी डॉलर प्रति वाट है, जिससे यह शहर 52 वैश्विक बाजारों में 51वें स्थान पर है। यह रैंकिंग डेटा सेंटर बनाने की प्रति वाट लागत पर आधारित है, जिसमें पहली रैंक सबसे ज्यादा निर्माण लागत और 52वीं सबसे कम निर्माण लागत को दर्शाती है। इस तरह मुंबई का 51वां स्थान दर्शाता है कि यह डेटा सेंटर निर्माण के लिए दुनिया का दूसरा सबसे किफायती शहर है। कम लागत के कारण भारत को निवेश के लिए एक रणनीतिक बढ़त मिलती है, जो टोक्यो, सिंगापुर और ज्यूरिख जैसे अन्य प्रमुख केंद्रों की तुलना में काफी कम है। मुंबई को 6.71 अमेरिकी सेंट प्रति किलोवाट घंटा की सस्ती बिजली दर का भी लाभ मिलता है, जो शंघाई की तुलना में 50 प्रतिशत से भी कम है।

#### दुनिया का 20 फीसदी डाटा भारत पैदा करता है

भारत दुनिया का 20 प्रतिशत डेटा पैदा करता है, लेकिन वैश्विक डेटा केंद्र क्षमता का केवल तीन प्रतिशत ही उसके पास है।

---

# पेटीएम का भुगतान अनुभव बेहतर बनाने नया ऐप पेश

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

छोटे और मझोले उद्योगों को सेवा देने वाली भुगतान कंपनी पेटीएम (वन97 कम्युनिकेशंस लिमिटेड) ने अपने प्रमुख ऐप का पूरी तरह से नया संस्करण पेश किया है। इसमें उपयोगकर्ताओं के लिए रोजमर्रा के लेन-देन को सुव्यवस्थित और व्यक्तिगत जरूरत के अनुसार बनाने के लिए एआई आधारित सुविधाओं को जोड़ा गया है। इसमें 15 से ज्यादा नए फीचर के साथ एक साफ यूजर इंटरफेस पेश किया गया है, जो 12 देशों के प्रवासी भारतीयों (एनआरआई) सहित देश भर के ग्राहकों के लिए भुगतान को तेज और बेहतर बनाता है। यह नया ऐप एआई पर आधारित है, जिससे यह खर्च करने के रुझान को समझ सकता है, लेनदेन को स्वचालित रूप से व्यवस्थित कर सकता है और व्यक्तिगत जानकारी दे सकता है। पेटीएम के संस्थापक और सीईओ विजय शेखर शर्मा ने कहा, "हमने नए पेटीएम ऐप को एक बेहतर डिजाइन, नए एआई-आधारित अनुभव और नवोन्मेषण के साथ पेश किया है जो इसे सर्वश्रेष्ठ भुगतान ऐप बनाता है। इसके साथ, हम भुगतान में एआई का इस्तेमाल कर रहे हैं, जहां ऐप आपके खर्च को समझता है, उसे स्वचालित रूप से व्यवस्थित करता है।




- रोजमर्रा का लेन-देन पहले से और सुव्यवस्थित होगा
- ऐप में एआई आधारित सुविधाओं को जोड़ा गया

#### हर भुगतान पर एक गोल्ड कॉइन

*सीईओ शर्मा ने कहा, "हम हर भुगतान पर 'गोल्ड कॉइन' भी दे रहे हैं, जिन्हें असली डिजिटल सोने में भुनाया जा सकता है, ताकि हर पेटीएम भुगतान एक सुनहरा भुगतान बन जाए।"*

---

# सोने में 1,300 रुपए की तेजी और चांदी 2,460 रुपए चढ़ी

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



- मजबूत वैश्विक संकेत व कमजोर डॉलर से सराफा में तेजी
- सोना बढ़कर हुआ 1,25,900 रुपए प्रति 10 ग्राम

मजबूत वैश्विक संकेतों और कमजोर डॉलर के बीच सोमवार को राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में सोने की कीमत 1,300 रुपये बढ़कर 1,25,900 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गई। अखिल भारतीय सराफा संघ ने यह जानकारी दी।

99.5 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत शुक्रवार के 1,24,000 रुपये प्रति 10 ग्राम की तुलना में 1,300 रुपये बढ़कर 1,25,300 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी करों सहित) हो गई।

स्थानीय सर्राफा बाजार में, पिछले बाजार सत्र में 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना 1,24,600 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। एचडीएफसी सिक्योरिटीज के वरिष्ठ विश्लेषक (जिंस) सौमिल गांधी ने कहा, "सुरक्षित निवेश की मौजूदा मांग और कमजोर अमेरिकी वृहद आर्थिक आंकड़ों के कारण सोने में सकारात्मक रुख के साथ कारोबार फिर से शुरू हुआ, जिससे अगले महीने होने वाली फेडरल रिजर्व की बैठक में ब्याज दरों में कटौती की उम्मीदें बढ़ गई है। उन्होंने कहा कि कमजोर डॉलर ने सराफा को और समर्थन दिया है। एसोसिएशन के अनुसार, इसके अलावा, सोमवार को चांदी की कीमतें 2,460 रुपये बढ़कर 1,55,760 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी करों सहित) हो गईं। शुक्रवार को यह 1,53,300 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी। वैश्विक स्तर पर, हाजिर सोना 83.12 डॉलर या 2.08 प्रतिशत बढ़कर 4,082.84 डॉलर प्रति औंस हो गया, जबकि हाजिर चांदी 3.30 प्रतिशत बढ़कर 49.93 डॉलर प्रति औंस पर कारोबार कर रही थी। एलकेपी सिक्योरिटीज के जिंस और मुद्रा के उपाध्यक्ष (शोध विश्लेषक) जतिन त्रिवेदी ने कहा, "कमजोर डॉलर और अमेरिकी सरकार के कामकाज फिर से शुरू होने के बाद सकारात्मक धारणा के कारण सोने की कीमतों में तेजी आई। अब ध्यान अमेरिका में उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) और भारत में सीपीआई और डब्ल्यूपीआई मुद्रास्फीति के आंकड़ों सहित प्रमुख मुद्रास्फीति के आंकड़ों पर केंद्रित है जो अल्पकालिक बाजार की दिशा तय करेंगे।"

#### उपभोक्ता धारणा नीचे आई

एचडीएफसी सिक्योरिटीज के सौमिल गांधी ने कहा, "हालिया अमेरिकी व्यापक आर्थिक आंकड़ों से पता चला है कि नवंबर में उपभोक्ता धारणा लगभग 3.5 साल के निचले स्तर पर आ गई है, और निजी रिपोर्ट अक्टूबर में नौकरियों के नुकसान का संकेत दे रही हैं।"

#### नीतिगत अनिश्चितता धातुओं के लिए अनुकूल बनी हुई

गांधी ने कहा, "दुनिया की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था में आर्थिक और नीतिगत अनिश्चितता कीमती धातुओं के लिए अनुकूल बनी हुई है। आने वाले सप्ताह में, हमें उम्मीद है कि सोना और चांदी सकारात्मक रुझान के साथ व्यापक दायरे में मजबूत रहेंगे।"

---

# जेके टायर ने भारत में पेश किया पहला 'एम्बेडेड स्मार्ट' टायर

**एजेंसी : नई दिल्ली।** वाहनों के लिए टायर बनाने वाली कंपनी जेके टायर एंड इंडस्ट्रीज लिमिटेड ने सोमवार को भारत के यात्री वाहन खंड के लिए देश के पहले 'एम्बेडेड स्मार्ट' टायर पेश किए। कंपनी ने यह भी कहा कि वह अगले पांच से छह वर्षों में 5,000 करोड़ रुपये के अतिरिक्त निवेश की योजना बना रही हैं। इस निवेश का मकसद टायर विनिर्माण की क्षमता बढ़ाना है। कंपनी के अनुसार, मध्य प्रदेश स्थित बानमोर (मध्य प्रदेश) संयंत्र में डिजाइन और विकसित किए गए इन टायरों में टायर की संरचना के भीतर उन्नत सेंसर लगाए गए हैं।

---


**कार्यालय उद्यान शास्त्र विभाग**
**जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय, जबलपुर (म.प्र.)**

क्र./उद्यान/2025/942 — **संक्षिप्त निविदा सूचना** — दिनांक :- 10/11/25

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है, कि फल अनुसंधान प्रक्षेत्र इमलिया पर अमरूद फसल की नीलामी दिनांक 17/11/2025 को की जानी है, इसके लिए अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय से निविदा प्रपत्र एंव शर्ते 200/- रुपए नगद या डिंमाड ड्राफट जो कि ज.ने.कृ.वि.वि., जबलपुर करेन्ट एकाउंट सीड रिवालविंग फंड, उद्यान शास्त्र विभाग के नाम देय हो, जमा कर प्राप्त कर सकते हैं। निविदा अपरान्ह 3.00 बजे तक स्वीकार की जावेगी एंव सायं 4.00 बजे विभागाध्यक्ष कार्यालय में खोली जायेगी। इच्छुक व्यक्ति निविदा प्रपत्र कार्यालय से प्राप्त कर सकते है।

(A/c No. 20030200010062)
IPRO/Hort./2025/81

विभागाध्यक्ष
उद्यान शास्त्र विभाग
ज.ने.कृ.वि.वि., जबलपुर



**छत्तीसगढ़ शासन वनविभाग बिलासपुर वनमंडल, बिलासपुर (छत्तीसगढ़)**
**कोटा काष्ठागार नीलाम की संक्षिप्त सूचना**

सर्व सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि बिलासपुर वनमण्डल बिलासपुर के अधीनस्थ काष्ठागार कोटा बिलासपुर में उपलब्ध ईमारती लकड़ी (काष्ठ, जलाऊ) एवं बांस का दर्शित तिथि व समय में ई-ऑक्शन द्वारा निवर्तन किया जाना है। इच्छुक व्यापारी ई-ऑक्शन में अवश्य भाग लेवें। ई-ऑक्शन की शर्तें एवं अन्य जानकारी कार्यालयीन दिवस व समय पर वनमण्डल कार्यालय बिलासपुर अथवा काष्ठागार कोटा डिपो से प्राप्त कर सकते है।

**डिपो का नाम - विक्रय काष्ठगार कोटा, नीलाम दिनांक -20/11/2025, समय-9:00 बजे प्रातः से**
**वनोपज की अनुमानित मात्रा निम्नानुसार है**

| क्र. | प्रजाति | नया | | | पुराना | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | लट्ठा | बल्ली/खूंटा | जलाऊ | लट्ठा | बल्ली/खूंटा | जलाऊ | व्यापारी/औ. बांस | |
| | | घ.मी. | नग | चट्टा | घ.मी. | नग | चट्टा | नग | नो.टन |
| 1 | सागौन | 1.655 | 24 | - | 308.456 | 5514 | 38 | - | - |
| 2 | साल | 32.312 | 194 | - | 120.143 | 319 | - | - | - |
| 3 | बीजा, तिंसा, शीशम | 0.180 | - | - | 25.137 | 47 | - | - | - |
| 4 | साजा | 25.566 | 14 | - | 37.213 | 175 | - | - | - |
| 5 | हल्दू/मुड़ी, | 48.210 | 4 | - | 189.871 | 17 | - | - | - |
| 6 | खम्हार | - | - | - | - | 271 | - | - | - |
| 7 | धावड़ा | 125.167 | 57 | - | 29.447 | 109 | - | - | - |
| 8 | सलई | 58.015 | - | - | 2.777 | - | - | - | - |
| 9 | अन्य | 55.836 | 1328 | - | 218.370 | 3328 | - | - | - |
| 10 | जलाऊ | - | - | 108.5 | - | - | 316 | - | - |
| 11 | व्या. बांस | - | - | - | - | - | - | 1691 | 3.561 |
| 12 | औद्योगिक बांस | - | - | - | - | - | - | - | - |
| 13 | निरस्त लॉट | - | - | - | - | | - | - | - |
| | योग:- | 346.941 | 1621 | 108.5 | 931.414 | 9780 | 354 | 1091 | 3.561 |

टीपः- (1) क्रेता को ई-ऑक्शन के पूर्व एम. एस. टी. सी. ई-ऑक्शन पोर्टल में रजिस्ट्रेशन करना अनिवार्य है। (2) क्रेताओं को ई-ऑक्शन के पूर्व क्रय लाटो के अपसेट प्राईज मूल्य के 10 प्रतिशत की राशि अपने वॉलेट में रखना अनिवार्य है। सफल बोलीदार को एक सप्ताह के भीतर शेष 15 प्रतिशत ई. एम. डी. की राशि जमा करना अनिवार्य है। (3) लॉट की थप्पी एवं फोटो एम. एस. टी. सी. ई- ऑक्शन पोर्टल में अपने आई.डी. से लॉगईन करके देख सकते है। (4) ई-ऑक्शन में लॉट क्रय पश्चात प्रथम क्रेता को 30 सेकेण्ड का समय प्राप्त होगा उसी लॉट में अन्य क्रेताओ द्वारा 30 सेकेण्ड के पूर्व क्रय करने पर 20 सेकेण्ड का समय प्राप्त होगा।

जी-252604604/3

वन मंडलाधिकारी
बिलासपुर, वनमण्डल बिलासपुर (छ.ग.)



**दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे**
**मोतीबाग कार्यशाला, नागपुर ICF / LHB बोगियों के कार्य के लिए ई-निविदा सूचना**

मुख्य कार्यशाला प्रबंधक, मोतीबाग कार्यशाला, दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, नागपुर द्वारा भारत के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से निम्नलिखित कार्य के निष्पादन के लिए ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती है:
**निविदा सूचना सं.:** एमआईबीडब्ल्यू-2025-19-06-09-4R दिनांक: 04.11.2025
**कार्य का विवरण:** मोतीबाग वर्कशॉप, नागपुर में कार्य के दायरे के अनुसार ICF/LHB बोगियों की स्ट्रिपिंग, स्प्रिंग्स की ओवरहालिंग व अन्य गैर-कोर गतिविधियाँ, 01 वर्ष के लिए।
**अनुमानित निविदा मूल्य:** ₹ 2,10,99,830/- (रु. दो करोड़ दस लाख निन्यानवे हजार आठ सौ तीस मात्र), सभी करों सहित, **बयाना राशि:** ₹ 2,55,500/- (रु. दो लाख पचपन हजार पांच सौ मात्र), **अनुबंध की अवधि:** 01 (एक) वर्ष, **निविदा प्रपत्र मूल्य:** ₹ 0 (शून्य)।
**निविदा जमा करना:** निविदाओं के लिए बोलीदाता अपनी मूल/संशोधित बोलियां केवल दिनांक **26.11.2025** के **11:00** बजे तक ही प्रस्तुत कर सकते है।
इन निविदाओं के अंतर्गत मैनुअल प्रस्तावों की अनुमति नहीं है। ऐसे प्रस्तुत किए गए मैनुअल प्रस्ताव को अस्वीकार कर दिया जाएगा।।
उपरोक्त निविदा सम्बंधित विवरण हमारी वेबसाइट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है।

MS/37-173

कार्यशाला प्रबंधक,
दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे,
मोतीबाग, नागपुर

स्वच्छ भारत अभियान — एक कदम स्वच्छता की ओर



**दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे**
**गति शक्ति इकाई के अंतर्गत विभिन्न कार्यों हेतु ई-निविदा सूचना**

उप. मुख्य अभियंता (जीएसयू) द्वारा निम्नलिखित विभिन्न जीएसयू कार्यों के लिए ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती है:
**1. निविदा सूचना क्रमांक:** CPM-GSU-23-NAG-2025-26
**कार्य का नाम:** सेन्ट्रल अस्पताल, नागपुर के लिए व्यापक रखरखाव (CMS आधार पर) सहित मेडिकल गैस पाइपलाइन प्रणाली का प्रावधान, स्थापित और कार्यान्वित करना।
**अनुमानित निविदा मूल्य:** ₹ 20,65,260/-
**बयाना राशि:** ₹ 41,300/-
**2. निविदा सूचना क्रमांक:** CPM-GSU-26-NAG-2025-26
**कार्य का नाम** दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, नागपुर मंडल के विभिन्न स्थानों पर ROB / RUB के निर्माण के संबंध में निजी भूमि का अधिग्रहण।
**अनुमानित निविदा मूल्य:** ₹ 27,90,000/-
**बयाना राशि:** ₹ 55,800/-
बोलीदाता अपनी मूल / संशोधित बोलियां निम्नानुसार 15:00 बजे तक जमा कर सकेंगे:
निविदा क्रमांक 1: दिनांक 28.11.2025 तक
निविदा क्रमांक 2: दिनांक 29.11.2025 तक
मैनुअल ऑफर्स की अनुमति नहीं है और सभी मैनुअल ऑफर्स अस्वीकार कर दिए जाएंगे।
उपरोक्त निविदा सम्बंधित अन्य विवरण वेबसाइट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है।

FL/37-175

उप. मुख्य अभियंता (जीएसयू),
दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे,
नागपुर

स्वच्छ भारत अभियान — एक कदम स्वच्छता की ओर



**Police Headquarters, Chhattisgarh** — Sector-19, Nava Raipur Atal Nagar, 492002

**5th Tender Inviting for 40mm UBGL (Muzzle Loaded)**

No. PHQ/P&P/Arms/ 4907/2025 — Nava Raipur, Dated: 07/11/2025

Sealed tenders are being invited by the Director General of Police, Chhattisgarh on behalf of Governor of Chhattisgarh from Original Equipment Manufacturer (OEM) Or authorized (Only one firm) by OEM for the following item -

| Sl. No. | Name of Items | Qty | EMD in Rs |
|---|---|---|---|
| 1 | 40mm UBGL (Muzzle Loaded) | 410 | 14,35,000/- |

**Note- Quantity will be variable.**

The tender offer in the prescribed tender form along with all the relevant documents sealed and completed in all the respect, must be submitted as per the schedule below -

**SCHEDULE FOR TENDER**

| | | |
|---|---|---|
| (a) | Address for submission of tender document :- | DIG of Police (P&P), Police Headquarters, Chhattisgarh, Sector 19, Nava Raipur-Atal Nagar, Chhattisgarh, Pin- - 492002 |
| (b) | Last Date and Time Submission on Bids | **of 27-11-2025 till 03:00 pm** Block No.- 03, Room No. 309, Police Headquarters, Chhattisgarh, Sector-19, Nava Raipur-Atal Nagar, Pin-492002 |
| (c) | Place, Time and Date of opening Technical Bid :- | **of 27-11-2025 at 04:00 pm** Block No.- 03, Room No. 309, Police Headquarters, Chhattisgarh, Sector-19, Nava Raipur-Atal Nagar, Pin-492002 |
| (d) | Place, Time and Date opening Finanical Bid :- | Shall be intimated later. |
| (e) | Date till which the Bid to remain valid | 180 days from the scheduled date of submission of the Bid. |

Note:- 1. Tender documents can be downloaded from our website www.cgpolice.gov.in and at the time of submission of document tender fee 3,000/- will be paid in the form of DD of State Bank of India/Scheduled Bank (Other than Cooperative Bank) payable at Raipur in favour of Director General of Police PHQ, C.G. Raipur Or State Govt. Challan of Rs. 3,000/- to be deposited in the Head of A/c 0055-Police, 800-other receipt. Tender fee is non refundable and can't be exempted in any condition. 2.If any bidder sends tender documents through Courier/Speed post, the tender documents will be accepted till 03:00 pm on dt. 27-11-2025 at Block No. 03, Room No. 309 Police Headquarters, Chhattisgarh, Sector-19, Nava Raipur-Atal Nagar only. Received tender documents in any other address at PHQ on stipulated date and time, will not be accepted. 3. The purchaser shall not be responsible for any postal delay resulting into non-receipt/non-delivery or late receipt of tender documents. 4. In case of tender opening date being declared as holiday, tenders will be opened on next working day. 5. Modification/Amendments/Corrigendum, if any shall not be advertised on the news paper but shall be published in the aforesaid web site only and the time of submission of bid will also be extended if required. 6. Quantity will be variable at any stage without assigning any reason.

G-252604621/2

(Marish Sharma) DIG of Police (P&P)
For Director General of Police



**निविदा आमंत्रण सूचना (ई-पद्धति)**
**मध्यप्रदेश शासन नर्मदा घाटी विकास विभाग नर्मदा घाटी विकास प्राधिकरण**
**कार्यालय मुख्य अभियंता, अपर नर्मदा जोन, जबलपुर**
Phone No. - 0761-2673450 Fax No. - 0761-2672373 E-mail ceunz.2010@rediffmail.com

NIT No. 302/G/CE/2025 — **निविदा आमंत्रण सूचना (प्रथम आमंत्रण)** — Dated 06/11/2025

मध्यप्रदेश पी.डब्ल्यू.डी. विभाग में केंद्रीकृत पंजीकरण प्रणाली के तहत पंजीकृत ठेकेदार और पंजीकरण मानदंडों को पूरा करने वाली प्रतिष्ठित फर्मो से एम. पी. पी. डब्ल्यू.डी. पी.आई.यू., एम.पी.आर.आर.डी.ए. भोपाल यू.सी.एस.आर. दिनांक 01-01-2024 से लागू प्रतिशत के आधार पर (फॉर्म "ए" में) निम्नलिखित कार्यो के लिए ऑनलाइन निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं :

| सं. क्रं. | निविदा क्रमांक | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (रू. लाख में) | धरोहर राशि (रू. में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य (रू. में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 01 | 302/सा./मु.अ./2025, दिनांक 06/11/2025 | कटंगा कालोनी जबलपुर में स्थित शासकीय आवासीयभवनों, बी.टी. रोड, आर.सी.सी. ड्रेन का सुधार एवं मरम्मत कार्य तथा बाउंड्री वॉल का निर्माण कार्य। | रू. 121.87 लाख (जी.एस.टी. सहित) (रु. एक करोड़ इक्कीस लाख एवं सतासी हजार मात्र) | रू. 1,21,870/- (रु. एक लाख इक्कीस हजार आठ सौ सत्तर मात्र) | रु.12500/- (रू. पांच हजार मात्र) | 12 माह (वर्षाकाल सहित) |

1. निविदा की विस्तृत जानकारी के लिये www.mptenders.gov.in का अवलोकन करें। 2. निविदा प्रपत्र डेबिट कार्ड या इंटरनेट एकाउंट से भुगतान के उपरांत केवल ऑनलाइन निविदा क्रय की जा सकती है। 3. ऑनलाईन निविदा प्रपत्र क्रय करने का दिनांक एवं समय दिनांक 06/11/2025 सायं 17:30 बजे से 21/11/2025 सायं 17:30 बजे तक। 4. निविदा में यदि कोई संशोधन किया जाता है तो यह केवल बेवसाइट पर दशार्या जायेगा। समाचार पत्र में नहीं।

(डी.एल. वर्मा)
मुख्य अभियंता
अपर नर्मदा जोन, जबलपुर

G-21274/25

दुर्घटना से रखनी दूरी है तो हेलमेट सबसे जरूरी है।



**कार्यालय कलेक्टर (नाजरात शाखा) जबलपुर**

क्रमांक /7625 जि.ना. / 2025, — **-: विज्ञप्ति :-** — जबलपुर दिनांक 06/11/2025

कार्यालय कलेक्टर जबलपुर में कार्यालय परिसर कि पार्किंग व्यवस्था के लिए एकीकृत सेवा सुविधा प्रबंधक स्थापित किया जाना है। उक्त प्रयोजन हेतु संस्था / स्वसहायता समूह / व्यक्तिगत को मासिक किराये के आधार पर सीलबंद निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र का मूल्य राशि 1000 /- (एक हजार रुपए) तथा EMD की राशि 200000 / - (दो लाख रुपए) है।
निविदा जमा करने एवं खोलने संबंधी विवरण निम्नानुसार है :-

| क्रं. | विवरण | दिनांक | समय |
|---|---|---|---|
| 1 | निविदा क्रय करने की प्रारंभिक तिथि | 11/11/2025 | 11:00 AM बजे से |
| 2 | निविदा क्रय करने की अंतिम तिथि | 27/11/2025 | 05:30 PM बजे तक |
| 3 | निविदा जमा करने की अंतिम तिथि | 28/11/2025 | 01:00 PM बजे तक |
| 4 | निविदा खोलने की तिथि | 28/11/2025 | 04:00 PM बजे |

1. निविदा पत्र खोलने की की कार्यवाही कार्यालय कलेक्टर जबलपुर कक्ष क्रमांक-18 में निर्धारित समय अनुसार उपस्थित निविदाकारों या उनके प्रतिनिधि के समक्ष गठित समिति के द्वारा किया जायेगा।
निविदा संबंधी जानकारी बेबसाईट www.jabalpur.nic.in पर भी उपलब्ध है।

G-21266/25

अपर कलेक्टर
जबलपुर

## चिंतन

# आतंकवाद के आकाओं को सहन नहीं कश्मीर की शांति

विदेशी धरा पर बैठे आतंकियों के आकाओं से कश्मीर की शांति सहन नहीं हो पा रही। वे रह-रहकर ऐसे प्रयास कर रहे हैं कि किसी भी तरह से एक बार फिर घाटी को आतंकवाद के गर्त में धकेला जा सके। जम्मू-कश्मीर में अक्टूबर 25 वर्षों में सबसे शांतिपूर्ण और 2025 का अब तक का सबसे शांत महीना रहा। इस महीने में केवल दो लोगों की हत्या की सूचना मिली। ये दोनों भी आतंकवादी थे। उनको सुरक्षा बलों ने कुपवाड़ा जिले में नियंत्रण रेखा के पार घुसपैठ की कोशिश के दौरान मार गिराया। पूरे महीने में किसी भी नागरिक या सुरक्षा बल के हताहत होने की खबर नहीं आई। यह 2000 के बाद से सबसे शांतिपूर्ण माह रहा। जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद 370 और 35ए को निरस्त किए जाने के बाद जम्मू और कश्मीर शांति की राह पर हैं। कश्मीर घाटी के चारों ओर तरक्की की बातें हो रही हैं। कभी पाकिस्तान का राग अलापने वाले आज आतंकवाद विरोधी दिख रहे हैं। यहां का युवा पत्थरबाजी-प्रदर्शन को छोड़ अब अमन से बैठ गया है। वह धरती का स्वर्ग कहे जाने वाले कश्मीर के लिए विकास चाहता है और उन्हें पता है कि देश विरोधी लोग उन्हें इस्तेमाल करते थे, जो अब नहीं होगा। कश्मीरी युवा भारतीय सेना में भर्ती होकर देश सेवा करना चाहता है। यहां की आबोहवा अब बदल चुकी है। पूरे जम्मू कश्मीर में आतंक के गढ़ रहे इलाकों से सरहद तक अमन की बयार बह रही है। गांवों-शहरों में सरकारी इमारतों से लेकर सरहद तक हर ओर तिरंगा लहरा रहा है, यहां तक कि लाल चौक पर भी तिरंगा देखने को मिलता है। आतंकवाद को दरकिनार कर युवा पीढ़ी काम-धंधे में जुटने लगी है। पिछले दिनों सेना में भर्ती होने के लिए कश्मीर और जम्मू में बड़ी-बड़ी कतारें देखी गईं। कश्मीर में बच्चे सड़कों में खेलते हुए नजर आ रहे हैं। आतंक की वजह से पीर पंजाल की सेवन लेक्स पर भी लोगों की आवाजाही कम हो गई थी, अब लोग जा रहे हैं। आतंकियों के आकाओं से यही सहन नहीं हो पा रहा। घाटी में कड़ी सुरक्षा है तो वे अब घाटी से बाहर आतंकवाद का साजो सामान जुटाने की फिराक में हैं ताकि किसी भी समय कश्मीर को फिर से आग की लपटों में धकेला जा सके, लेकिन हमारे सुरक्षा बल उनके हर प्रयास को विफल कर रहे हैं। जम्मू-कश्मीर पुलिस ने हरियाणा के फरीदाबाद में एक डॉक्टर के घर से 360 किलो विस्फोटक अमोनियम नाइट्रेट बरामद किया है। इसके साथ ही असॉल्ट राइफल और कारतूस भी मिले हैं। गिरफ्तार डॉक्टर का नाम मुजम्मिल शकील है। यह फरीदाबाद की अलफलाह यूनिवर्सिटी में पढ़ाता था। यह पुलवामा के कोइल का रहने वाला है। पुलिस ने लखनऊ से भी एक महिला डॉक्टर शाहीन शाहिद को गिरफ्तार किया गया है। शाहीन डॉक्टर मुजम्मिल शकील की महिला मित्र है। मुजम्मिल, डॉक्टर शाहीन की कार इस्तेमाल करता था। शाहीन की कार से ही एके-47 राइफल, जिंदा कारतूस और अन्य संदिग्ध सामग्री बरामद हुई। जम्मू कश्मीर पुलिस ने अब तक कुल 2900 किलो बम बनाने की सामग्री बरामद की है। यह मॉड्यूल जैश-ए-मोहम्मद और अंसर गजवात-उल-हिंद जैसे प्रतिबंधित संगठनों से जुड़ा हुआ था, जो घाटी में दहशतगर्दी फैलाने की फिराक में थे। सुरक्षा बलों ने यह बेहतरीन काम किया है, लेकिन जरूरत है कि उन लोगों का पक्का इलाज किया जाए, जो दूर रहकर आतंक को हवा देने की कोशिशों में जुटे हैं। तभी कश्मीर में स्थायी शांति कायम हो पाएगी।



आर्थिकी
डॉ. अश्विनी महाजन

# शटडाउनः अमेरिकी व्यवस्था की कमज़ोरी

> 1 अक्टूबर से अमेरिकी सरकार का कामकाज लगभग ठप हो गया है। लगभग 900,000 संघीय कर्मचारियों को छुट्टी पर भेज दिया गया है, और 20 लाख अन्य को बिना वेतन के काम करने के लिए मजबूर किया जा रहा है। केवल स्वास्थ्य सेवा, स्वास्थ्य सहायता और परिवहन सुरक्षा प्रशासन जैसी आवश्यक सेवाएं ही अपवाद हैं। अमेरिकी इतिहास में यह 11वां शटडाउन है जिसके परिणामस्वरूप सरकारी सेवाएं ठप हो गई हैं। वास्तव में, अमेरिका का बंद होना उभरती अर्थव्यवस्थाओं, विशेषकर भारत के लिए आत्मनिर्भरता, संतुलित व्यापार और सहकारी संघवाद पर आधारित एक नए वैश्विक आर्थिक नेतृत्व को स्थापित करने का एक अवसर है।

जबकि दुनिया इस समय अमेरिकी राष्ट्रपति द्वारा लगाए गए अनुचित और बहुपक्षीय व्यापार नियमों के विरुद्ध टैरिफ पर चर्चा कर रही है, एक महत्वपूर्ण विषय जिस पर अभी तक विस्तृत चर्चा नहीं हुई है, वह है अमेरिकी सरकार का शटडाउन, जो 1 अक्टूबर, 2025 से चल रहा है और 4 नवंबर को, इस शटडाउन ने पिछले ट्रंप प्रशासन के दौरान 2018 के पिछले 35 दिनों के शटडाउन को पीछे छोड़ते हुए एक नया रिकॉर्ड बनाया है। 1 अक्टूबर से अमेरिकी सरकार का कामकाज लगभग ठप हो गया है। लगभग 900,000 संघीय कर्मचारियों को छुट्टी पर भेज दिया गया है, और 20 लाख अन्य को बिना वेतन के काम करने के लिए मजबूर किया जा रहा है। केवल स्वास्थ्य सेवा, स्वास्थ्य सहायता और परिवहन सुरक्षा प्रशासन जैसी आवश्यक सेवाएं ही अपवाद हैं। अमेरिकी इतिहास में यह 11वां शटडाउन है जिसके परिणामस्वरूप सरकारी सेवाएं ठप हो गई हैं। इससे पहले सबसे लंबा शटडाउन 2018-19 में हुआ था, जो पिछले ट्रंप के कार्यकाल में 35 दिनों तक चला था, हालांकि यह पूर्ण सरकारी शटडाउन नहीं था। ज़रा सोचिए, अगर ऐसा भारत में होता, जहां सभी सरकारी प्रतिष्ठान बंद हो जाते और सरकारी कर्मचारियों को छुट्टी पर जाने के लिए मजबूर होना पड़ता, तो दुनिया भर में, खासकर अमेरिका में, भारतीय संविधान और व्यवस्था की आलोचना करते हुए ढेरों लेख लिखे जाते। फिर भी, अमेरिका में हुई इतनी बड़ी घटना की भी बहुत कम रिपोर्टिंग हो रही है। अमेरिका में दो प्रमुख पार्टियां हैं रिपब्लिकन पार्टी और डेमोक्रेटिक पार्टी। गौरतलब है कि राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप रिपब्लिकन पार्टी से हैं। रिपब्लिकन द्वारा संचालित सदन ने तुरंत एक वित्त पोषण विधेयक पारित किया, लेकिन सीनेट में इसे समर्थन नहीं मिला। डेमोक्रेटिक पार्टी का दावा है कि स्वास्थ्य बीमा सब्सिडी (खासकर अफोर्डेबल केयर एक्ट से संबंधित) बजट में शामिल नहीं हैं। इसके अलावा, कांग्रेस ने शिकायत की है कि राष्ट्रपति प्रशासन बजट प्रक्रिया में कांग्रेस की शक्तियों का अतिक्रमण कर रहा है। कांग्रेस को डर है कि बिना शर्त बजट अनुमोदन कांग्रेस की शक्तियों का हनन होगा। शटडाउन ने न केवल सरकारी कामकाज को ठप कर दिया है, बल्कि 4 करोड़ से ज़्यादा लोगों के लिए खाद्य सहायता, खासकर पूरक पोषण सहायता कार्यक्रम (स्नैप) के बंद होने का भी खतरा पैदा कर दिया है। कुछ विभागों ने सैन्य कर्मियों को वेतन सुनिश्चित करने के लिए निजी क्षेत्र से भी धन जुटाया है। हालांकि, डेमोक्रेट अड़े नहीं हैं; उन्होंने अपनी मांग को घटाकर केवल 20 अरब डॉलर कर दिया है, जो उनकी पिछली मांग से काफ़ी कम है, फिर भी समाधान दूर की कौड़ी है। मौजूदा मामले में, संघर्ष सिर्फ़ पार्टियों के बीच का नहीं है; सत्तारूढ़ रिपब्लिकन पार्टी के भीतर भी मतभेद हैं। गौरतलब है कि संयुक्त राज्य अमेरिका में 3 नवंबर, 2026 को बड़े पैमाने पर चुनाव होने वाले हैं। इन मध्यावधि चुनावों में अमेरिकी प्रतिनिधि सभा की सभी 435 सीटों और अमेरिकी सीनेट की 100 में से 35 सीटों के लिए चुनाव होंगे, जिससे 120वीं संयुक्त राज्य कांग्रेस का गठन होगा। 29 राज्य और क्षेत्रीय गवर्नर चुनाव, साथ ही कई राज्य और स्थानीय चुनाव भी लड़े जाएंगे। अमेरिका में आगामी मध्यावधि चुनाव वास्तव में सरकारी बंद के त्वरित या स्थायी समाधान में बाधा बन रहे हैं। राष्ट्रीय हित



पर आम सहमति से ज़्यादा राजनीतिक गुणा-भाग महत्वपूर्ण होते जा रहे हैं। हमें यह समझना होगा कि संयुक्त राज्य अमेरिका में लगातार जारी बंद केवल प्रशासनिक विफलता नहीं, बल्कि अमेरिकी आर्थिक और राजनीतिक व्यवस्था की गहरी संरचनात्मक और वैचारिक कमज़ोरियों का लक्षण है। इतना लंबा शटडाउन अमेरिकी राजनीतिक व्यवस्था की प्रतिस्पर्धी हितों, खासकर राजकोषीय विवेक और राजनीतिक लोकलुभावनवाद के बीच सामंजस्य बिठाने में असमर्थता को दर्शाता है। बजट को मंजूरी देने या ऋण सीमा बढ़ाने में विफलता (जैसा कि हमने पहले भी देखा है) एक खंडित लोकतंत्र को दर्शाती है जो निहित स्वार्थों के हाथों बंधक बना हुआ है, जहां अल्पकालिक राजनीतिक लाभ दीर्घकालिक राष्ट्रीय प्राथमिकताओं पर भारी पड़ते हैं। पिछले कुछ वर्षों में, पश्चिमी अर्थव्यवस्थाओं की ऋण और घाटे के वित्तपोषण पर असंतुलित निर्भरता से हमें कोई राहत नहीं मिली है। इस शटडाउन ने उजागर किया है कि कैसे अमेरिकी आर्थिक मॉडल लगातार उधार लेने का आदी हो गया है और राजनीतिक नेता राजकोषीय अनुशासनहीनता के परिणामों का सामना करने को तैयार नहीं हैं। अमेरिकी नीति निर्माताओं के दोहरे मापदंड पूरी तरह से उजागर हो गए हैं, क्योंकि अमेरिका आईएमएफ और विश्व बैंक जैसी संस्थाओं के माध्यम से विकासशील देशों को राजकोषीय जिम्मेदारी का उपदेश देता है, लेकिन घरेलू स्तर पर इसका पालन करने में बुरी तरह विफल रहता है।

हम देखते हैं कि वैश्विक आर्थिक असंतुलन एक तरह से अमेरिकी डॉलर के आधिपत्य से जुड़े हैं। हम समझते हैं कि शटडाउन और बार-बार ऋण सीमा संकट अमेरिकी वित्तीय प्रणाली में वैश्विक विश्वास को कमज़ोर कर रहे हैं। यह दुनिया में डॉलर-विमुद्रीकरण की प्रक्रिया को बढ़ावा दे रहा है और भारत में अस्थिर पश्चिमी अर्थव्यवस्थाओं पर निर्भर रहने के बजाय आत्मनिर्भर वित्तीय तंत्र बनाने के विश्वास को मज़बूत कर रहा है। कोई भी आसानी से समझ सकता है कि शटडाउन एक व्यक्तिवादी और उपभोग-आधारित आर्थिक व्यवस्था का परिणाम है जो लोगों की तुलना में बाज़ारों को प्राथमिकता देती है। आम अमेरिकी नागरिकों-बिना वेतन वाले सरकारी कर्मचारी, सेवाओं में देरी और सामाजिक असुरक्षा स्पष्ट रूप से इस नव उदारवाद की विफलता का संकेतक है। विश्व की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था होने के कारण इस शटडाउन का प्रभाव केवल अमेरिका तक सीमित नहीं रहता, अपितु पूरे विश्व तक पहुंचता है। अंतरराष्ट्रीय निवेशक अमरीकी स्थिति देखकर चिंतित हो जाते हैं। डॉलर की स्थिरता पर प्रश्न खड़े होने लगते हैं और विदेशी निवेशक अपने धन सुरक्षित रखने के लिए अन्य विकल्प खोजने लगते हैं। हालांकि सामान्य रूप से पश्चिमी मीडिया और विशेष रूप से अमेरिका भारतीय संस्थानों को कमज़ोर दिखाने का कोई अवसर नहीं छोड़ता, शटडाउन उस कहानी को ध्वस्त कर रहा है, क्योंकि हम देख रहे हैं कि पश्चिमी आर्थिक प्रणाली की तुलना में भारत में कहीं बेहतर संस्थागत स्थिरता को है। राजनीतिक मतभेदों के बावजूद, भारत को कभी भी इस तरह के शटडाउन का सामना नहीं करना पड़ा है क्योंकि बजट अनुमोदन को राष्ट्रीय ज़िम्मेदारी माना जाता है, न कि राजनीतिक सौदेबाज़ी। वास्तव में, अमेरिका का बंद होना उभरती अर्थव्यवस्थाओं, विशेषकर भारत के लिए आत्मनिर्भरता, संतुलित व्यापार और सहकारी संघवाद पर आधारित एक नए वैश्विक आर्थिक नेतृत्व को स्थापित करने का एक अवसर है। जब पश्चिम अपने विरोधाभासों के बोझ तले लड़खड़ाता है, तो भारत को अपने मूल्यों के आधार पर आगे बढ़ना चाहिए, न कि उनके उधार लिए गए मॉडलों के आधार पर।

(लेखक पूर्व प्रोफेसर, पीजीडीएवी कॉलेज, दिल्ली विवि है, ये उनके अपने विचार हैं।)
लेख पर अपनी प्रतिक्रिया haribhoomi@gmail.com पर दे सकते हैं।


## जयंती विशेष



विवेक शुक्ला

# प्रतिभाओं के पारखी थे मौलाना आजाद

मौलाना अबुल कलाम को आज उनकी राजधानी में जामा मस्जिद के पास स्थित मजार पर श्रद्धांजलि देने के लिए कुछ लोग पहुंचेंगे। इनकी संख्या बीसेक ही रहती है। ये मोटे तौर पर वही लोग होते हैं, जो हर बरस उनकी जयंती (11 नवंबर) और पुण्यतिथि (22 फरवरी) पर वक्त निकाल कर आते हैं। अब आप समझ सकते हैं कि मौलाना आजाद की मजार पर सामान्य दिनों में तो कोई भी नहीं आता। तो कहा जा सकता है कि भारत के पहले शिक्षा मंत्री, स्वतंत्रता सेनानी,हिंदू-मुस्लिम एकता के प्रतीक के प्रति देशका किस तरह का ठंडा रवैया है। कुछ साल पहले तक राष्ट्रपति और दिल्ली के उप राज्यपाल की ओर से मजार पर श्रृद्धा सुमन अर्पित किए जाते थे, मगर वह रिवायत अब टूट चुकी है। अगर आप राजधानी में जनपथ से मौलाना आजाद रोड की तरफ बढ़ते हैं, तो आपको सड़क के शुरू में ही बायीं तरफ विज्ञान भवन मिलता है। इस सड़क की पहचान इसलिए होती है, क्योंकि इधर विज्ञान भवन और लंबे समय तक रहा देश के उप राष्ट्रपति का आवास रहा है। कुछ समय पहले यहां से उपराष्ट्रपति आवास शिफ्ट हो चुका है। ये सड़क किंग एडवर्ड रोड से मौलाना आजाद रोड इसलिए हो गई थी, क्योंकि इसी सड़क के 4 नंबर के बंगले में मौलाना आजाद 1947 से 22 फरवरी 1958 को अपनी मृत्यु तक रहे थे। दरअसल जिधर विज्ञान भवन की एनेक्सी है वहां पर ही था मौलाना आजाद का सरकारी बंगला। दूसरे हिस्से में




विज्ञान भवन बना। कौन रहता था मौलाना के साथ जब मौलाना आजाद 4 नंबर एडवर्ड रोड में रहते थे तब उनके साथ उनका एक भतीजा नुरूदीन अहमद, जिसे वे अपना पुत्र ही मानते थे, और कुछ अन्य रिश्तेदार भी रहते थे। मौलाना आजाद कोलकाता से सन 1920 के आसपास दिल्ली आ गए थे, जब महात्मा गांधी और पंडित नेहरू ने उन्हें भारत के स्वाधीनता संग्राम को सशक्त बनाने के लिए यहां रहने के लिए आमंत्रित किया। तब मौलाना आज़ाद के पास रहने को जगह और देने को किराया नहीं था। फिरोज बख्त अहमद बताते हैं कि उन्हें दिल्ली में रहने के लिए एक घर 'हमदर्द दवाखाना' के हकीम अब्दुल मजीद ने दरियागंज में दिया था। मौलाना आजाद का घर देखते-देखते दिल्ली के दानिशमंदों,लेखकों और नौजवानों का पसंदीदा स्थान बन गया।

मौलाना आज़ाद के घर में किताबों का अंबार था। मौलाना आजाद अपने दोस्तों को भी किताबें भेंट किया करते थे। मौलाना अबुल कलाम आजाद ने देश के शिक्षा मंत्री के रूप में कई प्रतिभाओं को पहचाना और तराशा। उनमें डॉ. कपिला वात्स्यायन भी थीं। भारत के सामने 1947 के बाद अपनी सांस्कृतिक विरासत को उसका सही स्थान देने की चुनौती थी। उस दौर में मौलाना आजाद ने कपिला वात्स्यायन को अपने साथ जोड़ा। यह बात 1956 की है। मौलाना आजाद ने देश में संग्रहालयों को लेकर व्यापक नीति बनाने के लिए बैठक बुलाई। उसमें, उन्होंने इस बात पर चिंता जताई कि ब्रिटिश काल के दौरान देश की बहुत सी बहुमूल्य धरोहरें देश से बाहर चली गईं। उन्हें वापस लाने के प्रयास करने होंगे। इसके साथ ही नए संग्रहालयों के निर्माण पर फोकस रखना होगा। मौलाना आजाद के विभाग से जुड़े कई आला अफसर, जिनमें कपिला वात्स्यायन भी थीं, का 4 किंग एडवर्ड रोड में आना-जाना लगा रहता था। मौलाना आजाद देश के टूटने से बुरी तरह से हिल गए थे। मौलाना आजाद कहते थे कि अगर मुसलमानों के लिए अलग मुल्क बनाना सही है तो यहुदियों के लिए अलग मुल्क बनाना गलत कैसे है। इस संवाद को जब-जब मशहूर एक्टर टॉम आल्टर ने डॉ.एम. सईद आलम द्वारा लिखित और निर्देशित एकल नाटक मौलाना आजाद में बोला तो उन्हें दर्शकों की भरपूर तालियां मिलीं।

मौलाना आजाद के भतीजे फिरोज बख्त अहमद बताते हैं कि उन्होंने 23 अक्तूबर, 1947 को मुसलमानों का आह्वान किया था कि वे पाकिस्तान जाने का इरादा छोड़ दें। वे भारत में ही रहें। उन्हें किसी बात की फिक्र करने की कोई वजह नहीं है। भारत उनका है। मौलाना आजाद की तकरीर के बाद सैकड़ों मुसलमानों ने पाकिस्तान जाने के अपने इरादे को छोड़ दिया था। बहरहाल, मौलाना आजाद की विरासत को जीवित रखने की जरूरत है।

(लेखक वरिष्ठ स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

# श्रद्धामयोऽयं पुरुषो यो यच्छ्रद्धः स एव सः



संकलित
## दर्शन

गीताकार ने कहा है कि श्रद्धामयोऽयं पुरुषो यो यच्छ्रद्धः स एव सः अर्थात जिसकी जैसी श्रद्धा होती है, वह स्वयं ही वही यानी उसी के अनुरूप बन जाता है। शिष्य और गुरु के मध्य जो श्रद्धा के सूत्रों का सशक्त बंधन होता है, वही लक्ष्य तक पहुंचाने और अध्यात्म की समस्त विभूतियां प्राप्त कराने में प्रमुख भूमिका निभाता है। जिस श्रद्धा के सहारे मीरा ने गिरधर गोपाल को साथ रहने के लिए विवश किया, एकलव्य ने द्रोणाचार्य की मिट्टी से बनी प्रतिमा को असली द्रोण से भी अधिक समर्थ बनाया और रामकृष्ण परमहंस ने पत्थर की प्रतिमा को जीवंत काली जैसा भोग ग्रहण करने के लिए सहमत कर लिया था, वह श्रद्धा तत्व ही आत्मिक प्रगति का आधारभूत है। इसे उपार्जित करने के लिए जीवंत गुरु का आश्रय लेना पड़ता है। जीवन के प्रत्येक महत्वपूर्ण कार्य के लिए सद्गुरु के अवलंबन की आवश्यकता पड़ती है। आत्मिक प्रगति के लिए सद्गुरु का आश्रय लिए जाने की बात प्राचीन आर्ष ग्रंथों से लेकर ऋषि-मुनियों तक ने कही है। आत्मिक प्रगति, भिन्न स्तर का सोच अपनाने और तदनुरूप अपने क्रियाकलापों को ढालने के लिए सशक्त अवलंबन की आवश्यकता पड़ती है। यह कार्य समर्थ आदर्शवादी और श्रेष्ठ स्तर के व्यक्तित्वों के साथ घनिष्ठता स्थापित करने पर ही बनता है। इसी व्यवस्था को गुरुवरण कहते हैं। गुरु के रूप में एक ऐसी सत्ता के प्रति संपूर्ण समर्पण, जो उत्कृष्टताओं और सत्प्रवृत्तियों का समुच्चय हो।

# राजा हैं, फिर भी घमंडी ना बनें



संकलित
## प्रेरणा

एक राज्य में एक राजा रहता था जो बहुत घमंडी था। उसके घमंड के चलते आस पास के राज्य के राजाओं से भी उसके संबंध अच्छे नहीं थे। उसके घमंड की वजह से सारे राज्य के लोग उसकी बुराई करते थे। एक बार उस गाँव से एक साधु महात्मा गुजर रहे थे उन्होंने भी राजा के बारे में सुना और राजा को सबक सिखाने की सोची। साधु तेजी से राजमहल की ओर गए और बिना प्रहरियों से पूछे सीधे अंदर चले गए। राजा ने देखा तो वो गुस्से में भर गया। राजा बोला- ये क्या उदण्डता है महात्मा जी, आप बिना किसी की आज्ञा के अंदर कैसे आ गए? साधु ने विनम्रता से उत्तर दिया- मैं आज रात इस सराय में रुकना चाहता हूँ। राजा को ये बात बहुत बुरी लगी वो बोला- महात्मा जी ये मेरा राज महल है कोई सराय नहीं, कहीं और जाइये। साधु ने कहा- हे राजा, तुमसे पहले ये राजमहल किसका था? राजा- मेरे पिताजी का, साधु- तुम्हारे पिताजी से पहले ये किसका था? राजा- मेरे दादाजी का। साधु ने मुस्करा कर कहा- हे राजा, जिस तरह लोग सराय में कुछ देर रहने के लिए आते है वैसे ही ये तुम्हारा राज महल भी है जो कुछ समय के लिए तुम्हारे दादाजी का था, फिर कुछ समय के लिए तुम्हारे पिताजी का था, अब कुछ समय के लिए तुम्हारा है, कल किसी और का होगा। ये राजमहल जिस पर तुम्हें इतना घमंड है ये एक सराय ही है जहां एक व्यक्ति कुछ समय के लिए आता है और फिर चला जाता है। साधु की बातों से राजा इतना प्रभावित हुआ कि सारा राजपाट, मान सम्मान छोड़कर साधु के चरणों में गिर पड़ा।

## सटाका




## आज की पाती

### मिलावटी चीजों से सावधान रहें

आज बहुत से ऐसे लोग भी हैं जो अपने थोड़े से फायदे के लिए खाने-पीने की चीजों में मिलावट करके दूसरों की जान को भी जोखिम में डाल देते हैं। लेकिन चंद सिक्कों की खातिर दूसरों की जान जोखिम में डालना मानवता के खिलाफ है। खाने-पीने की मिलावटी चीजें तो जहर समान होती है। स्वस्थ भारत के लिए खानपान की चीजों में मिलावट रोकना भी बहुत जरूरी है। खाद्य पदार्थों में मिलावट इस कारण नहीं रुक रही, क्योंकि एक तो आमजन सरकार द्वारा बनाए गए उपभोक्ता संरक्षण के कानून के प्रति जागरूक नहीं है, दूसरा सरकार और प्रशासन मिलावट रोकने के लिए गंभीरता नहीं दिखाते। तीसरा कारण सरकारी तंत्र में फैला भ्रष्टाचार है। इसके कारण खाद्य पदार्थों की जांच समय-समय पर नहीं होती।

*- प्रवीण शुक्ला, धमतरी*

## ट्रेंड

### कितनी नौकरियां दी



कभी राहुल गांधी, तो कभी तेजस्वी आते हैं और कहते हैं- हम हर घर में नौकरी देंगे। लेकिन अब तक तुमने कितनी नौकरियां दीं? ये दोनों बेईमान हमें पटियाने आए हैं; ये समझते हैं कि जनता बुद्धू बन जाएगी।
-शिवराज सिंह चौहान, केंद्रीय कृषि मंत्री

### प्रत्येक वार्ड सुंदर बने



जनता का आशीर्वाद, जनता के प्रति स्नेह, जनता का सेवाभाव। यही हमारा काम है और इस काम को करते हुए दिल्ली में 12 सीटों पर हम चुनाव लड़ेंगे। हम चाहते हैं कि दिल्ली का प्रत्येक वार्ड सुंदर बने, बेहतर बने और वहां विकास कार्य हों।
-रेखा गुप्ता, सीएम, नई दिल्ली

### अवैध प्रवासी बढ़े



आंकड़े बताते हैं कि अवैध प्रवासियों और एक खास समुदाय की आबादी, संपत्ति और ज़मीन के स्वामित्व में तेज़ी से बढ़ोतरी हुई है - यह मूल असमियों पर अपना दबदबा बनाने की साफ़कोशिश है।
- हिमंत बिस्वा सरमा, सीएम, असम

### महागठबंधन कुछ नहीं



महागठबंधन कुछ नहीं, एक-दूसरे की टांग खींचने और धोखेबाजी का खेल है। इसके तीन खिलाड़ी राहुल गांधी, तेजस्वी यादव और अखिलेश यादव हैं। इन तीनों की अपनी-अपनी ढपली, अपना-अपना राग है। गांधी जी किसी भी क़ीमत पर नहीं चाहते कि दोनों यादव मुख्यमंत्री बनें।
-केशव प्रसाद मौर्य, डिप्टी सीएम, उप्र

हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
66/1 इंडस्ट्रियल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मप्र)
पिन कोड-482002
ई-मेल : edit@haribhoomi.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com

## करंट अफेयर

# पाक के पंजाब में शेरशाह सूरी युग की सराय मिली



पाकिस्तान में पंजाब सरकार के पुरातत्व विभाग ने लाहौर से लगभग 220 किलोमीटर दूर हड़प्पा के खंडहरों के पास शेरशाह सूरी के युग की, 16वीं सदी की सराय (विश्राम स्थल) को खोजा है। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। यह सराय मुख्य शेर शाह सूरी मार्ग के दक्षिणी हिस्से पर स्थित है। यह शेर शाह सूरी (1540-1545) के समय डाक काफिलों के लिए विश्राम स्थल था। शेर शाह सूरी एक अफगान शासक थे जिन्होंने मुगल साम्राज्य को कुछ समय के लिए हटाकर सूर साम्राज्य की स्थापना की थी। उन्होंने 1540 में मुगल बादशाह हुमायूं को हराकर अपने वंश का साम्राज्य स्थापित किया था, लेकिन सूर साम्राज्य बहुत समय तक नहीं चला, और 1545 में शेरशाह सूरी की मृत्यु के बाद मुग़ल साम्राज्य ने नियंत्रण हासिल कर लिया। पंजाब के पर्यटन सचिव डॉ. एहसान भुट्टा के अनुसार, स्थल पर मिलीं ईंट हड़प्पा काल की हैं, लेकिन इसमें शेर शाह सूरी के युग की विशेषताएं भी मौजूद हैं, जैसे बरामदा, जलाशय आदि। उन्होंने कहा, अधिक खुदाई करने से हमें यहां रहने वाले लोगों की जीवनशैली के बारे में पता चलेगा। उम्मीद है कि हड़प्पा काल की और भी विशेषताएं सामने आएंगी। उन्होंने बताया कि पुरातात्विक खुदाई में उत्तरी दिशा में मुख्य द्वार और द्वार के दोनों ओर तीन कमरे मिले हैं।

## ऑफ बीट

# डॉक्टरों की तुलना में आगे निकलता दिख रहा एआई



शतरंज, कला और चिकित्सकीय निदान में अपनी क्षमता साबित कर चुकी कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) तकनीक अब चिकित्सा के क्षेत्र में डॉक्टरों से आगे निकलती दिख रही है। मरीजों के लिए डॉक्टरों में पाया जाने वाला मानवीय गुण 'सहानुभूति' अब एआई में पाया जा रहा है। ब्रिटिश मेडिकल बुलेटिन में प्रकाशित हालिया समीक्षा में 15 अध्ययनों का विश्लेषण किया गया। इसमें एआई द्वारा लिखे गए जवाबों की तुलना स्वास्थ्य पेशेवरों के लिखित उत्तरों से की गई। शोधकर्ताओं ने दोनों प्रकार के उत्तरों का सहानुभूति के आधार पर मूल्यांकन किया। परिणाम चौंकाने वाले थे- 15 में से 13 अध्ययनों (करीब 87 प्रतिशत) में एआई के उत्तर अधिक सहानुभूतिपूर्ण पाए गए। हालांकि, विशेषज्ञों का कहना है कि इससे पहले कि हम स्वास्थ्य सेवा की मानवीय संवेदना एआई के हवाले कर दें, यह समझना जरूरी है कि वास्तव में हो क्या रहा है। इन अध्ययनों में आमने-सामने बातचीत के बजाय केवल लिखित उत्तरों की तुलना की गई थी, जिससे एआई को एक संरचनात्मक बढ़त मिली। न स्वर की गलत व्याख्या का जोखिम, न शरीर की भाषा को समझने की चुनौती, और सही उत्तर देने के लिए असीमित समय दिया गया। महत्वपूर्ण बात यह है कि इन अध्ययनों में किसी प्रकार की हानि को नहीं मापा गया।

# वित्त विभाग का निर्देश-टेंडर में 'बची' राशि से 'नए' काम नहीं करा पाएंगे विभाग

## विभागों को किसी भी स्थिति में बचत की राशि को राज्य की संचित निधि में वापस जमा करना होगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

प्रदेश के विभिन्न निर्माण विभागों द्वारा कराए जाने वाले पूंजीगत कार्यों में प्रशासकीय स्वीकृति की राशि से कम राशि में टेंडर स्वीकृत होने पर हुई बचत की राशि से विभाग अतिरिक्त नवीन काम नहीं करा सकेंगे।

अपर मुख्य सचिव वित्त मनीष रस्तोगी ने सभी विभागों को इस संबंध में निर्देश दिए है कि यदि किसी विभाग द्वारा पूंजीगत कार्य हेतु पचास करोड़ की प्रशासकीय स्वीकृति जारी की गई है और इसके लिए निर्माण एजेंसी तय की गई है। उस पूंजीगत कार्य की निविदा में निर्माण एजेंसी द्वारा 45 करोड़ में काम करने का अनुबंध किया गया है तो ऐसी स्थिति में मात्र 45 करोड़ के लागत कार्य कराये जाने चाहिए।


फाइल फोटो

### अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी

ऐसे विभाग पर कार्रवाई होगी। कार्रवाई जिनके पूंजीगत कार्य विभाग द्वारा स्वयं ही निविदा प्रक्रिया के आधार पर स्वयं के तकनीकी विंग के माध्यम से निष्पादित कराये जाते है उन मामलों में आवंटन की प्रक्रिया को निविदा शर्तों के अनुरूप ही किया जाए। इन निर्देशों का पालन नहीं करने पर इसे गंभीर वित्तीय अनियमितता की श्रेणी की विषय वस्तु मानते हुए शासकीय सेवक का उत्तरदायित्व निर्धारण कर शासकीय सेवक के विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी।

शेष प्रशासकीय स्वीकृति से निविदत्त राशि कम प्राप्त होने पर जैसे इस मामले में पांच करोड़ रुपए कम में ठेका हो गया है तो बचे हुए पांच करोड़ से विभाग अतिरिक्त नवीन कार्य नहीं करा सकेंगे। विभागों एक साथ पूरी राशि स्थिति में बचत की राशि को राज्य की संचित निधि में वापस जमा करना होगा। विभाग निर्माण एजेंसी की बचत राशि जो राज्य की संचित निधि से आहरित कर अनुमति प्राप्त बैंक खातों में अंतरिम रूप से रखी गई है उसे 31 मार्च 2025 की स्थिति में संपूर्ण बचत राशि को विधि सामान्य सेवाएं, अदावाकृत जमा राशि शीर्ष में अन्य प्रक्रिया में तथा अर्जित ब्याज की संपूर्ण राशि को साइबर कोषालय के माध्यम से ब्याज प्राप्तियां अंतर्गत विविध प्राप्तियों में जमा कराना होगा।

### निकालने पर भी रोक

इसी तरह राशि का आहरण संवितरण एकमुश्त करना भी उचित नहीं होगा जबकि कार्य दीर्घकालिक अवधि के है। इसलिए ऐसे विभाग जहां पूंजीगत कार्य निर्माण एजेंसी जैसे पुलिस हाउसिंग विभाग, पीआईयू हाउसिंग बोर्ड, भवन विकास निगम, मार्कफेड, लघु उद्योग निगम के माध्यम से निष्पारित किए जाते हैं, में निर्माण कार्य की प्रशासकीय स्वीकृति की राशि को प्रथम किश्त के रुप में 66 प्रतिशत एवं प्रदत्त राशि के 75 प्रतिशत उपयोग होने पर 3 प्रतिशत द्वितीय किश्त के रुप में आवंटन के अध्याधीन निर्देशों का निर्माण एजेंसी को पालन जरूरी उपलब्ध कराया जाए।

**इसी तरह राशि का आहरण संवितरण एकमुश्त करना भी उचित नहीं होगा**

---

### खबर संक्षेप

#### भावांतर योजना में सोयाबीन का 4036 रु मॉडल रेट जारी

**भोपाल।** भावांतर योजना-2025 अंतर्गत सोयाबीन विक्रेता किसानों के लिए 09 नवंबर को 4036 रुपए प्रति क्विंटल का मॉडल रेट जारी किया गया है। यह मॉडल रेट उन किसानों के लिए है, जिन्होंने सोयाबीन की अपनी उपज मंडी प्रांगणों में विक्रय की है। इस मॉडल रेट के आधार पर ही भावांतर की राशि की गणना की जाएगी। मॉडल रेट में लगातार दो दिनों से वृद्धि जारी है। पहला मॉडल रेट 7 नवंबर को 4020 रुपए प्रति क्विंटल जारी किया गया था। इसी तरह 8 नवंबर को 4033 रुपए प्रति क्विंटल का मॉडल रेट जारी हुआ था।

#### अनुभा को मिली क्लीन चिट, जांच में साबित नहीं हुए डीएफओ के आरोप

**भोपाल।** बालाघाट से कांग्रेस विधायक अनुभा मुंजारे को वन विभाग की जांच में क्लीन चिट मिल गई है। वन विभाग की डीएफओ नेहा श्रीवास्तव द्वारा लगाए गए आरोपों की जांच वरिष्ठ अधिकारियों ने की, जिसमें विधायक पर लगाए गए आरोपों का कोई ठोस सबूत नहीं मिला। जांच रिपोर्ट में वरिष्ठ अफसरों ने स्पष्ट किया कि शिकायत में किए गए दावे प्रमाणित नहीं हो पाए हैं। दरअसल, डीएफओ नेहा श्रीवास्तव ने 18 अगस्त को विधायक पर आरोप लगाया था कि उन्होंने 16 अगस्त को बालाघाट के फॉरेस्ट रेस्ट हाउस में उनसे मुलाकात के दौरान कुछ अनुचित मांग की थी।

---

### बिहार के सीतामढ़ी में जानकी मैया के दर्शन कर बोले सीएम डॉ यादव

# संस्कृति, आस्था, स्थापत्य कला का अद्‌भुत संगम है 'पुनौरा धाम'

**सीएम का पुजारियों एवं स्थानीय श्रद्धालुओं ने पारम्परिक तरीके से पगड़ी पहनाकर और अंगवस्त्र ओढ़ाकर किया अभिनंदन**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने रविवार को बिहार के सीतामढ़ी में मां जानकी की जन्म स्थली पुनौरा धाम के मंदिर में जानकी मैया के दर्शन कर पूजा अर्चना की। मुख्यमंत्री ने मंदिर में जानकी मैया की आरती कर आसमान भी किया। उन्होंने मप्र के सभी नागरिकों के सुख, समृद्धि एवं कल्याण की कामना की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव का मंदिर परिसर में पुजारियों एवं स्थानीय श्रद्धालुओं ने पारम्परिक तरीके से पगड़ी पहनाकर और अंगवस्त्र ओढ़ाकर स्वागत-अभिनंदन किया।

मुख्यमंत्री ने मंदिर के ऐतिहासिक और धार्मिक महत्व की जानकारी भी प्राप्त की और कहा कि माता जानकी की यह जन्म स्थली (पुनौरा धाम) भारतीय संस्कृति, आस्था और स्थापत्य कला का अद्भुत संगम है। उन्होंने कहा कि माता जानकी समर्पण और त्याग की प्रतिमूर्ति थीं। उनके चरणों में मप्र की जनता की ओर से प्रणाम कर सभी के मंगल की कामना करता हूं। डॉ. यादव के आगमन पर मंदिर परिसर में बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित थे। सभी ने माता जानकी का जयघोष किया।

#### खास बातें

- मुख्यमंत्री ने मंदिर के ऐतिहासिक और धार्मिक महत्व की जानकारी भी प्राप्त की
- डॉ. यादव के आगमन पर मंदिर परिसर में बड़ी संख्या में उपस्थित थे श्रद्धालु


जानकी मैया की पूजा करते सीएम डॉ यादव

#### माता जानकी की जन्म स्थली के दर्शन का सौभाग्य मिला

पुनौरा धाम में दर्शन-पूजन के बाद मीडिया को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि माता जानकी की जन्म स्थली के दर्शन का सौभाग्य मिला है। यह स्थान भगवान श्रीराम के रामराज्य का समय, माता सीता से स्वयंवर तथा विवाह के बाद इस स्थान से अयोध्या जाने का स्मरण कराता है। हमें भगवान श्री राम के जीवन से प्रेरणा मिलती है। सुप्रीम कोर्ट के निर्णय के बाद अयोध्या में हिंदु-मुस्लिम सभी भाईयों ने मिलकर श्री राम का भव्य मंदिर बनवाया है। देश में धार्मिक पर्यटन को कैसे बढ़ाया जा सकता है, यह हमने काशी, अयोध्या, प्रयागराज और उज्जैन में भी देखा है। बाबा महाकाल के महालोक से हर वर्ग का कल्याण हो रहा है।

#### सीतामढ़ी में जनकपुरी धाम के निर्माण के लिए राशि मंजूर की

*मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने सीतामढ़ी में जनकपुरी धाम के निर्माण के लिए राशि मंजूर की है, इससे पूरा क्षेत्र और बिहार सांस्कृतिक मूल्यों से समृद्ध होते हुए स्थानीय लोगों के लिए रोजगार और धार्मिक पर्यटन का केंद्र बनेगा। बिहार की धरती सम्राट अशोक के काल से सदैव लोगों को आकर्षित करती रही है। इसी धरती पर भगवान श्री कृष्ण के पुत्र साम्ब ने भव्य सूर्य मंदिर बनाया था। बिहार और मप्र का संबंध हर कालखंड में प्रगाढ़ रहा है। दोनों ही राज्यों में डबल इंजन की सरकार गरीब, किसान, युवा और नारी सहित हर वर्ग का कल्याण करते हुए आगे बढ़ रही है।*

---

### प्रपत्र वितरण की 52.7 प्रतिशत प्रगति की ली जानकारी

# मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी झा ने विधानसभा क्षेत्रों में किया एसआईआर कार्य का निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी (सीईओ) मप्र संजीव झा ने रविवार को गोविंदपुरा स्थित एसडीएम कार्यालय में विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 151-नरेला एवं 155-हजूर में प्रचलित विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान झा ने प्रपत्र मुद्रण की 100 प्रतिशत तथा प्रपत्र वितरण की 52.7 प्रतिशत प्रगति की जानकारी ली। कुल 11.20 लाख प्रपत्र का वितरण किया जा चुका है।

सीईओ के निरीक्षण के दौरान नरेला एवं हजूर क्षेत्र के एसडीएम उपस्थित रहे। सीईओ ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी सुपरवाइजर, राजस्व निरीक्षक तथा पटवारीगण तत्काल अपने-अपने बीएलओ से संपर्क स्थापित करें और आज रात तक अधिकतम मैपिंग कार्य पूर्ण कराएं। उन्होंने यह भी कहा कि प्रत्येक अधिकारी एवं बीएलओ प्रतिदिन सुबह 9 बजे से फील्ड पर उपस्थित रहें तथा कार्य की नियमित समीक्षा करते रहें। उन्होंने अधिकारियों को हिदायतें दी कि कार्य में कोताही नहीं होनी चाहिए।


नरेला-हुजूर में एसआईआर का सर्वे करते बीएलओ।

#### प्रगति की जानकारी वरिष्ठ अधिकारियों को दी जाए

*मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी झा ने निर्देश दिए कि प्रत्येक बीएलओ के कार्य की प्रति 3-4 घंटे समीक्षा की जाए एवं प्रगति की जानकारी वरिष्ठ अधिकारियों को दी जाए। जहां कार्य की गति धीमी हो, वहां संबंधित अधिकारी स्वयं फील्ड पर जाकर बीएलओ के साथ मिलकर कार्य संपन्न कराएं। उन्होंने यह भी कहा कि कार्य की नियमितता, गुणवत्ता, शुद्धता एवं पारदर्शिता पर विशेष ध्यान दिया जाए, जिससे मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्य समय पर और सटीक रूप से पूर्ण हो सके।*

#### एसआईआर कार्य की ऑन-लाइन प्रगति

भोपाल जिले में चल रहे एसआईआर की प्रक्रिया में काफी प्रगति दर्ज की गई है। चुनाव आयोग का मानना है कि भोपाल में एसआईआर के तहत फील्ड पर कार्य इससे बहुत अधिक हुआ है, कुछ बीएलओ ने एप में सही तरह से प्रविष्ठि न करने से ऑन-लाइन डाटा कम प्रदर्शित हो रहा है। जिसे आने वाले दिनों में अपडेट कर लिया जाएगा।

*भोपाल जिले में एसआईआर की अद्यतन प्रगति निम्नानुसार है -*

- *बीएलओ प्रशिक्षण - 2029 (100%)*
- *ईएफ गणना प्रपत्र प्रिंटिंग 21,25,908 (100%)*
- *गणना प्रपत्र वितरण 11,20,350 (52.70%)*
- *मतदाता की मैपिंग 7,31,312(34.40%)*

## एसआईआर पर कांग्रेस दफ्तर में आयोजित हुआ प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

आज प्रदेश कांग्रेस कार्यालय 152 दक्षिण पश्चिम विधानसभा एसआईआर के संबंध में की प्रशिक्षण आयोजित किया गया।

जिसमें मुख्य रूप से भोपाल के प्रभारी रवि जोशी, पूर्व मंत्री पीसी शर्मा पीसीसी से नियुक्त ट्रेनर राहुल परमार, कांग्रेस मतदाता पुन परीक्षण के प्रदेश प्रभारी ललित सेन, सह प्रभारी आरिफा प्रदेश कांग्रेस, एसआईआर कमेटी के सदस्य जीपी धनोपिया एवं नेता प्रतिपक्ष नगर निगम शबिस्ता जकी, पार्षद गुड्डू चौहान, पूर्व पार्षद दिलीप राय, पूर्व पार्षद राज सिंह, पूर्व पार्षद अमित शर्मा पूर्व पार्षद संतोष कसाना, एसआईआर के कांग्रेस से दक्षिण पश्चिम विधानाभा के प्रभारी ब्रजेश खंडेलवाल, ब्लॉक अध्यक्ष दीपू तोमर, उप ब्लॉक अध्यक्ष दिनेश मारण, ओम प्रकाश रजक कांग्रेस के सभी वार्ड अध्यक्षगण उपस्थित रहे।



---

### ग्राम संबलपुर में समाज के कार्यक्रम में बोले मुख्यमंत्री साय

# धरती माता की सेवा करने वाला मेहनतकश है 'कोसरिया मरार'

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बालोद

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय रविवार को डौंडीलोहारा विकासखंड के ग्राम संबलपुर में छत्तीसगढ़ प्रदेश कोसरिया मरार समाज द्वारा आयोजित कार्यक्रम में शामिल हुए। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने कोसरिया मरार समाज को धरती माता की सेवा करने वाला मेहनतकश समाज बताते हुए समाज की सराहना की। इस अवसर पर उन्होंने समाज की मांग पर प्रदेश स्तरीय कार्यालय भवन के लिए जमीन उपलब्ध कराने और राज्य शाकंभरी बोर्ड के अध्यक्ष पद पर शीघ्र नियुक्ति का आश्वासन दिया। उन्होंने समाज द्वारा प्रस्तुत अन्य मांगों पर भी सहानुभूतिपूर्वक विचार करने की बात कही। मुख्यमंत्री साय ने शाकंभरी माता, भगवान श्रीराम, माता सीता, महात्मा ज्योतिबा फुले एवं सावित्री बाई फुले के चित्र पर माल्यार्पण किया।



#### परिचय मामला पुस्तिका का विमोचन

इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कोसरिया मरार समाज द्वारा प्रकाशित युवक-युवती परिचय माला पुस्तिका का विमोचन किया। साथ ही नवविवाहित जोड़ों को आशीर्वाद देकर सुखमय वैवाहिक जीवन की शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम में विधायक संगीता सिन्हा, आईजी रामगोपाल गर्ग, कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा, जिला पंचायत अध्यक्ष तारणी पुष्पेंद्र चंद्राकर, उपाध्यक्ष तोमन साहू सहित अनेक जनप्रतिनिधि, अधिकारी तथा बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित रहें।

---

# सूटकेस में मिली पति की लाश, पत्नी पर शक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जशपुर

थाना दुलदुला इलाके के भिंजपुर गांव में एक सनसनीखेज मामला सामने आया है। यहां एक व्यक्ति की लाश घर में रखे सूटकेस से बरामद हुई है। पुलिस ने इसे हत्या का मामला मानते हुए मृतक की पत्नी को आरोपी बनाया है और उसकी तलाश में जुट गई है। एसएसपी शशिमोहन सिंह से मिली जानकारी के अनुसार, भिंजपुर निवासी संतोष भगत (43 वर्ष) की हत्या कर उसके शव को लाल रंग के ट्रॉली सूटकेस में बंद कर रखा गया था। संतोष की पत्नी, जिस पर हत्या का शक है, फिलहाल फरार है। थाना दुलदुला पुलिस ने बताया कि मृतक का भाई विनोद मिंज (45 वर्ष) ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी। रिपोर्ट में उसने बताया कि उसका भाई संतोष अपनी पत्नी के साथ गांव में ही अलग रहता था। पत्नी पहले मुंबई में काम करती थी और कुछ दिन पहले ही गांव लौटी थी। दिनांक 7 नवंबर की रात पति-पत्नी में किसी बात को लेकर झगड़ा हुआ था। झगड़े की आवाज मृतक की मंझली बेटी, जो कोरबा में रहती है, ने फोन पर सुनी थी। अगले दिन यानी 8 नवंबर को उसी बेटी को उसकी मां ने फोन कर बताया कि उसने अपने पति की हत्या कर दी है और शव को सूटकेस में छिपा दिया है। यह सुनकर बेटी घबरा गई और अगले दिन 9 नवंबर को अपने पति के साथ गांव पहुंची।

- महिला की तलाश में टीमें रवाना, पुलिस कर रही जांच

---

**पेंड्रा-दुबटिया मुख्य मार्ग की घटना, उपचार जारी**

# बच्चों से भरी ट्राली पलटी दो गंभीर रूप से घायल



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गौरेला पेंड्रा मरवाही

पेंड्रा-दुबटिया मुख्य मार्ग पर एक बड़ा हादसा टल गया, जब दर्जनभर स्कूली बच्चों से भरी एक ऑटो अचानक सड़क के बीच मे मवेशियों के लड़ते-लड़ते पहुंच गई और चालक कुछ समझ पाता कि ऑटो अनियंत्रित होकर पलट गई। इस हादसे में दो बच्चों को गंभीर चोटें आई हैं, जबकि अन्य को मामूली खरोंचें व चोटें लगी हैं। हादसे के बाद स्थानीय लोगों की सूझबूझ से सभी बच्चों की जान बचाई गई। घायलों को तत्काल जिला अस्पताल पेंड्रा में भर्ती कराया गया है, जहां उनका इलाज जारी है।

#### ग्रामीणों की मदद से पहुंचाया अस्पताल

बताया जा रहा है कि सड़क पर तेज रफ्तार के कारण ऑटो असंतुलित होकर सड़क में ही पलट गई। हादसे के बाद आस-पास मौजूद ग्रामीणों ने तत्काल बच्चों को बाहर निकाला और 112 / 108 के साथ पेंड्रा पुलिस को भी मामले की जानकारी दी और सभी को बच्चों को जिला अस्पताल पहुंचाया। अस्पताल में मौजूद चिकित्सकों ने दो बच्चों को गंभीर चोटें आने की पुष्टि की है, जबकि बाकी बच्चों की हालत सामान्य बताई है। स्थानीय लोगों का कहना है कि इस मार्ग पर आए दिन भारी वाहन और स्कूल ऑटो तेज रफ्तार में गुजरते हैं। और सड़कों पर मवेशियों का डेरा होता है जिसके चलते आए दिन दुर्घटनाएं होती रहती हैं। उधर, पेंड्रा पुलिस ने मौके पर पहुंचकर ऑटो को जब्त कर लिया है और चालक से पूछताछ की जा रही है।

---

### वोट चोरी कर किसान के बेटे अभिषेक को युवा कांग्रेस चुनाव में हराया

**राहुल गांधी बताएं रजिस्ट्रेशन और चुनाव लड़ने के नाम पर साढ़े 8 करोड़ की ठगी का जिम्मेदार कौन?**

# राहुल गांधी बताएं युवा कांग्रेस के चुनाव में साढ़े आठ लाख वोट किसके कहने पर किए गए चोरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल



मप्र शासन के मंत्री विश्वास सारंग ने कहा कि राहुल गांधी बताएं मप्र में युवा कांग्रेस चुनाव में साढ़े आठ लाख वोट होल्ड और रिजेक्ट किए, यह किसने चुराए। उन्होंने कांग्रेस से सवाल पूछते हुए कहा कि क्या यह वोट राहुल गांधी के इशारे पर चोरी हुए हैं? कांग्रेस नेताओं ने मप्र में युवा कांग्रेस के चुनाव में वोट चोरी कर किसान के बेटे अभिषेक परमार को हराया और कांग्रेस के वरिष्ठ नेता लखन घनघोरिया के बेटे यश को चुनाव में जिताया। कांग्रस पार्टी का यह चुनाव भी वंशवाद और परिवारवाद की राजनीति की भेंट चढ़ गया है। मंत्री सारंग रविवार को भाजपा प्रदेश कार्यालय में प्रेस कांफ्रेंस को संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि मप्र में हाल ही में संपन्न हुए युवा कांग्रेस के चुनाव में जमकर वोट चोरी हुई है। राहुल गांधी देशभर में वोट चोरी के मिथ्या आरोप लगा रहे हैं, जबकि उनकी अगुवाई वाली कांग्रेस पार्टी के अंदर ही वोट चोरी हो गए हैं। राहुल गांधी ने मप्र युवा कांग्रेस की वोट चोरी की है। राहुल गांधी की अगुवाई में मप्र में युवा कांग्रेस के चुनाव कराए गए, जिसमें वोट चोरी हुए।

#### कांग्रेस लोकतांत्रिक व्यवस्था में विश्वास नहीं करती

मंत्री सारंग ने कहा कि युवा कांग्रेस चुनाव में उम्र सीमा 18 से 35 वर्ष निर्धारित की गई थी, लेकिन अशोकनगर जिले के चंदेरी विधानसभा के निवासी 44 वर्षीय संतोष सिंह को मतदान के लिए पात्र कर दिया। इसी तरह अंजुम खान भी सदस्य बनीं, जिनकी उम्र मतदाता सूची के आधार पर 36 साल है। चंद उदाहरण बताते हैं कि कांग्रेस पार्टी के अंदर कोई लोकतंत्र नहीं है। साथ ही यह भी सिद्ध होता है कि कांग्रेस पार्टी

फाइल फोटो

#### किसी भी अदालत में कोई याचिका दायर नहीं की

सारंग ने कहा कि किसी भी अदालत में कोई याचिका दायर नहीं की। राहुल गांधी स्वयं जानते हैं कि मैं अदालत गया तो मेरी झूठ का भांडा फूट जाएगा, इसलिए वह सिर्फ आरोप लगाते हैं। देशभर में घूम-घूमकर वोट चोरी के आरोप लगाने वाले राहुल गांधी मध्यप्रदेश कांग्रेस पार्टी के अंदर हुए वोट चोरी को लेकर कुछ नहीं बोल रहे हैं। मैं कांग्रेस पार्टी और राहुल गांधी से पूछता हूं कि जब लोकतंत्र का मखौल ही उड़ाना था तो युवा कांग्रेस चुनाव के लिए रजिस्ट्रेशन कराकर मप्र के भोलेभाले युवाओं से पैसे क्यों वसूले।

---

# दो मासूम बच्चों की हत्या के मामले में नाबालिग गिरफ्तार

**पुलिस कर रही मामले की जांच, गांव में पसरा मातम**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खैरागढ़

छुईखदान गंड़ई जिले के ग्राम झूरानदी में दो मासूम भाई-बहन की हत्या ने पूरे क्षेत्र को झकझोर दिया हैं। दोपहर गांव के पास स्थित एक बाड़ी के कुएं में राधिका उर्फ वैषाली वर्मा (2 वर्ष) और करण वर्मा (4 वर्ष) के शव मिलने से हड़कंप मच गया। गांव में मातम जैसा माहौल बन गया और परिजन बदहवास स्थिति में पुलिस के पास पहुंचे। मामले में पुलिस ने खुलासा किया है और एक नाबालिक बालिका को गिरफ्तार किया गया हैं। खैरागढ़ छुईखदान गंडई जिले के छुईखदान थाना क्षेत्र अंतर्गत गांव झूरानदी में यह पूरी घटना हुई जहां 2 साल की राधिका और 4 साल की करण की कुएं में लाश बरामद की गई थी। घटना की सूचना ग्रामीणों के द्वारा दी गई जिसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच की ड्यूटी प्रथम दृष्टि मामला संदिग्ध नजर आने के कारण पुलिस द्वारा गांव में आसपास में पूछताछ की गई, जिसमें पूछताछ में पड़ोस में ही रहने वाली एक नाबालिक बालिका पर संदेह जताया और उससे पूछताछ की जिसमें बालिका ने अपने आप को इन बच्चों के द्वारा चोरनी कहकर पुकारने के कारण आवेश में आकर इस पूरी घटनाक्रम को अंजाम दिया और दोनों बच्चे जब खेल रहे थे तो उन्हें कुएं में धक्का दे दिया जिससे दोनों बच्चों की पानी में डूबने से मौत हो गई। इस पूरे मामले में पुलिस ने खुलासा किया है और दोनों बच्चों की हत्या के मामले में नाबालिक बालिका को रिमांड पर भेजा गया है और पुलिस द्वारा पूरे मामले की जांच की जा रही है। पुलिस ने बताया कि दोनों मासूम की हत्या के मामले में एक नाबालिक बालिका को पुलिस ने गिरफ्तार किया है।



## 500 वर्ष प्राचीन है गढ़ा में स्थित कॉल भैरव मंदिर

# कल मनाया जाएगा भगवान काल भैरवनाथ का जन्मोत्सव

## 40 वर्षो से हर भैरव अष्टमी पर लागता है 101 गंज खीर का भोग

जबलपुर।

**संस्कारधानी के प्राचीन श्री काल भैरव मंदिर, शिवशक्ति धाम गढ़ा में भगवान शिव के पांचवें अवतार काल भैरवनाथ का जन्मोत्सव इस वर्ष 12 नवंबर को धूमधाम से मनाया जाएगा। मंदिर समिति के प्रवक्ता पंडित चंद्रशेखर शर्मा ने बताया कि यह आयोजन लगातार 41वें वर्ष हो रहा है।**




कार्यक्रम का शुभारंभ 11 नवंबर की सुबह पूजन-अर्चन और अखंड मानस पाठ से होगा। अगले दिन 12 नवंबर को रुद्राभिषेक, हवन, महाआरती और 101 गंज खीर के महाभोग का वितरण दोपहर से किया जाएगा।यह परंपरा गढ़ा के स्व. गयाप्रसाद सराफ द्वारा शुरू की गई थी, जिसे अब उनके पुत्र अरविंद सराफ आगे बढ़ा रहे हैं। समिति के संरक्षक और सदस्य मंडली ने शहरवासियों से इस पावन अवसर पर परिवार सहित शामिल होकर काल भैरव अष्टमी महोत्सव में पुण्य लाभ अर्जित करने की अपील की है।

## कलश यात्रा के साथ अन्नपूर्णा व्रत महोत्सव का शुभारंभ




**हरिभूमि, जबलपुर।** कबूतरखाना निवाड़गंज स्थित प्राचीन श्री अन्नपूर्णा मंदिर में सोमवार को श्री अन्नपूर्णा व्रत महोत्सव का शुभारंभ भव्य कलश यात्रा के साथ हुआ। प्रातः 10 बजे मंदिर परिसर से आरंभ हुई कलश यात्रा में सैकड़ों व्रतधारी महिलाओं ने मंगल गीतों और जयकारों के साथ सहभागिता की। यात्रा पानदरीबा, लार्डगंज, खोवा मंडी, बड़े महावीर चौक होते हुए पुनः मंदिर पहुंची। पूरे मार्ग में भक्तों ने मां अन्नपूर्णा के जयघोष से वातावरण को भक्तिमय बना दिया।मंदिर प्रांगण में पहुंचने के बाद विधिविधानपूर्वक माता अन्नपूर्णा का पूजन-अर्चन और आरती की गई। आयोजन समिति की सुषमा गोस्वामी, नंदा शर्मा, शिवांगी गोस्वामी ने बताया कि यह व्रत महोत्सव 21 दिनों तक चलेगा। प्रतिदिन प्रातः मां का पूजन, कथा वाचन तथा सायंकाल 8 बजे महिलाओं द्वारा महाआरती की जाएगी।पौराणिक मान्यता के अनुसार काशी में अकाल के समय माता पार्वती ने अन्नपूर्णा रूप धारण कर भगवान विश्वनाथ को भिक्षा दी थी और वरदान दिया था कि जहां उनका पूजन होगा, वहां सदा सुख-समृद्धि का वास रहेगा। उसी श्रद्धा भाव से जबलपुर में भी यह व्रत आरंभ किया गया है। व्रत का समापन पूर्णिमा के दिन 4 दिसंबर को हवन-पूजन और प्रसाद वितरण के साथ किया जाएगा।यह रहे उपस्थित-इस अवसर पर माया इंदू तिवारी, पल्लवी तिवारी, प्रियंका पांडे, अपर्णा शुक्ला, ममता राय, अर्चना यादव, भावना अग्रवाल, अंजू चौरसिया, पूनम पटेल, अमित पांडे, देवेंद्र नेमा, विवेक अग्रवाल, विशाल पंड्या, राहुल ठाकुर, सूर्यांश चौरसिया, काव्य श्रीवास, नानू चौरसिया आदि उपस्थित थे।



## आरसीएम की रूपांतरण यात्रा में 20,000 से अधिक नवोद्यमियों ने की सहभागिता

जबलपुर।

आरसीएम की राष्ट्रव्यापी रूपांतरण यात्रा ने जबलपुर में शानदार सफलता दर्ज की। अब तक 20,000 से अधिक नवोद्यमी इससे जुड़ चुके हैं, जबकि यात्रा 75 शहरों में लाखों लोगों तक पहुँचने की ओर अग्रसर है। जबलपुर में आयोजित कार्यक्रम में युवाओं, महिलाओं और परिवारों ने रक्तदान, योग सत्र और जन-जागरूकता गतिविधियों में बढ़-चढ़कर भाग लिया। लोगों ने स्वास्थ्य, सेवा और संस्कार के मूल सिद्धांतों पर चलने का संकल्प लिया।कार्यक्रम में आरसीएम के संस्थापक तिलोकचंद छाबड़ा की जीवनी "मनसा वाचा कर्मणा" पुस्तक का भी लोकार्पण हुआ।आरसीएम एमडी सौरभ छाबड़ा ने कहा, "जबलपुर का जनसमर्थन हमारे जन-आधारित आंदोलन की शक्ति का प्रतीक है।"एमडी प्रियंका अग्रवाल और सीईओ मनोज कुमार ने कहा कि यह यात्रा महिलाओं, युवाओं और नवोद्यमियों को आत्मनिर्भर बनने की दिशा में प्रेरित कर रही है।साल 2000 में शुरू हुआ आरसीएम आज 2,400 करोड़ का उद्यम है, जिसके 400 से अधिक उत्पाद और दो मिलियन से ज्यादा एसोसिएट बायर्स हैं। कंपनी अपनी आरसीएम सेवा पहल के माध्यम से शिक्षा, स्वास्थ्य और सामाजिक जागरूकता के क्षेत्र में भी सक्रिय योगदान दे रही है।



## एचडीएफसी बैंक ने 5 किमी मैराथन का आयोजन किया

**जबलपुर।** एचडीएफसी बैंक ने स्वास्थ्य और तंदुरुस्ती को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से 5 किमी मैराथन का आयोजन किया। कार्यक्रम का शुभारंभ मेयर श्री जगत बहादुर सिंह 'अन्नू' ने हरी झंडी दिखाकर किया। यह मैराथन तिलवारा रोड से नयागांव तक आयोजित हुई, जिसमें लगभग 400 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। बैंक की ओर से श्री प्रतीक भटनागर, वरिष्ठ उपाध्यक्ष-II, सहित अन्य अधिकारी भी उपस्थित रहे।इस आयोजन का उद्देश्य शहरवासियों में फिटनेस और हेल्दी लाइफस्टाइल के प्रति जागरूकता बढ़ाना था।

## वीरांगना उदादेवी पासी के बलिदान दिवस पर कैंडल मार्च 15 को

**जबलपुर।** पासी समाज की आयोजित बैठक में सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया कि वीरांगना उदादेवी पासी के बलिदान दिवस की पूर्व संध्या पर 15 नवम्बर को शाम 06 बजे सदर गणेश चौक से वीरांगना उदादेवी पासी चौक तक कैंडल मार्च निकाला जाएगा। बैठक में तोताराम बावरिया, श्याम सुंदर बावरिया, नगर अध्यक्ष डॉ. ऋषि बावरिया, धनराज बावरिया, प्रकाश पासी, धर्मेन्द्र बावरिया, संजय बावरिया, विनोद पासी, रामकुमार पासी, मुकेश भारती, राजू पासी, उर्मिला बावरिया, सीमा पासी, शुभा बावरिया, सावित्री पासी सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

## पूर्व क्षेत्र कंपनी के एमडी अनय द्विवेदी ने किया पेंशन समाधान शिविर का शुभारम्भ

जबलपुर। पेंशनधारकों की सुविधा और कल्याण के लिए एक विशेष "पेंशन समाधान शिविर" का भव्य आयोजन स्टेट बैंक ऑफ इंडिया, नयागाँव ब्रांच में किया गया। इस शिविर का शुभारंभ मध्य प्रदेश पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के प्रबंध निदेशक अनय द्विवेदी के द्वारा किया गया। शुभारम्भ में प्रबंध संचालक के साथ दो सबसे बुजुर्ग पेंशनर भी शामिल रहे। शिविर में पेंशनधारकों के जीवन प्रमाण पत्र (**Life Certificate**) को अपडेट किया गया एवं पेंशन से संबंधित सभी विषयों का त्वरित और सहज समाधान किया गया, पेंशनधारकों को मध्य प्रदेश विद्युत कंपनियों में लागू मेडिकल कैशलेस स्कीम की जानकारी भी दी गई।

मुख्य अतिथि श्री द्विवेदी ने कहा कि "सेवानिवृत्त कर्मियों की सेवा एवं सम्मान हमारे लिए सर्वोपरि है। यह शिविर उनके हितों की रक्षा और सुविधा सुनिश्चित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।" शिविर के अंत में एसबीआई नयागाँव ब्रांच मैनेजर ने सभी पेंशनधारकों एवं उपस्थित अधिकारियों के प्रति आभार व्यक्त किया और भविष्य में भी ऐसे सेवा शिविरों के निरंतर आयोजन का आश्वासन दिया।



कार्यक्रम में कंपनी की मुख्य महाप्रबंधक (मानव संसाधन एवं प्रशासन) श्रीमती संपदा सराफ गुर्जर, भारतीय स्टेट बैंक नयागांव शाखा के मुख्य प्रबंधक चेतन शर्मा सहित विद्युत कंपनी के वरिष्ठ अधिकारी एवं स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के अधिकारी एवं कर्मचारी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।



## राहुल बघेल युवा कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष निर्वाचित

**जबलपुर।** युवा कांग्रेस जिला संगठन चुनाव के घोषित हुए परिणाम में राहुल बघेल को जमीनी और जनहितैषी कार्यों के आधार पर युवा कांग्रेस जबलपुर जिला का उपाध्यक्ष निर्वाचित किया गया। इस अवसर पर अमन वर्मा, आदर्श बघेल, इमरान खान, अंशुल प्रजापति, राहुल अहिरवार, लखन श्रीवास्तव ने खुशी जताई।

## गुरु तेग बहादुर खालसा कॉलेज में राष्ट्रीय कार्यशाला "जिज्ञासा" व विज्ञान मेला आरंभ

**जबलपुर।** श्री गुरु तेग बहादुर खालसा महाविद्यालय में 10 से 14 नवम्बर तक महाकोशल विज्ञान परिषद व मध्यप्रदेश एवं प्रौद्योगिकी परिषद भोपाल के संयुक्त तत्वावधान में 19वीं विज्ञान लोकव्यापीकरण की पांच दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला "जिज्ञासा-2025" तथा विज्ञान मेले का आयोजन किया जा रहा है। इस कार्यशाला का उद्देश्य विद्यार्थियों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण का विकास, शोध के प्रति अभिरुचि जागृत करना तथा विज्ञान को समाज से जोड़ने का प्रयास करना है। जिसमें प्रत्येक दिवस पर विद्यार्थियों के लिए विभिन्न प्रतियोगिताओं एवं वैज्ञानिक व्याख्यान का आयोजन किया जाएगा। आज प्रथम दिवस की राष्ट्रीय कार्यशाला का उद्घाटन सत्र उत्साह एवं गरिमामयी वातावरण में संपन्न हुआ। उद्घाटन सत्र पर मुख्य अतिथि भारतेन्दु शुक्ल (निदेशक IIITDM जबलपुर), विशिष्ट अतिथि प्रो. महेश ठक्कर (निदेशक BSIP), विधायक अभिलाष पांडेय, महाकोशल विज्ञान परिषद के प्रांत अध्यक्ष व श्री गुरु तेग बहादुर खालसा महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. आरएस चंडोक मंचासीन रहे। इस अवसर पर महाकोशल विज्ञान परिषद के संगठन मंत्री वैभव शुक्ला, डॉ. श्यामजी शुक्ला, डॉ. कीर्ति विश्वकर्मा प्राचार्य ज्ञानगंगा कॉलेज, पूजा तिवारी आदि की विशेष उपस्थिति रही। प्रथम दिवस का कार्यक्रम दो चरणों में आयोजित किया गया।

## श्री गुरु नानक मिलन समारोह में विद्यार्थियों ने दिखाई प्रतिभा




**जबलपुर।** सिख एजुकेशन सोसाइटी एवं हरी सिंह रूपराह कला, वाणिज्य एवं विधि महाविद्यालय के संयुक्त तत्वावधान में पिछले 20 वर्षों से आयोजित हो रहा श्री गुरु नानक मिलन समारोह इस वर्ष भी 6 व 8 नवम्बर 2025 को संपन्न हुआ।कार्यक्रम में कर्नल सरदार अवतार सिंह पवार, राधे लाल गुप्ता, सरदार राजिंदर सिंह, सरदार मंजीत सिंह, विधायक अशोक रोहाणी सहित अनेक गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे। जबलपुर के सभी कीर्तन जत्थों का सम्मान भी किया गया। प्रतियोगिताओं में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।मुख्य आकर्षण "श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी की बाणी में श्रीकृष्ण जी का वर्णन" विषय पर निबंध प्रतियोगिता रही। प्रतियोगिता में विजेता विद्यार्थी- भाषणः अंशिका विश्वकर्मा (गुरु नानक उ.मा.शा. मदाताल), क्विज़ः नंदिनी रैकवार (गुरु गोबिंद सिंह खालसा शाला, जीसीएफ), निबंधः शीतल (केंट खालसा उ.मा.शा. इंग्लिश मीडियम), शबद गायनः गुरु गोबिंद सिंह उ.मा.शा., चौथापुल। कार्यक्रम की अध्यक्षता सरदार इंदरपाल सिंह रूपराह ने की तथा पुरस्कार वितरण श्रीमती अमृत कौर रूपराह द्वारा किया गया। संयोजन श्रीमती आशा मिश्रा व धन्यवाद प्रस्ताव श्रीमती सीमा परांजपे ने प्रस्तुत किया।




## महिला शक्ति महासंघ की व्यवस्था बैठक संपन्न

### तुलसी दीक्षा व शौर्य दिवस रैली की तैयारी पूरी

जबलपुर।

महिला शक्ति महासंघ की बैठक सदर रामलीला मैदान में सम्पन्न हुई, जिसमें आगामी दो प्रमुख आयोजनों की रूपरेखा तय की गई। महासंघ की प्रांतीय अध्यक्ष श्रीमती राधा तिवारी ने बताया कि 11 नवम्बर शाम 4 बजे से तुलसी दीक्षा कार्यक्रम रामलीला मैदान में होगा। वहीं 6 दिसम्बर दोपहर 3 बजे से सेंट जोसेफ स्कूल के सामने आर.सी. ग्राउंड से विशाल हिंदू शौर्य बुलेट रैली निकाली जाएगी। बैठक की अध्यक्षता अंतरराष्ट्रीय बजरंग दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री कन्हैया तिवारी ने की। उन्होंने सभी पदाधिकारियों से कार्यक्रम की तैयारी और जनसंपर्क बढ़ाने का आह्वान किया। बैठक में सुमित यादव, प्रमोद तिवारी, शुभांशु त्रिपाठी, राधा तिवारी, माया सिंह सहित अनेक पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## भाजपा नेता सचिन गुप्ता बने दृढ़ोमर वैश्य समाज के निर्विरोध अंचल अध्यक्ष

### भव्य कार्यक्रम के संयोजन में किया गया बुजुर्गों और महिलाओं का सम्मान

**हरिभूमि, जबलपुर।** दृढ़ोमर वैश्य समाज के स्वजातीय बंधुओं ने तीन बार से लगातार इकाई अध्यक्ष के दायित्व पद का निर्वहन कर रहे सचिन गुप्ता को सर्वसम्मति से पुनः निर्विरोध जिला अध्यक्ष चुना जिसके पश्चात समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष बृज किशोर गुप्ता द्वारा उनका नियुक्ति पत्र भेजकर उन्हें पूरे समाज की तरफ से बधाई प्रेषित की गई।नियुक्ति के बाद सचिन गुप्ता के संयोजन में बुजुर्गों एवं महिलाओं के सम्मान में शॉल और गिफ्ट प्रदान किये गए तथा अनेक समाजजनों के साथ श्री गुप्ता ने अपने उदबोधन में बताया कि सभी को एकजुट रखकर समाज उत्थान के लिए आवश्यक कदम उठाने के साथ पूरे अंचल में मजबूत कार्यकारिणी का गठन किया जाएगा। कार्यक्रम में पुरूषोत्तम गुप्ता को सर्वसम्मति से जबलपुर इकाई अध्यक्ष बनाया गया।उसके पश्चात प्रीतिभोज का आयोजन किया गया।कार्यक्रम में महेश ओमरे,एड.रविन्द्र गुप्ता,जितेन्द्र देव गुप्ता,डॉ अशोक नायक,अजय गुप्ता,एड.शम्भूदयाल गुप्ता, एड.अमोद गुप्ता, एड.हरिशंकर गुप्ता,मनोज गुप्ता,जय गुप्ता,सुमन गुप्ता,शर्मिला गुप्ता, रश्मि गुप्ता,अनुराधा गुप्ता,मनीषा गुप्ता,ईशा गुप्ता,राधिका गुप्ता आदि बड़ी संख्या में समाजजन मौजूद थे।



## व्हीएफजे, जीआईएफ कायस्थ समाज का 55वाँ दीपावली मिलन समारोह सम्पन्न

**जबलपुर।** "ॐ श्री चित्रगुप्ताय नमः" के पावन उद्घोष के साथ व्हीएफजे, जीआईएफ कायस्थ समाज, वाहन निर्माणी इस्टेट, जबलपुर (म.प्र.) का 55वाँ दीपावली मिलन एवं वार्षिक समारोह भव्यता से सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम की सफलता का श्रेय समाज के संरक्षक राजीव सेठ, अध्यक्ष आर.एन. श्रीवास्तव, उपाध्यक्ष ए.के. श्रीवास्तव, सचिव प्रमोद कुमार श्रीवास्तव, सहसचिव मोहित सक्सेना, आशीष श्रीवास्तव, कोषाध्यक्ष राकेश सक्सेना और संपूर्ण कार्यकारिणी को जाता है।सांस्कृतिक प्रभारी प्रभात श्रीवास्तव, श्रीमती सुषमा श्रीवास्तव, मंच संचालक राजीव लाल श्रीवास्तव व आयोजन समिति के अशोक, मुकेश, रमेश, अभिषेक, देवेंद्र श्रीवास्तव सहित सभी सहयोगियों ने उत्कृष्ट योगदान दिया। बच्चों, महिलाओं और युवाओं ने गीत, नृत्य व खेलों से कार्यक्रम को यादगार बना दिया। समाज ने एकता, स्नेह और परंपरा को बनाए रखने का संकल्प दोहराया।

## 30 नवम्बर को लगेगा स्वास्थ्य शिविर एवं प्रदेश कार्यसमिति की होगी बैठक

**जबलपुर।** राष्ट्रीय श्रमजीवी पत्रकार परिषद एवं पंकज डे परिवार के संयुक्त तत्वावधान में 30 नवम्बर को कैलाश धाम मंदिर मटामार के पास लक्ष्मी रिसोर्ट में विशाल स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जाएगा। परिषद के प्रदेश अध्यक्ष राजेश दुबे और मुख्य महासचिव विलोक पाठक ने बताया कि इसी दिन प्रदेश कार्यसमिति की महत्वपूर्ण बैठक भी होगी, जिसमें आगामी सम्मेलन की रूपरेखा व नए पदाधिकारियों की घोषणा की जाएगी।

बैठक में राष्ट्रीय अध्यक्ष परमानंद तिवारी, राष्ट्रीय संयोजक नलीनकांत बाजपेई, संभाग अध्यक्ष पं. चंद्रशेखर शर्मा, जिला अध्यक्ष सिमरन सिंह शुक्ला सहित अनेक पदाधिकारी उपस्थित रहे। पत्रकारों से अभद्रता या हमलों के विरुद्ध परिषद ने कड़ा रुख अपनाते हुए कहा कि किसी भी पत्रकार के साथ अन्याय बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

बैठक में कई नवनियुक्तियां भी की गईं — एड. विवेक तिवारी को लीगल एडवाइजर, नील तिवारी को प्रदेश संगठन सचिव, शुभ्रांश तिवारी को शिक्षा प्रकोष्ठ प्रदेश प्रमुख, प्रवीण नामदेव को संभागीय संगठन सचिव, शुभम नामदेव को शिक्षा प्रकोष्ठ महासचिव एवं एड. हर्ष सोनी को विधि प्रकोष्ठ जिला अध्यक्ष नियुक्त किया गया।



**नाम सुधार सूचना**

मैं, सतीश चंद्र वीर पिता राम चंद्र वीर निवासी ड्यूप्लेक्स नंबर 15, फेस 2. माँ नर्मदे नगर, बिलहरी, जबलपुर मप्र आधार कार्ड क्रमांक 62433741 3298 उपरोक्त पते पर निवास करता हूँ यह कि मेरी परिवार की समग्र आई डी जिसका परिवार आई डी क्रमांक 43750541 है, मेरी परिवार की समग्र आई डी में त्रुटिवश मेरी पुत्री का नाम रीद्धिमा वीर (RIDDHIMA VEER) दर्ज हो गया है जो की गलत व असत्य है, मेरी पुत्री का सही व सत्य नाम रिद्धिमा वीर (RIDHIMAA VEER) जो कि मेरे निजी ज्ञान व विश्वास के अनुसार सत्य एवं सही है, मेरी पुत्री का सही व सत्य नाम रिद्धिमा वीर (RIDHIMAA VEER) को मेरी परिवार समग्र आई डी क्रमांक 43750541 में दर्ज कर नई परिवार समग्र आई डी प्रदान करे।

**नाम सुधार सूचना**

मैं रोहन कुमार उम्र 20 वर्ष पिता श्री डेनियल निवासी म.नं. 72 रानीताल, आगा चौक, बड़ी ईदगाह के सामने, कस्तुरबा गांधी वार्ड, जिला जबलपुर शपथपूर्वक कथन करता हूँ कि मैं उपरोक्त पते का स्थाई निवासी हूँ। मेरी कक्षा 10 वीं की मूल अंकसूची में एवं वर्तमान आधार कार्ड में मेरा नाम रोहन कुमार पिता डेनियल लिखा हुआ है। मेरे पूर्व आधार कार्ड में मेरा नाम घर का नाम राहुल पिता डेनियल लिखा हुआ था, जिसका पूर्व व वर्तमान आधार नं. 91905094 3978 है। जिसे मैनें अपने आधार कार्ड में नाम सुधरवाकर शासकीय अंकसूची अनुसार नाम रोहन कुमार दर्ज करा लिया है। राहुल एवं रोहन कुमार दोनों नाम का मैं एक ही व्यक्ति हूँ, उक्त दोनों नाम मेरे ही है जो कि पूर्णतः सत्य व सही है।

शपथकर्ता

**नाम परिवर्तन सूचना**

मैं, श्रीमति डेजी ठाकुर (DAISY THAKUR) सर्वसाधारण को सूचित करती हू मेरे सभी शासकीय / अर्द्धशासकीय दस्तावेजों में मेरा नाम डेजी ठाकुर (DAISY THAKUR) है जो कि सही है परंतु मेरे आधार कार्ड में लिपिक त्रुटिवश डेजी ठाकुर (DEJI THAKUR) दर्ज हो गया है, जो कि गलत है, यह विज्ञप्ति के बाद मुझे डेजी ठाकुर (DAISY THAKUR) के नाम से ही जाना पहचाना जावे।

पुराना नाम-डेजी ठाकुर (DEJI THAKUR)
नया नाम-डेजी ठाकुर (DAISY THAKUR)
पति श्री कपिलेश्वर ठाकुर, उम्र लगभग 50 वर्ष, निवासी-म.नं.765/ ए-1, गोपालपुरम, नियर जीनियस स्कूल, बिलहरी, जबलपुर

**नाम परिवर्तन सूचना**

मैं, श्रीमति मंजुला (Manjula) सर्वसाधारण को सूचित करती हू मेरे सभी शासकीय/ अर्द्धशासकीय दस्तावेजों में मेरा नाम मंजुला (Manjula) है जो कि सही है परंतु मेरे आधारकार्ड में लिपिक त्रुटिवश मंजू (Manju) दर्ज हो गया है, जो कि गलत है, यह विज्ञप्ति के बाद मुझे मंजुला (Manjula) के नाम से ही जाना पहचाना जावे।

पुराना नाम-मंजू (Manju)
नया नाम-मंजुला (Manjula)
पति स्व. महेन्द्र गायकवाड़
निवासी घाना खमरिया, पनागर, जबलपुर

### यूपीईएस ने आचार्य बालकृष्ण को डॉक्टर ऑफ फिलॉसफी उपाधि से किया सम्मानित

# यूपीईएस स्कूल ऑफ बिजनेस का दीक्षांत समारोह आयोजित

## आचार्य के कुशल नेतृत्व में पतंजलि मॉडल देश का अग्रणी व्यवसाय मॉडल बन गया है : डॉ. राम शर्मा

हरिभूमि न्यूज, हरिद्वार।

उत्तराखंड का अग्रणी विश्वविद्यालय यूपीईएस ( यूनिवर्सिटी ऑफ पेट्रोलियम एंड एनर्जी स्टडीज) जो देश ही नहीं विश्व रैंकिंग में शुमार होता है, इसके स्कूल ऑफ बिजनेस के 23वें दीक्षांत समारोह में पतंजलि योगपीठ के महामंत्री आचार्य बालकृष्ण ने मुख्य अतिथि के रूप में भाग लिया। जहां उन्हें उनकी अभूतपूर्व उपलब्धियों के लिए सर्वोच्च शैक्षणिक डिग्री- डॉक्टर ऑफ फिलॉसफी (पी.एच-डी मानद उपाधि) उपाधि से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम स्थल पहुंचने पर सर्वप्रथम यूपीईएस प्रबंधन, विद्यार्थियों एवं शिक्षकगणों ने आचार्य का स्वागत अभिनंदन किया। इस अवसर पर आचार्य ने विद्यार्थियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि सेवा में निरंतरता, सेवा में समर्पण तथा सेवा में संलग्नता ही हमारी शक्ति है। स्वामी के नेतृत्व में पतंजलि के लाखों भाई-बहनों के तप व पुरुषार्थ से पतंजलि विश्वव्यापी सेवा कार्यों को मूर्तरूप प्रदान कर रहा है। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के सम्मान हमें और दृढ़ता से अपने सेवा कार्यों को आगे बढ़ाने के प्रति प्रेरित करते हैं।




### छात्र-छात्राएं अपने जीवन की नई पारी और नव-ऊर्जा का आरंभ करने के लिए होंगे प्रेरित : कुलपति

कार्यक्रम में यूपीईएस के कुलपति डॉ. राम शर्मा ने मानवता की सेवा में आचार्य के समर्पण एवं निःस्वार्थ योगदान की सराहना करते हुए कहा कि इनकी प्रेरणा प्राप्त कर स्नातक छात्र-छात्राएं अपने जीवन कि नई पारी नव-ऊर्जा के साथ आरंभ करने के लिए प्रेरित होंगे। उन्होंने कहा कि आचार्य के कुशल नेतृत्व में पतंजलि मॉडल आज देश का एक अग्रणी व्यवसाय मॉडल बन गया है। पतंजलि मॉडल भारतीय परंपराओं के अनुरूप ग्राहकों के विश्वास को और मजबूती से आगे बढ़ाता है। देश के प्रतिष्ठित उद्यमी आज पतंजलि मॉडल से प्रेरणा ले रहे हैं। इस सम्मान के लिए आचार्य ने विश्वविद्यालय के कुलाधिपति डॉ. सुनील रॉय, कुलपति डॉ. राम शर्मा, प्रति कुलपति डॉ. जय शंकर, कुलसचिव प्रो. मनीष मदान, निदेशक स्कूल बिजनेस प्रो. राहुल नैनवाल, डीन-रिसर्च डॉ. अश्विनी नांगिया, एमडी, स्क्लम्बर्गर ललित अग्रवाल, अकेडमिक काउंसिल तथा गवर्निंग बॉडी के सदस्यों तथा सभी विद्यार्थियों का धन्यवाद दिया।



### अदाणी एग्री फ्रेश ने किसानों से की ऐतिहासिक खरीद

**जबलपुर।** अदाणी एग्री फ्रेश लिमिटेड ने इस वर्ष किसानों से 27,000 टन सेब की रिकॉर्ड खरीद की, जो पिछले वर्ष के 15,000 टन की तुलना में लगभग दोगुनी है।कंपनी की डिजिटल मंडी पहल ने इस उपलब्धि में अहम भूमिका निभाई, जिससे किसानों को बेहतर मूल्य और पारदर्शी बाजार व्यवस्था मिली। किसानों की मेहनत और योगदान को सम्मानित करने के लिए रोहड़ू, रामपुर और सैंज में क्रमशः 3, 5 और 7 नवंबर को विशेष सम्मान समारोह आयोजित किए गए।

केंद्र ने राज्यों को दी सलाह

## अंगदान से बच सकती हैं लाखों जिंदगियां



हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

केंद्र सरकार ने राज्यों को अंगदान को प्रोत्साहित करने के लिए विभिन्न कर्मियों को प्रशिक्षण देने, अस्पतालों में विशेष टीम नियुक्त करने, ट्रॉमा सेंटर का उन्नयन करने और उन्हें अंग पुनर्प्राप्ति केंद्रों के रूप में पंजीकृत करने जैसे कुछ सुझाव दिए हैं। देश में अंगदान की दर प्रति 10 लाख जनसंख्या पर एक मृतक दाता से भी कम है।

### संभावित दाताओं की करें पहचान

कुमार ने पत्र में कहा, आपात स्थिति में पुलिस कर्मी, एम्बुलेंस चालक, आपातकालीन चिकित्सा तकनीशियन, पैरा-मेडिकल स्टाफ समेत अन्य कर्मी संभावित दाताओं की पहचान करने और समय पर सूचित करने तथा दान के लिए सहमति देने वालों से अंग प्राप्त करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। प्रतिरोपण समन्वयकों तक सूचना प्रसारित करने के लिए तंत्र स्थापित किया जाना चाहिए।

# बिजली बिल हॉफ योजना, ज्यादा बिल के हल्ला के बाद अब परीक्षण, फिर बनेगा प्रस्ताव

## सीएम विष्णुदेव साय के निर्देश पर ऊर्जा विभाग करा रहा है परीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

हरिभूमि फॉलोअप

बिजली बिल हॉफ योजना का दायरा चार सौ यूनिट से कम करके सौ यूनिट करने के बाद प्रदेश में चौतरफा शिकायतें हो रही हैं कि बिल ज्यादा आ रहा है और उपभोक्ता परेशान हैं। इस मामले में दीपावली मिलन समारोह में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने संकेत दिए थे कि प्रदेश सरकार इस मामले में विचार कर रही है। अब मुख्यमंत्री के निर्देश पर ऊर्जा विभाग छत्तीसगढ़ राज्य पॉवर कंपनी के माध्यम से परीक्षण कराने में लगा है कि उपभोक्ताओं को इससे कितना नुकसान हो रहा है। इसका दायरा बढ़ाये जाने पर क्या होगा, सरकार पर कितना भार आएगा, इसको लेकर परीक्षण किया जा रहा है। सबसे अहम यह देखा जाएगा कि किसी भी हाल में पीएम सूर्य घर मुक्त योजना प्रभावित न हो। प्रदेश सरकार यह चाहती है कि उपभोक्ता परेशान भी न हों और पीएम सूर्य घर योजना का काम भी चलता रहे। ऐसा की कोई रास्ता निकालने के लिए परीक्षण कराया जा रहा है। परीक्षण की रिपोर्ट मिलने के प्रदेश सरकार बिजली बिल हॉफ योजना के संशोधन पर फैसला करेगी। प्रदेश में बिजली बिल हॉफ योजना का प्रारंभ कांग्रेस सरकार के समय किया गया था। इस योजना में प्रदेश भर के 45 लाख से ज्यादा घरेलू उपभोक्ताओं को चार सौ यूनिट बिजली की खपत पर आधा बिल लगता था। प्रदेश में भाजपा की सरकार बनने के बाद यह योजना चल रही थी, लेकिन इस साल अगस्त में प्रदेश सरकार ने इस योजना में चार सौ यूनिट का दायरा कम कम करके सौ यूनिट कर दिया गया है। जिन उपभोक्ताओं की खपत सौ यूनिट के अंदर हो रही है, उनको ही बिजली बिल हॉफ योजना का लाभ मिल रहा है, जिन उपभोक्ताओं की खपत सौ यूनिट से एक यूनिट भी ज्यादा हो जाती है, उनको योजना का लाभ नहीं मिलता है।

### प्रदेश में ज्यादा बिजली बिल का हल्ला

बिजली बिल हॉफ योजना का दायरा कम होने के बाद प्रदेश भर में बिजली बिल को लेकर हाहाकार मचा हुआ है। चौतरफा यही खबरें और शिकायतें हैं कि बिजली बिल अब पहले से बहुत ज्यादा हो गया है। इस मामले में कांग्रेस ने लगातार आंदोलन भी किया है। सोशल मीडिया पर योजना का दायरा कम करने को लेकर लगातार पोस्ट हो रही है। उपभोक्ता अपनी परेशानी को सोशल मीडिया में शेयर करने के साथ प्रदेश सरकार से शिकायत भी कर रहे हैं।

### परीक्षण रिपोर्ट के साथ भेजा जाएगा छत्तीसगढ़ सरकार को प्रस्ताव



### परीक्षण के बाद भेजेंगे प्रस्ताव

बिजली बिल हॉफ योजना को लेकर परीक्षण किया जा रहा है कि इसमें क्या किया जा सकता है। यह भी देखा जाएगा कि पीएम सूर्य घर मुक्त योजना प्रभावित न हो। परीक्षण के बाद प्रस्ताव बनाकर प्रदेश सरकार को दिया जाएगा। इसके बाद सरकार इस मामले में फैसला करेगी।

-डॉ. रोहित यादव
ऊर्जा सचिव, छत्तीसगढ़ सरकार

गडकरी की चुटीली नसीहत

## पत्नी से ज्यादा फाइलों से प्यार करते हैं अफसर

**नागपुर।** केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने एक बार फिर अपने चिर-परिचित अंदाज में सरकारी अधिकारियों को चुटीली नसीहत दी है। नागपुर में एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए गडकरी ने मजाकिया लहजे में कहा कि सरकारी अधिकारी फाइलों से अपनी पत्नी से भी ज्यादा प्यार करते हैं, जिस कारण वे फाइलों को अनावश्यक रूप से रोककर रखते हैं। राष्ट्रीय प्रत्यक्ष कर अकादमी के स्थापना दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में नितिन गडकरी ने अधिकारियों से अपील की कि वे फाइलों को दबाकर न रखें और समय पर निर्णय लें। एक पुरानी घटना का जिक्र करते हुए उन्होंने बताया, एक बार मैंने एक अधिकारी से पूछा, आप अपनी पत्नी से प्यार करते हैं, ठीक है, लेकिन फाइलों से उससे भी ज्यादा क्यों करते हैं? एक बार फाइल आती है तो उसे दबाकर रख देते हैं। अगर मंजूर करनी है तो करें, ना मंजूर करनी है तो करें, लेकिन कुछ तो निर्णय लें। फाइलों को यूं ही रोक कर रखने से क्या फायदा?

### निर्णय में देरी से नुकसान

गडकरी ने स्पष्ट निर्देश दिए, अगर कोई काम नियम में फिट नहीं बैठता तो सीधे ना कहें, लेकिन निर्णय तो लें। टैक्स वसूलिए, छापे मारिए, लेकिन निर्णय लेना मत भूलिए। उन्होंने जोर देकर कहा कि निर्णय में देरी से बहुत नुकसान होता है। गडकरी का यह बयान सरकारी कामकाज में तेजी लाने और लाल फीताशाही को कम करने की दिशा में एक स्पष्ट संदेश था।

## राशिफल

**मेष** – मन प्रसन्न रहेगा। दाम्पत्य सुख में वृद्धि होगी। परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। माता-पिता से धन की प्राप्ति हो सकती है। तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे।

**वृष** – स्वास्थ्य का ध्यान रखें। परिवार की समस्याओं पर भी ध्यान दें। पिता का साथ मिलेगा। रहन-सहन कष्टमय हो सकता है। बौद्धिक कार्यों से आय बढ़ेगी।

**मिथुन** – मन परेशान रहेगा। संयत रहें। क्रोध से बचें। परिवार में शान्ति बनाये रखने का प्रयास करें। भाइयों के सहयोग से नए कारोबार की शुरुआत करेंगे।

**कर्क** – आत्मविश्वास में कमी रहेगी। मन परेशान रहेगा। व्यर्थ के झगड़े एवं विवादों से बचें। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। शैक्षिक कार्यों के लिए विदेश जा सकते हैं।

**सिंह** – व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। किसी सम्पत्ति से आय के साधन बन सकते हैं। नौकरी में कार्यभार में वृद्धि हो सकती है।

**कन्या** – पठन-पाठन में रुचि रहेगी। शैक्षिक कार्यों के लिए विदेश जाने के योग बन रहे हैं। जीवनसाथी से मनमुटाव की स्थिति रहेगी।

**तुला** – मन प्रसन्न रहेगा। परिश्रम की अधिकता रहेगी। आय में कमी एवं खर्च अधिक की स्थिति हो सकती है। सुस्वादु खानपान में रुचि रहेगी।

**वृश्चिक** – आत्मसंयत रहें। मानसिक शान्ति बनाये रखने के प्रयास करें। परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। माता का साथ मिलेगा। रुके हुए धन की प्राप्ति होगी।

**धनु** – आत्मसंयत रहें। क्रोध के अतिरेक से बचें। कारोबार में कठिनाइयां आ सकती हैं। शैक्षिक कार्यों में आशातीत परिणाम मिलेंगे।

**मकर** – वाणी में मधुरता रहेगी, परन्तु धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। खर्चों में वृद्धि होगी। रहन-सहन अव्यवस्थित रहेगा।

**कुंभ** – आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। मन प्रसन्न भी रहेगा। फिर भी व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। परिवार की समस्याओं पर ध्यान दें।

**मीन** – परिवार में शान्ति बनाये रखने के प्रयास करें। खर्चों में वृद्धि होगी। किसी धार्मिक स्थल की यात्रा पर जाना हो सकता है।

### गुजरात एटीएस ने नाकाम की बड़ी साजिश, शिकंजे में तीन आतंकी

# चीन से एमबीबीएस फिर आईएस में भर्ती, डॉक्टर बना मौत का सौदागर!

गुजरात एटीएस ने एक ऐसी आतंकी साजिश का भंडाफोड़ किया है, जिसने पूरे देश की सुरक्षा एजेंसियों को चौकन्ना कर दिया है। चीन से एमबीबीएस कर चुके हैदराबाद निवासी डॉक्टर अहमद मोहिउद्दीन सैयद समेत तीन आतंकी गिरफ्तार किए गए हैं, जो इस्लामिक स्टेट खुरासान प्रांत के संपर्क में थे। इनका टारगेट था-अहमदाबाद, लखनऊ और दिल्ली में 'जहर के हथियार' से तबाही मचाना।

एजेंसी ▶▶| अहमदाबाद

गुजरात आतंकवाद निरोधक दस्ते (एटीएस) ने चीन से एमबीबीएस की डिग्री करने वाले एक डॉक्टर समेत तीन लोगों को गिरफ्तार कर एक संदिग्ध आतंकी सिंडिकेट का भंडाफोड़ किया है। आरोपी डॉक्टर कथित तौर पर अत्यधिक घातक रासायनिक जहर 'रिसिन' तैयार कर रहा था और उसका आका इस्लामिक स्टेट खुरासान प्रांत (आईएसकेपी) से जुड़ा हुआ है।

एक वरिष्ठ एटीएस अधिकारी ने रविवार को बताया कि आरोपियों में एक डॉ. अहमद मोहियुद्दीन सैयद और आजाद सुलेमान शेख और मोहम्मद सुहैल मोहम्मद सलीम के रूप में हुई है और उन्होंने लखनऊ, दिल्ली और अहमदाबाद में कई संवेदनशील स्थानों की रेकी की थी। गुजरात एटीएस के उपमहानिरीक्षक (डीआईजी) सुनील जोशी ने संवाददाताओं को बताया, डॉ. अहमद मोहियुद्दीन सैयद उच्च शिक्षित और कट्टरपंथी है तथा उसने बड़ी आतंकवादी गतिविधियों को अंजाम देने की साजिश के तहत धन इकट्ठा करने और लोगों की भर्ती करने की योजना बनाई थी।



- अहमदाबाद, लखनऊ और दिल्ली में 'जहर के हथियार' से था तबाही का प्लान
- रिसिन जहर से आतंकी हमले की साजिश का पर्दाफाश



### 'रिसिन' से तबाही की साजिश

गुजरात एटीएस के अनुसार, तीनों आरोपी 'रिसिन' नामक एक लिक्विड तैयार कर रहे थे। यह लिक्विड इंसान के शरीर के संपर्क में आते ही जानलेवा असर डाल सकता है। जांच एजेंसियां मान रही हैं कि यह पदार्थ सायनाइड से भी घातक है। शुरुआती जांच में यह भी सामने आया है कि अहमद ने मेडिकल बैकग्राउंड का इस्तेमाल कर इस जहर को तैयार करने की प्रक्रिया सीखी थी।

### डॉक्टर समेत तीन गिरफ्तार

डॉ. अहमद मोहियुद्दीन सैयद का आका अबू खदीजा अफगानिस्तान का निवासी है और आईएसकेपी (इस्लामिक स्टेट खुरासान प्रांत) से जुड़ा है तथा वह पाकिस्तान के कई लोगों के संपर्क में भी रहा है। आरोपी आजाद सुलेमान शेख और मोहम्मद सुहैल मोहम्मद सलीम, दोनों उत्तर प्रदेश के रहने वाले हैं, जिन्हें बनासकांठा जिले से गिरफ्तार किया गया। दोनों ने कथित तौर पर राजस्थान के हनुमानगढ़ से हथियार हासिल किए थे।

### केंद्रीय जांच एजेंसियों की पड़ताल


अब एनआईए, आईबी और रॉ समेत कई एजेंसियां इस मॉड्यूल की अंतरराष्ट्रीय कड़ी खंगाल रही हैं। गुजरात एटीएस भी विभिन्न राज्यों में मामले की जांच कर रही है। उन्होंने कहा कि एटीएस केंद्रीय और राज्य एजेंसियों के साथ समन्वय करके अन्य लोगों को भी गिरफ्तार करेगी। अधिकारी ने बताया कि तीनों के खिलाफ गैरकानूनी गतिविधियां अधिनियम, भारतीय न्याय संहिता और शस्त्र अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया है।

### इधर, पाक नेटवर्क पर कश्मीर में ताबड़तोड़ छापेमारी

जम्मू-कश्मीर पुलिस ने आतंकवादी संगठनों के खिलाफ जारी कार्रवाई का जम्मू के विभिन्न इलाकों में विस्तार करते हुए पाकिस्तान में बैठे आकाओं के इशारे पर काम कर रहे स्थानीय आतंकवादियों और उनके 'ओवरग्राउंड वर्कर्स' से जुड़े ठिकानों पर तलाशी ली। कश्मीर के संदर्भ में ओजीडब्ल्यू का मतलब उन व्यक्तियों से है, जो आतंकवादियों को साजो-सामान उपलब्ध कराते हैं तथा गुप्त गतिविधियां संचालित करने में उनकी मदद करते हैं। अधिकारियों ने बताया कि रामबन, किश्तवाड़, डोडा, कठुआ, रियासी, पूंछ और राजौरी जिलों में कई जगहों पर व्यापक तलाशी और घेराबंदी अभियान जारी है। जम्मू के डोडा जिले में बड़े पैमाने पर जारी आतंकवाद-रोधी अभियान के बीच शनिवार को कई संदिग्ध लोगों को पूछताछ के लिए बुलाया गया।

### अंबानी ने तिरुपति मंदिर में पूजा-अर्चना की


**तिरुपति।** रिलायंस समूह के प्रमुख मुकेश अंबानी ने रविवार को तिरुमला स्थित भगवान वेंकटेश्वर मंदिर में पूजा-अर्चना की। तिरुमाला तिरुपति देवस्थानम के अधिकारियों ने अंबानी का स्वागत किया और बाद में उन्हें दर्शन के लिए ले गए। मुकेश अंबानी ने आज सुप्रभात सेवा के दौरान भगवान वेंकटेश्वर के दर्शन किए। टीटीडी (तिरुपति तिरुमाला देवस्थानम) के अधिकारियों ने उनका स्वागत किया और उन्हें दर्शन कराए। दर्शन के बाद पुजारियों ने उन्हें रेशमी वस्त्र पहनाकर सम्मानित किया और रंगनायकुला मंडपम में भगवान का प्रसाद भेंट किया।



### एटीएम उखाड़कर ले गए चोर

**जैसलमेर।** राजस्थान के जैसलमेर जिले में बीती रात चोरों का एक समूह एटीएम को उखाड़कर ले गया। यह घटना जिले के नेहड़ाई गांव में एसबीआई के एटीएम पर हुई। एक वाहन से आए अज्ञात चोरों ने एटीएम को रस्सी से बांध कर उखाड़ लिया और अपने साथ ले गए। पुलिस ने बताया कि सुबह जब ग्रामीणों ने एटीएम वहां नहीं देखा तो पुलिस को सूचना दी। पुलिस इस मामले की जांच कर रही है। एटीएम में कितनी नकदी थी इस बारे में अभी आधिकारिक जानकारी नहीं मिली है।

## शब्द पहेली - 6044



**बाएँ से दाएँ**
1.उपासना करना-6
5.अलमस्त, उत्साही-4
8. हरे रंग का-2
9.चाह,इच्छा-3
10.अधिकार,आरोप-2
11.निर्दय, हिंसक-4
12.आंदोलन-2
14.सज्जन,सभ्य-4
15.स्मृति,अविस्मरण-2
17.रूखा, रसहीन-3
19.गुप्तचर-4
21.संकट मोचक,नाविक-5
24.चुगली करना-5
27.नेता पथ प्रदर्शक-4
29.प्रेम,चाहत-3
31.एक ग्रह-2
32.अनर्गल प्रलाप-4
33.नौकर,सेवक-2
35.उद्विग्न,आतुर-4
36.श्रवणेंद्रिय-2
38.दीपक,दिया-3
39.बोलने के लिये कहना-2
40.एक मुस्लिम महीना-4
41.सहायता करना-3,3

**ऊपर से नीचे**
1.सहिष्णुता,उदारता-6
2.थोड़ा,कम-2
3.कपड़ों के टुकड़े-4
4.असफल-5
5.राजी करना-3
6.वजन,वायदा-2
7.अनाथ,बेवारिस-4
11.वैधव्य-4
13.राजा की पत्नी-2
16.टूटना-4
18.धावक (अंग्रेजी-3)
19.खबरी,खबर देने वाला-4
20.हमारा पड़ोसी देश-2
22.घूमना-3
23.पराजय-2
25.खतरनाक, खौफनाक-4
26.पसंद नहीं होना, अस्वीकृत-4,2
28.अशोक कुमार, मीना कुमारी, प्रदीप कुमार की फिल्म-5
29.हमले का जवाब देना,प्रतिशोध-4
30.कभी-2
32.जब्त,प्राप्त होना-4
34.मास्टर ब्लास्टर-3
37.भीगा हुआ-2
39.टैक्स,हाथ-2

### शब्द पहेली- 6043 का हल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ■ | ब | ल | शा | ली | ■ | रु | ख | सा | र | ■ |
| अ | न | ■ | ली | ■ | प | त | न | ■ | जा | न |
| न | ■ | ज | मा | दा | र | ■ | न | म | ■ | फा |
| म | ग | रु | र | ■ | ■ | आ | ■ | द | र | स |
| ना | ■ | र | ■ | अ | ज | ग | र | ■ | वा | त |
| ■ | मि | त | वा | ■ | ही | ■ | स | प | ना | ■ |
| म | ल | ■ | दा | वा | न | ल | ■ | य | ■ | फि |
| त | न | य | ■ | ल | ■ | ■ | ह | ज | र | त |
| ल | ■ | म | त | ■ | का | र्या | ल | य | ■ | र |
| बी | ज | ■ | म | का | न | ■ | च | ■ | सा | त |
| ■ | य | ल | गा | र | ■ | ब | ल | शा | ली | ■ |

## सूडोकु नवताल - 6054

★★★★★ कठिनतम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 4 | | 6 | | | |
| | | | | | 2 | 7 | | |
| | 6 | 8 | | | | 9 | | |
| 5 | 3 | | | | | | | 6 |
| | | | | 6 | | | | |
| 7 | | | | | | | 9 | 2 |
| | | 9 | | | | 8 | 5 | |
| | | 2 | 1 | | | | | |
| | | | 3 | | 4 | | | |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल - 6053 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 9 | 7 | 1 | 3 | 6 | 4 | 8 | 5 |
| 3 | 1 | 6 | 5 | 8 | 4 | 2 | 9 | 7 |
| 5 | 4 | 8 | 7 | 9 | 2 | 6 | 3 | 1 |
| 9 | 2 | 1 | 4 | 7 | 3 | 8 | 5 | 6 |
| 7 | 8 | 3 | 6 | 1 | 5 | 9 | 2 | 4 |
| 4 | 6 | 5 | 9 | 2 | 8 | 1 | 7 | 3 |
| 1 | 7 | 4 | 2 | 5 | 9 | 3 | 6 | 8 |
| 6 | 3 | 2 | 8 | 4 | 7 | 5 | 1 | 9 |
| 8 | 5 | 9 | 3 | 6 | 1 | 7 | 4 | 2 |

हरिभूमि सहेली

विशेष: बाल दिवस, 14 नवंबर



बच्चा है तो वह मासूम, भोला-भाला होगा ही, बड़ी स्वाभाविक सी बात है। लेकिन इस नए दौर में बच्चे अपनी मासूमियत खो रहे हैं, उनकी बाल सुलभ सहजता लुप्त हो रही है, इसके कुछ नकारात्मक परिणाम बच्चों के व्यक्तित्व विकास पर पड़ रहे हैं। जरूरी है अभिभावक इन्हें जानें-समझें और बच्चे की मासूमियत खोने ना दें, उनका नैसर्गिक विकास हो।

# बच्चों की खोती मासूमियत कैसे सहेजें हम

कवर स्टोरी

डॉ. मोनिका शर्मा

बच्चे, अब बच्चों जैसे नहीं रहे। बालमन की मासूमियत गुम हो रही है। अब तो बच्चों के खेल-खिलौने ही बदल गए हैं। कैसी भाषा बोलने लगे हैं, आजकल के बच्चे? अब तो घर के छुटके सदस्य किसी की सुनते ही नहीं। ऐसी बातें घर-घर का किस्सा हैं। घर के बड़े-बुजुर्ग हों या बच्चों के अभिभावक, चिंतित भी हैं और चकित भी। कभी आने वाले कल से जुड़े भय के चलते तो कभी आज की उलझनों के कारण, बच्चों के बदलते बर्ताव की चर्चा हर ओर हो रही है।





## समझना होगा बच्चों के मन का हाल

वक्त के साथ लाइफस्टाइल से लेकर तकनीक के इस्तेमाल तक, हर चीज में बदलाव आएगा ही। इन बदलावों संग ही सकारात्मक परवरिश की राह निकालनी होगी। अभिभावक को बच्चों के मन का हाल समझना होगा। उनके व्यवहार पर गौर करते हुए सोच की बदलती दिशा की थाह लेनी होगी। समय के साथ सधी कदमताल ही बचपन की मासूमियत सहेज सकती है। साथ ही नई पीढ़ी को अपडेट रखने के लिए भी एक संतुलित रास्ता चुनना आवश्यक है। बच्चों के लिए तो सब कुछ नया-सा होता है। स्कूल जाने पर सीखने-पढ़ने की नई खिड़की खुलती है। आस-पड़ोस का मेलजोल, घर के बाहर लोगों के व्यवहार से जुड़े अच्छे-बुरे तौर-तरीकों से मिलवाता है। ऐसे में बच्चे कभी कुछ जान-बूझकर सीखते हैं तो कभी अनजाने ही किसी के बर्ताव को दोहराने लगते हैं। बावजूद इसके बच्चों को अपने परिवेश से दूर नहीं रखा जा सकता। खेलकूद या मेलजोल पर पाबंदी नहीं लगाई जा सकती। ऐसे में अभिभावक को ठहराव के साथ उनका हाथ थामना होगा। समय के साथ आ रहे बदलावों के प्रति 'सार-सार को गहि रहै, थोथा देई उड़ाय' का भाव शुरुआती पड़ाव पर ही उनके मन में भरना होगा। ध्यान रहे कि हर परिस्थिति को लेकर शिकायत करना इंसान को सीमाओं में बांधता है। इसीलिए मौजूदा दौर में अभिभावक को एक बैलेंस बनाना होगा। जीवन की डगर पर बच्चों का हाथ थामकर एक सधी कदमताल करनी होगी। बालमन को नकारात्मकता से बचाने के लिए समझाइश देनी होगी। बच्चों के मन में सकारात्मक बातों-बर्ताव को अपनाने वाली खुली सोच को पोसना होगा।

## सकारात्मक जुड़ाव ही है हल

संपर्क में आने वाले लोग हों या इस्तेमाल की जा रही सुविधाएं। बच्चे, सही या गलत का फर्क नहीं कर सकते। उनका मासूम मन लाभ या हानि का गणित नहीं समझता। हालिया वर्षों में तकनीक द्वारा बालमन का दिशाहीन होना एक बड़ी चिंता बन गया है। अभिभावक बच्चों को टेक्निकल गैजेट्स का सही इस्तेमाल करना सिखाएं। साथ ही खुद भी स्क्रीन के संसार में खोने के बजाय इस मामले में अनुशासन बरतें। स्पेन की यूनिवर्सिटी नेब्रिजा में हुए एक अध्ययन के मुताबिक स्क्रीन टाइम बच्चों के लिए नुकसानदेह और फायदेमंद दोनों साबित हो सकता है। यह अध्ययन कहता है कि स्क्रीन के बहुत अधिक और अनियंत्रित इस्तेमाल से बच्चों का फोकस कम होता है। बच्चों के भाषा सीखने और भावनात्मक विकास में बाधा आ सकती है। नेब्रिजा यूनिवर्सिटी का यह अध्ययन बताता है कि अगर स्क्रीन का उपयोग, एजुकेशनल कंटेंट और परिवार के साथ इंटरैक्शन के लिए किया जाए तो बच्चों के दिमागी विकास, ध्यान और भाषा में सुधार कर सकता है। यही बात खेल, सामाजिक मेल-मिलाप, खान-पान और लाइफस्टाइल से जुड़ी दूसरी आदतों पर भी लागू होती है। बच्चे जो भी करें, उस फील्ड से जुड़े लोगों से ही नहीं, उस एक्टिविटी से भी एक पॉजिटिव कनेक्ट रखना सिखाएं।



## सभी की भूमिका अहम

क्या सिर्फ बच्चे ही बदले हैं? अनुशासनहीनता और आक्रोश ने केवल बालमन को ही नहीं घेरा है, घर में बड़ों की बात सुनने-समझने में कोताही करने वाले केवल बच्चे ही तो नहीं? ऐसे बहुत से सवालों को लेकर अभिभावकों को गंभीरता से सोचना होगा। इन बातों-हालातों पर गहराई से सोचे बिना बच्चों की मासूमियत को नहीं सहेजा जा सकता। बच्चों के बचपन का गुम होना, बड़ों के बदलते जीवन पर भी प्रश्न उठाता है। बालमन का भ्रमित होना बड़ों की प्राथमिकताओं से उनके गायब हो जाने की भी बानगी है। घर से छुटके सदस्यों का चुप्पी चुन लेना, बड़ों से संवाद कम होने का भी नतीजा है। कहीं काम-काजी आपा-धापी में फंसे पैरेंट्स कुछ कहने से पहले ही बच्चों को जज कर रहे हैं तो कहीं मम्मी-पापा के रिश्ते में आते अलगाव की आंच मासूम मन को झुलसा रही है। अनगिनत सुविधाओं से घिरे बच्चे अकेले से लगते हैं। मशीनों के साथ पलते बच्चे मन के मोर्चे पर उदासी के घेरे में हैं। स्कूलों में दूसरी एक्टिविटीज के बोझ तले दबे टीचर्स, बच्चों से जुड़ाव नहीं बना पा रहे। आस-पड़ोस के दरवाजे ही नहीं, मन से जुड़ने के रास्ते भी बंद हैं। बदलावों के नाम पर बनी इस अजब-गजब दुनिया में बच्चे खोए से खड़े हैं। ऐसे में उनका साथ देने की जिम्मेदारी पैरेंट्स, टीचर्स और नेबर्स सभी की है। कहा जाता है कि 'इट टेक्स अ विलेज टू रेज अ चाइल्ड' यानी परिवार ही नहीं, पूरा परिवेश चाहिए होता है एक बच्चे को बड़ा करने के लिए। स्कूल, खेल का मैदान, ट्यूशन सेंटर या घर-आंगन, बचपन को सहेजने के लिए परवरिश की साझी जिम्मेदारी हर जगह मौजूद लोगों को समझनी होगी। a

# ज्यादा लाड़-प्यार से बिगड़ता है बच्चों का बर्ताव

सभी पैरेंट्स अपने बच्चों को खूब दुलार करते हैं, उनकी हर इच्छा पूरी करना चाहते हैं। लेकिन जरूरत से ज्यादा लाड़-प्यार बच्चों के बर्ताव को बिगाड़ सकता है, इसलिए सजग रहना जरूरी है।

रखें ध्यान

चैतन्या



अधिकतर पैरेंट्स अपने बच्चों को प्यार करने में कोई कमी नहीं रखना चाहते। घर के छोटे सदस्यों के प्रति यह लाड़-प्यार जरूरी भी है। प्यार-दुलार का यही व्यवहार दो पीढ़ियों के जुड़ाव को मजबूत करता है, लेकिन नेह भरा यह बर्ताव उस समय परेशानी का कारण बन जाता है, जब बच्चों की हर बात मान लेना ही प्यार जताना समझ लिया जाए। हर मामले में बच्चों के कहे मुताबिक पैरेंट्स, खुद को ढालने-बदलने लगें। समझना जरूरी है कि हद से ज्यादा लाड़-प्यार पाने के इन हालातों में बच्चे, अपने से बड़े पारिवारिक सदस्यों की बात सुनने-मानने की प्रवृत्ति भी खोने लगते हैं। इसीलिए बच्चों की परवरिश में लाड़-प्यार की भी एक सीमा आवश्यक है। शुरू से ही ऐसा ना किया जाए तो बच्चे बहुत-सी मानसिक और व्यावहारिक समस्याओं के घेरे में आने लगते हैं।

**मूड स्विंग्स का शिकार:** हद से ज्यादा प्यार मिलने से बालमन इमोशनल रेग्युलेशन नहीं सीख पाता। ऐसे बच्चे, अपनी इच्छाओं और भावनाओं के आगे पैरेंट्स के किसी तर्क या समझाइश को नहीं मानते हैं। पैरेंट्स का हद से ज्यादा प्यार पाने वाले बच्चों में मूड स्विंग्स ज्यादा होते हैं, जो जीवन के शुरुआती पड़ाव पर ही उन्हें दिशाहीन करने लगते हैं। ऐसे में बड़ों का भी समय रहते चेत जाना जरूरी है। मन-मुताबिक सब करने-चाहने की आदत बन जाने के बाद उनके मूड स्विंग्स को मैनेज करना मुश्किल हो जाता है। बात-बात पर बच्चों की बदलती मनःस्थिति, पैरेंट्स को सजग करने वाला पक्ष है। इस बर्ताव से उनको समझना चाहिए कि बच्चे को जरूरत से ज्यादा ही लाड़-प्यार मिल रहा है। समझाइश को मानने और मन की करने-करवाने से दूर होते बच्चों के पैरेंट्स को संतुलित परवरिश की राह चुननी चाहिए। इसीलिए शुरुआती कदम पर ही याद रखें कि लाड़-प्यार की अति, बच्चों को मूड स्विंग्स का शिकार बनाने वाली होती है।



**टीम वर्क से दूरी :** पैरेंट्स द्वारा मन-मुताबिक सब कुछ करने देने की छूट पाने वाले बच्चे, टीम वर्क नहीं कर पाते। पढ़ाई हो या सामाजिक-पारिवारिक गतिविधि, कोई प्रेशर नहीं सह पाते। हमारे परिवारों में आमतौर पर बच्चों से दुलार करने का मतलब उन्हें गलत व्यवहार से ना टोकना, बुरी भाषा बोलने से ना रोकना और जिद्दी बर्ताव करने पर सख्ती ना करने से लिया जाता है। बच्चों के हर तरह के नकारात्मक व्यवहार की यह सहज स्वीकार्यता उन्हें और आक्रामक बना देती है। समझना मुश्किल नहीं कि घर हो या स्कूल, यह आक्रामकता उनमें मिलजुल कर काम करने की सोच नहीं आने देती है। साथ ही किसी बच्चे का यह बर्ताव देख, दूसरे बच्चे भी उससे दूरी बनाने लगते हैं। पैरेंट्स के सामने की जाने वाली जिद के समान ही बच्चे घर से बाहर भी मिल-जुलकर कोई एक्टिविटी करने के बजाय अपनी बात मनवाने पर अड़ने का रुख अपनाते हैं। ऐसी स्थितियां बच्चों को रचनाशीलता से दूर करती है। क्लास हो या खेल का मैदान, साझी गतिविधियों में अपनी ही जिद मनवाने की मानसिकता के चलते बच्चे ना तो क्रिएटिव बन पाते हैं और ना ही कुछ नया सीखने में रुचि लेते हैं।

**अशिष्ट और स्वार्थी बर्ताव:** लाड़-प्यार की अति से जुड़ी समस्याओं का खामियाजा बच्चों के पूरे व्यक्तित्व को प्रभावित करता है। पैरेंट्स की हद से ज्यादा उदारता से हर बात में बहस करना, बच्चों की आदत में शुमार हो जाता है। इससे उनका व्यक्तित्व ही नहीं आने वाला जीवन भी प्रभावित होता है। शुरू से ही 'न' सुनने की आदत ना डाली जाए तो एक समय के बाद माता-पिता भी बच्चों के व्यवहार को नियंत्रित नहीं कर पाते। बच्चों को सही दिशा नहीं दिखा पाते। इसीलिए बच्चों के प्रति स्नेहपूरित दुलार के साथ एक सधापन शुरू से ही अपनाएं। a

# बच्चों की ड्राय स्किन ऐसे बनेगी सॉफ्ट-ग्लोइंग

एडवाइस

ललिता गोयल

सर्दी के मौसम में बच्चों की स्किन काफी ड्राय होने लगती है। ऐसे में उनकी स्किन को एक्सट्रा केयर की जरूरत होती है। बदलते मौसम में बच्चों की स्किन की अगर सही देखभाल न की जाए, तो वो ड्राई और रफ होने लगती है। मौसम में बदलाव के कारण बच्चों के होंठ फटने लगते हैं, स्किन में ईचिंग होने लगती है। ऐसे में यहां बताए जा रहे उपायों पर गौर करना होगा।

**मॉयश्चराइजर लगाएं:** बच्चे को नहलाने के बाद उसकी स्किन को अच्छी तरह से पोंछने के बाद मॉयश्चराइजर लगाएं। सर्दियों में हवा में नमी कम होती है, जिससे स्किन ड्राई हो सकती है। ऐसे में बच्चे की त्वचा को मॉयश्चराइज रखने के लिए अच्छे मॉयश्चराइजर का इस्तेमाल करें।

**गुनगुने पानी का यूज करें:** कभी भी बच्चे को ज्यादा गर्म पानी से न नहलाएं। इससे बच्चे की स्किन का नेचुरल ऑयल कम हो सकता है। ऐसे में बच्चे के लिए हमेशा हल्के गुनगुने पानी का ही इस्तेमाल करें। गुनगुने पानी से नहलाने से एक तो बच्चे को ठंड नहीं लगेगी, वहीं साथ ही में उनकी त्वचा की नमी भी बरकरार रहेगी।

**हीटर की गर्मी से करें बचाव:** अकसर लोग सर्दी के मौसम में ठंड से राहत दिलाने के लिए अपने बच्चे को नहलाकर हीटर के आगे बैठा देते हैं। ऐसा करने से बचना चाहिए।



**हाइड्रेशन का ध्यान रखें:** बच्चे को ड्राई स्किन की प्रॉब्लम से बचाने के लिए उसे डिहाइड्रेट न होने दें। उसे पर्याप्त मात्रा में पानी और लिक्विड डाइट देती रहें।

**ऑयल मसाज करें:** नन्हे बच्चों की स्किन से ड्राईनेस को मिटाने के लिए, थोड़े-थोड़े समय के अंतर पर तेल से मालिश जरूर करें। इससे आपके बच्चे की स्किन से रूखापन खत्म हो जाएगा। साथ ही, बच्चे की हेल्थ भी अच्छी बनी रहेगी।

**माइल्ड साबुन का करें इस्तेमाल:** केमिकल्स बेस्ड साबुन का इस्तेमाल करने से बच्चों की स्किन हार्श और ड्राई हो सकती है। इसलिए बच्चे को गुनगुने पानी से स्नान कराएं और हल्का बेबी सोप या माइल्ड क्लींजर इस्तेमाल करें। नहलाते वक्त बच्चे की त्वचा पर सिर्फ एक बार ही साबुन लगाएं। बार-बार बच्चों की त्वचा पर साबुन रगड़ने से स्किन से नमी खत्म हो सकती है। नहलाने के बाद बच्चों की त्वचा को हाइड्रेट रखने के लिए बेबी लोशन या एलोवेरा जैल भी लगाएं।

**सनस्क्रीन लगाएं:** ज्यादातर पैरेंट्स अकसर यह गलती करते हैं कि वो धूप में बाहर ले जाते वक्त सनस्क्रीन का इस्तेमाल नहीं करते हैं। ऐसा करना बिल्कुल गलत है। धूप से सुरक्षा के लिए बच्चों की त्वचा पर सनस्क्रीन लगाना बहुत जरूरी होता है। इससे बच्चे की स्किन पर ड्रायनेस नहीं आती है। a

**(बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. प्राची से बातचीत पर आधारित)**

मेडिकल सजेशन

डॉ. अशोक झिंगन

चेयरमैन-डायबिटीज रिसर्च फाउंडेशन, नई दिल्ली

बदलती जीवनशैली, गलत खान-पान और कम फिजिकल एक्टिविटी के कारण डायबिटीज अब बच्चों में भी तेजी से बढ़ रही है। वर्ल्ड डायबिटीज-डे (14 नवंबर) के अवसर पर एक्सपर्ट डॉक्टर बता रहे हैं बच्चों में डायबिटीज होने के कारण, लक्षण और बचाव के तरीकों के बारे में।

# बच्चों को भी हो सकता है डायबिटीज

डब्ल्यूएचओ ने भारत को 'डायबिटीज कैपिटल' का दर्जा दिया है। डायबिटीज एक मेटाबॉलिक बीमारी है, जिसमें शरीर के पैंक्रियाज ग्लैंड में बनने वाला इंसुलिन हार्मोन या तो पर्याप्त मात्रा में नहीं बनता या उसका असर कम हो जाता है। इंसुलिन भोजन से प्राप्त शुगर 'ग्लूकोज' को अवशोषित कर रक्त के जरिए शरीर के विभिन्न कोशिकाओं तक पहुंचाता है, जिससे सभी सेल्स सुचारू रूप से काम करते हैं और शरीर को ऊर्जा मिलती है। यह प्रक्रिया सामान्य रूप से नहीं चल पाती, तो रक्त में शुगर लेवल बढ़ जाता है। शुगर का बढ़ा हुआ स्तर लंबे समय तक बने रहने से व्यक्ति डायबिटीज का शिकार हो जाता है।




**टाइप-1 डायबिटीज:** यह कई कारणों से हो सकता है, जैसे वायरल फीवर के बाद संक्रमण, खाने-पीने की चीजों में मौजूद टॉक्सिन या केमिकल, मौसम परिवर्तन, प्रदूषण आदि। इनमें से किसी भी कारण से पैंक्रियाज ग्लैंड की बीटा सेल्स के खिलाफ एंटीबॉडी बनने लगती हैं, जिससे इंसुलिन बनने की प्रक्रिया प्रभावित हो जाती है या बंद हो जाती है। बढ़ी हुई ब्लड शुगर को कंट्रोल करने के लिए रोजाना प्रत्येक भोजन के बाद इंसुलिन लेना आवश्यक हो जाता है। अगर सही समय पर उचित उपचार मिले तो टाइप-1 डायबिटीज वाले बच्चे भी लंबी उम्र तक स्वस्थ जीवन जी सकते हैं।

**टाइप-2 डायबिटीज:** यह फिजिकल एक्टिविटी की कमी, गलत खान-पान, मोटापा और फैमिली हिस्ट्री के कारण होती है। इसमें शरीर में इंसुलिन कम बनता है या शरीर उसे सही तरह उपयोग नहीं कर पाता। इसमें नियमित व्यायाम और संतुलित आहार लेने की सलाह दी जाती है। सुधार न होने पर दवाइयां और इंसुलिन देना आवश्यक है।

**लक्षण:** बार-बार यूरीन आना खासकर रात में, अधिक प्यास लगना, जल्दी थक जाना, कमजोरी, वजन कम होना, चिड़चिड़ापन, देखने में दिक्कत, पढ़ाई में मन न लगना, मूड स्विंग्स, अचानक इंफेक्शन होना, विकास प्रभावित होना, लड़कियों में पीरियड्स का अनियमित होना।

**कारण:** डायबिटीज का जेनेटिक फैमिली बैकग्राउंड, गर्भावस्था में मां को जेस्टेशनल डायबिटीज के कारण नवजात शिशु का 3.5 किलोग्राम से अधिक होना, अधिक स्क्रीन टाइम और कम फिजिकल एक्टिविटी। मोटापा, जंक, प्रोसेस्ड फूड और चीनी युक्त पेय पदार्थों का अधिक सेवन करना। a



### बचाव के उपाय

डायबिटीज से अपने बच्चों को बचाने के लिए कुछ बातों का ध्यान रखें।

- बच्चों में हेल्दी ईटिंग हैबिट्स डालें।
- घर का बना संतुलित आहार दें और जंक फूड से दूर रखें।
- मीठा कम खाने को दें और नट्स, फ्रूट्स उनकी डाइट में शामिल करें।
- बच्चों के वजन और गतिविधि पर ध्यान रखें, ग्रोथ चार्ट मेंटेन करें।
- रोजाना कम से कम 60 मिनट फिजिकल एक्टिविटी के लिए बच्चे को प्रेरित करें।
- गर्भावस्था में महिलाओं को हेल्दी डाइट दें और नियमित चेकअप कराएं।
- अगर बच्चे को डायबिटीज है तो नियमित दवाएं और मॉनिटरिंग आवश्यक है।

प्रस्तुति: रजनी अरोड़ा





# एटीपी फाइनल्स में ज्वेरेव की आत्मविश्वास भरी शुरुआत, शेल्टन को दी शिकस्त

एजेंसी ▶▶| ट्यूरिन

एटीपी फाइनल्स में अलेक्जेंडर ज्वेरेव ने अपने अभियान की आत्मविश्वास से भरी शुरुआत की है। जर्मनी के इस स्टार खिलाड़ी ने टूर्नामेंट के पहले मैच में अमेरिकी युवा खिलाड़ी बेन शेल्टन को 6-3, 7-6(6) से शिकस्त दी। इनाल्पी एरिना में जीत के साथ, अलेक्जेंडर ज्वेरेव ने बेन शेल्टन के साथ एटीपी हेड-टू-हेड सीरीज में 5-0 का रिकॉर्ड बना लिया है। दो बार के एटीपी चैंपियन अलेक्जेंडर ज्वेरेव ने दूसरे सेट के टाई-ब्रेक में शेल्टन के 6/4 से आगे होने के बाद दो सेट प्वाइंट का सामना करने के बावजूद अपना संयम बनाए रखा।

■ अलेक्जेंडर ने बेन के साथ एटीपी हेड-टू-हेड सीरीज में 5-0 का रिकॉर्ड बनाया

अलेक्जेंडर ज्वेरेव आठ दिन पहले पेरिस मास्टर्स के सेमीफाइनल में जैनिक सिनर से मिली करारी हार के बाद पहली बार प्रतिस्पर्धा कर रहे थे। वह इस मुकाबले में बेहद तरोताजा नजर आए और पहला सेट 6-3 से अपने नाम किया।



## शेल्टन ने ज्वेरेव को टाई-ब्रेक के लिए किया मजबूर

दूसरे सेट में अपनी सर्व पर बार-बार दबाव में आने और 2-2 के स्कोर पर दो ब्रेक प्वाइंट बचाने के बावजूद, बेन शेल्टन ने ज्वेरेव को टाई-ब्रेक के लिए मजबूर किया। अमेरिकी खिलाड़ी ने टाई-ब्रेक में 4/0 की बढ़त के साथ जल्द ही निर्णायक सेट के लिए मजबूर कर दिया और बाद में उन्होंने 6/4 पर दो सेट प्वाइंट बनाए। 6/5 पर एक आसान फोरहैंड नेट पर लगाया और ज्वेरेव ने 7-6(6) से यह सेट अपने नाम किया।

## शेल्टन दुनिया के सबसे आक्रामक खिलाड़ी : अलेक्जेंडर

इस जीत के बाद अलेक्जेंडर ज्वेरेव ने बेन शेल्टन को सराहा है। उन्होंने शेल्टन को दुनिया के सबसे आक्रामक खिलाड़ियों में से एक बताते हुए कहा, वह अविश्वसनीय रूप से आक्रामक खिलाड़ी हैं। शायद दुनिया के सबसे आक्रामक खिलाड़ियों में से एक हैं। टाई-ब्रेक में उन्होंने शानदार शुरुआत की। मैंने शायद एक या दो पहले सर्व मिस किए और उन्होंने जो पासिंग शॉट मारा (5/4 पर) वह बेतुका था। मुझे उन चीजों पर नियंत्रण रखना होगा, जिन्हें मैं नियंत्रित कर सकता हूं। मैंने टाई-ब्रेक के अंत में अच्छा प्रदर्शन किया और इस जीत से बेहद खुश हूं।

## खबर संक्षेप



### न्यूजीलैंड-वेस्टइंडीज का मैच बारिश के कारण रद्द

**नेल्सन।** न्यूजीलैंड और वेस्टइंडीज के बीच चौथा टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच बारिश के कारण रद्द कर दिया गया। न्यूजीलैंड की टीम पांच मैच की श्रृंखला में अभी 2-1 से आगे है। श्रृंखला का पांचवा और आखिरी मैच गुरुवार को डुनेडिन के यूनिवर्सिटी ओवल में खेला जाएगा। वेस्टइंडीज ने पहला मैच सात रन से जीता था। न्यूजीलैंड ने दूसरा मैच तीन रन से और रविवार को तीसरा मैच नौ रन से जीता था। न्यूजीलैंड ने सोमवार को सैक्सटन ओवल में टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला किया। लेकिन केवल 6.3 ओवर का खेल ही संभव हो पाया, जिसमें वेस्टइंडीज ने एक विकेट खोकर 38 रन बनाए।

### 13 से बेंगलुरु में राष्ट्रीय पिकलबॉल चैंपियनशिप


**बेंगलुरु।** भारत की पहली राष्ट्रीय पिकलबॉल चैंपियनशिप 13 से 16 नवंबर तक बेंगलुरु के द स्पोर्ट्स स्कूल में आयोजित की जाएगी।



आयोजकों ने यह घोषणा की। कर्नाटक पिकलबॉल एसोसिएशन (केपीए) इस प्रतियोगिता की मेजबानी करेगा, जिसमें भाग लेने के लिए 20 से अधिक राज्यों से 1,200 से अधिक आवेदन मिले हैं। यह प्रतियोगिता पुरुष, महिला और मिश्रित प्रारुपों में अंडर-12 से लेकर 70 साल की उम्र से अधिक के विभिन्न आयु वर्गों में आयोजित की जाएगी। कर्नाटक पिकलबॉल एसोसिएशन के अध्यक्ष हर्ष ने कहा, 'पिकलबॉल ने दुनिया भर में काफी प्रगति की है और भारत सरकार की ओर से इस खेल को मान्यता दिए जाने से इसे एक नई पहचान और दिशा मिली है।'

### सेंट जेम्स स्क्वाश के फाइनल में कार्डेनास से हारे वीर

**नई दिल्ली।** भारतीय स्क्वाश खिलाड़ी वीर चोटरानी को अमेरिका के स्प्रिंगफील्ड में पीएसए कॉपर इवेंट



सेंट जेम्स एक्सप्रेशन ओपन के फाइनल में मैक्सिको के शीर्ष वरीयता प्राप्त लियोनेल कार्डेनास से 1-3 से हार का सामना करना पड़ा। दुनिया के 51वें नंबर के खिलाड़ी और यहां पांचवीं वरीयता प्राप्त चोटारानी ने दूसरा गेम जीतकर स्कोर बराबर कर दिया था लेकिन वह अपनी लय बरकरार नहीं रख पाए और इसके बाद उन्होंने आसानी से मैच गंवा दिया।

### विश्व सुपर कबड्डी लीग ने शेट्टी को बनाया तकनीकी निदेशक

**नई दिल्ली।** विश्व सुपर कबड्डी लीग (डब्ल्यूएसकेएल) ने अगले साल की शुरुआत में होने वाले



टूर्नामेंट से पहले अंतरराष्ट्रीय कोच रवींद्र शेट्टी को अपना तकनीकी निदेशक नियुक्त किया है। अंतरराष्ट्रीय स्तर के कबड्डी कोच शेट्टी लीग की तकनीकी और प्रतिस्पर्धा रूपरेखा तैयार करेंगे। इसके साथ ही वह खेल संरचना, रेफरी और कोच विकास तथा खेल प्रारूपों में नवाचार से संबंधित काम भी देखेंगे।

मुंबई ने दो दिन में दो बार हिमाचल को किया आउट, दूसरी पारी में 139 रन पर ढेर

# रणजी सीजन में मुलानी ने तीसरी बार झटके 5 विकेट मुंबई ने हिमाचल को पारी और 120 रन से हराया

एजेंसी ▶▶| मुंबई

बाएं हाथ के स्पिनर शम्स मुलानी के पांच विकेट की बदौलत मुंबई ने सोमवार को रणजी ट्रॉफी एलीट ग्रुप डी मैच के तीसरे दिन हिमाचल प्रदेश को पारी और 120 रन से हरा दिया। रणजी सीजन में मुलानी ने तीसरी बार 5 विकेट झटके है। पहली पारी में 446 रन बनाने के बाद मुंबई ने दो दिन में दो बार हिमाचल को आउट करके सत्र की दूसरी जीत दर्ज की।

मैच के तीसरे दिन हिमाचल की टीम सपाट पिच पर पहली पारी में 187 रन पर सिमट गई। दूसरी पारी में भी टीम अपने प्रदर्शन में सुधार नहीं कर सकी और पुखराज मान की 109 गेंद में नौ चौकों से 65 रन की पारी के बावजूद 139 रन पर ढेर हो गई। हिमाचल ने दिन की शुरुआत पहली पारी में सात विकेट पर 94 रन के स्कोर से की।



### मुंबई को जीत से मिले सात अंक मिले

दसवें नंबर पर बल्लेबाजी करने उतरे वैभव अरोड़ा ने 61 गेंद में छह चौकों और चार छक्कों से 51 रन की पारी खेली। अरोड़ा ने निखिल गंगटा (नाबाद 64) के साथ नौवें विकेट के लिए 77 रन जोड़े लेकिन इसके बावजूद टीम को फॉलोआन से नहीं बचा पाए। मुंबई ने पहली पारी के आधार पर 259 रन की बढ़त हासिल की। फॉलोआन खेलते हुए हिमाचल की टीम ने मुलानी (37 रन पर पांच विकेट) और मुशीर खान (23 रन पर दो विकेट) की धारदार गेंदबाजी के सामने नियमित अंतराल पर विकेट गंवाए और पूरी टीम 49.1 ओवर में 139 रन पर सिमट गई। मुंबई को इस जीत से सात अंक मिले।

### गोवा ने मध्यप्रदेश को 187 पर समेटा

रणजी ट्रॉफी के अपने चौथे मैच की पहली पारी में गोवा ने मध्यप्रदेश को 187 रन के स्कोर पर समेट दिया और पहली पारी में इस टीम को 97 रन की अहम बढ़त मिली। गोवा की तरफ से वासुकी कोशिश ने शानदार बॉलिंग करते हुए सबसे ज्यादा विकेट लिए तो वहीं अर्जुन तेंदुलकर की गेंदबाजी भी अच्छी रही। मध्यप्रदेश के खिलाफ पहली पारी में अर्जुन तेंदुलकर ने 12 ओवर में 34 रन देकर 2 विकेट झटके तो वहीं वासुकि कौशिश ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए 19 ओवर में 34 रन देकर 5 विकेट लिए।

### रावत के शतक के बावजूद झारखंड के खिलाफ बड़ौदा पिछड़ा

**वडोदरा।** बड़ौदा के मध्य क्रम के बल्लेबाज शाश्वत रावत ने जुझारू शतक जड़ा लेकिन इसके बावजूद अंक तालिका में शीर्ष पर चल रहे झारखंड ने रणजी ट्रॉफी ग्रुप ए मैच के तीसरे दिन पहली पारी के आधार पर 215 रन की बड़ी बढ़त हासिल की। रावत ने 230 गेंद में 106 रन की पारी खेली लेकिन इसके बावजूद बड़ौदा की टीम पहली पारी में 291 रन पर ढेर हो गई। झारखंड ने पहली पारी में 506 रन बनाए थे। झारखंड ने दिन का खेल खत्म होने तक दूसरी पारी में एक विकेट पर 10 रन बना लिए हैं, जिससे उसकी कुल बढ़त 225 रन की हो गई है। रावत ने अपनी पारी में पांच चौके और एक छक्का मारा। उन्होंने विकेटकीपर बल्लेबाज मितेश पटेल (61) के साथ पांचवें विकेट के लिए 123 रन की साझेदारी की लेकिन इसके बावजूद झारखंड को बड़ी बढ़त हासिल करने से नहीं रोक पाए।



### ध्रुव शोरे और अमन मोखाडे ने की 199 रन की साझेदारी

नागपुर में ध्रुव शोरे (101) ने मैच का अपना दूसरा शतक जड़ने के अलावा शतकवीर अमन मोखाडे (नाबाद 101) के साथ दूसरे विकेट के लिए 199 रन की साझेदारी की, जिससे विदर्भ ने ओडिशा के खिलाफ दूसरी पारी दो विकेट पर 218 रन पर घोषित करके मेहमान टीम को 345 रन का लक्ष्य दिया। ओडिशा ने दूसरी पारी में बिना विकेट खोए 44 रन बना लिए हैं। मेहमान टीम को अंतिम दिन जीत के लिए 301 रन की दरकार है। दिन का खेल खत्म होने पर स्वस्तिक समल 25 जबकि गौरव चौधरी 17 रन बनाकर खेल रहे थे।

शतरंज विश्व कप

# चौथे दौर में एरिगैसी, प्रज्ञानानंदा प्रभावशाली प्रदर्शन की उम्मीद



एजेंसी ▶▶| पणजी

भारत के शीर्ष ग्रैंडमास्टर अर्जुन एरिगैसी, आर. प्रज्ञाननंदा और पी. हरिकृष्णा फिडे विश्व कप शतरंज टूर्नामेंट के पहले विश्राम दिवस के बाद चौथे दौर में भी अपना प्रभावशाली प्रदर्शन जारी रखना चाहेंगे।

भारत के सर्वोच्च रेटिंग प्राप्त खिलाड़ी अर्जुन चौथे दौर में हंगरी के अनुभवी पीटर लेको के खिलाफ प्रबल दावेदार के रूप में शुरुआत करेंगे, जबकि प्रज्ञाननंदा का सामना फिडे के ध्वज तले खेल रहे डेनियल डुबोव से होगा। तीनों भारतीय खिलाड़ियों में सबसे अनुभवी हरिकृष्णा अगले दौर में स्वीडन के निल्स ग्रैंडेलियस से भिड़ेंगे।

### लेको का अर्जुन से सामना करना आसान नहीं

*लेको पिछले 20 वर्ष से शतरंज की दुनिया में जाना पहचाना नाम है। उनके लिए हालांकि अर्जुन का सामना करना आसान नहीं होगा। हंगरी के इस 46 वर्षीय खिलाड़ी ने ऑस्ट्रेलिया के बॉबी चेंग और ऑस्ट्रिया के किरील अलेक्सेन्को को बिना किसी टाईब्रेक गेम के हराया, जिससे उनकी फॉर्म का पता चलता है।अर्जुन ने भी अपने दोनों मैच बिना किसी टाईब्रेकर के जीते, जिससे लेको के खिलाफ उनका मुकाबला रोमांचक होने की संभावना है। इस भारतीय खिलाड़ी ने अब तक क्लासिकल टाइम कंट्रोल के तहत अपने चार में से तीन गेम जीते हैं। उन्होंने इस दौरान बुल्गारिया के मार्टिन पेट्रोव और उज्बेकिस्तान के शमसिद्दीन वोखिदोव को बाहर का रास्ता दिखाया।*

### प्रज्ञाननंदा का सामना डुबोव से

इस बीच दर्शकों के पसंदीदा प्रज्ञाननंदा का सामना डुबोव से होगा, जो रणनीतिक चाल चलने में माहिर माने जाते हैं। रूस के खिलाड़ी ने चीन के बाई जिंशी और उरुग्वे के जॉर्ज मायर के खिलाफ दो टाईब्रेक गेम में जीत दर्ज करके अपने कौशल का अच्छा परिचय दिया है। प्रज्ञाननंदा दूसरे राउंड में ही बाहर होने के करीब थे, लेकिन किसी तरह ऑस्ट्रेलिया के तैमूर कुयबोकारोव के खिलाफ टाईब्रेकर में बच गए। उन्होंने तीसरे राउंड के अपने प्रतिद्वंद्वी अर्मेनिया के रॉबर्ट होवहानिस्यान पर जीत हासिल की।

**अपार अनुभव पर निर्भर होंगे हरिकृष्णा :** हरिकृष्णा ने रूस के आर्सेनी नेस्टरोव और बेल्जियम के डेनियल दर्धा पर आसान जीत के साथ यहां तक का सफर तय किया। वह चौथे राउंड में ग्रैंडेलियस को हराने के लिए अपने अपार अनुभव पर निर्भर होंगे।

# महिला क्रिकेट टीम को पहली बार मिल सकता है विदेशी स्ट्रेंथ और कंडीशनिंग कोच

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

विश्व कप विजेता भारतीय महिला क्रिकेट टीम को निकट भविष्य में अपना पहला विदेशी स्ट्रेंथ और कंडीशनिंग कोच मिलने की पूरी संभावना है। बीसीसीआई ने पहले ही बेंगलुरु स्थित उत्कृष्टता केंद्र (सीओई) में स्ट्रेंथ और कंडीशनिंग विभाग में कई भर्तियां की हैं।

बीसीसीआई सूत्रों के अनुसार, बांग्लादेश पुरुष टीम के स्ट्रेंथ और कंडीशनिंग कोच नाथन कीली भारतीय बोर्ड के साथ बातचीत कर रहे हैं और संभावना है कि वह सीओई में शामिल हो सकते हैं। भारतीय महिला टीम की वर्तमान स्ट्रेंथ और कंडीशनिंग कोच एआई हर्ष ने विश्व कप में खिताब दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी लेकिन पता चला है कि बीसीसीआई उनको कोई और कार्य देना चाहता है। बांग्लादेश की राष्ट्रीय टीम के साथ काम करने के अलावा कीली ने न्यू साउथ वेल्स की प्रथम श्रेणी टीम के सहायक कोच के रूप में भी काम किया है। अब तक सीओई से जुड़े व्यक्ति को ही महिला क्रिकेट टीम का स्ट्रेंथ और कंडीशनिंग कोच नियुक्त किया जाता रहा है, लेकिन अगर कीली इसमें शामिल होते हैं तो वह पहले विदेशी कोच हो सकते हैं। भारतीय पुरुष टीम के स्ट्रेंथ और कंडीशनिंग कोच एड्रियन ली रॉ हैं। भारतीय टीम के साथ उनका यह दूसरा कार्यकाल है।



## अब हर खिलाड़ी के पास होगा अपना एआई कोच

**जबलपुर।** अब क्रिकेट और खेलों की ट्रेनिंग में आएगा टेक्नोलॉजी का नया दौर। यूके की एआई स्पोर्ट्स टेक कंपनी काबुनी ने भारत में लॉन्च किया ऐसा प्लेटफॉर्म, जो खिलाड़ियों की प्रैक्टिस को रिकॉर्ड कर रियल टाइम एनालिसिस और पर्सनलाइज्ड कोचिंग प्रदान करेगा। सौरव गांगुली, जो इसके ग्लोबल ब्रांड एंबेसडर हैं, ने कहा कि अब हर बच्चे को प्रोफेशनल लेवल की कोचिंग मिल सकेगी। काबुनी की एआई टेक्नोलॉजी मशीन लर्निंग और बायोमैकेनिक्स के जरिए हर मूवमेंट चाहे कवर ड्राइव हो या बॉलिंग एक्शन का विश्लेषण कर तुरंत फीडबैक देती है। कंपनी के सीईओ नीमेश पटेल ने कहा कि काबुनी आने वाले दस वर्षों में 100 करोड़ भारतीयों को अधिक सक्रिय और स्वस्थ जीवन जीने के लिए प्रेरित करेगा। फिलहाल यह प्लेटफॉर्म क्रिकेट से शुरुआत कर रहा है, जल्द ही टेनिस, बैडमिंटन, गोल्फ और अन्य खेलों में भी विस्तार करेगा।



सौरव गांगुली ने लॉन्च किया काबुनी स्पोर्ट्स टेक प्लेटफॉर्म



# बार्सिलोना की शानदार जीत लेवांडोव्स्की ने मारी हैट्रिक

**मैड्रिड।** रॉबर्ट लेवांडोव्स्की की हैट्रिक की मदद से बार्सिलोना शानदार जीत हासिल करके स्पेनिश लीग फुटबॉल टूर्नामेंट ला लिगा में शीर्ष पर काबिज रियाल मैड्रिड के करीब पहुंच गया है। रियाल मैड्रिड की अपनी बढ़त मजबूत करने की उम्मीद को तब करारा झटका लगा जब रायो वेलेकानो ने उसे गोलरहित ड्रॉ पर रोक दिया। इसके बाद लेवांडोव्स्की और लेमिन यामल ने बार्सिलोना को सेल्टा विगो पर 4-2 से जीत दिलाई। इससे बार्सिलोना और रियाल मैड्रिड के बीच केवल तीन अंक का अंतर रह गया है। बार्सिलोना से हार झेलने के कारण सेल्टा की सभी टूर्नामेंटों में लगातार पांच मैचों की जीत का सिलसिला रुक गया। विलारियल ने एस्पेनयोल को 2-0 से हराकर लीग में लगातार तीसरी जीत हासिल की। वह रियाल मैड्रिड से पांच अंक पीछे तीसरे स्थान पर जबकि एटलेटिको मैड्रिड छह अंक पीछे चौथे स्थान पर है। एटलेटिको ने शनिवार को घरेलू मैदान पर लेवांते को 3-1 से हराया था।

## एएफसी अंडर-20 महिला एशियाई कप में ग्रुप सी में भारत

***नई दिल्ली।*** *भारत को अगले साल थाईलैंड में होने वाले एएफसी अंडर-20 महिला एशियाई कप फाइनल के कड़े ग्रुप सी में जापान, ऑस्ट्रेलिया और चीनी ताइपे के साथ रखा गया है। ड्रॉ बैंकॉक में आयोजित किया गया। बीस साल बाद महाद्वीपीय महिला अंडर-20 टूर्नामेंट के लिए क्वालीफाई करने वाली भारतीय टीम अपने अभियान की शुरुआत जापान के खिलाफ करेगी, उसके बाद ऑस्ट्रेलिया और फिर चीनी ताइपे से भिड़ेगी। ग्रुप ए में मेजबान थाईलैंड को चीन, वियतनाम और बांग्लादेश के साथ रखा गया है। ग्रुप बी में वर्तमान अंडर-20 विश्व चैंपियन उत्तर कोरिया, दक्षिण कोरिया, उज्बेकिस्तान और जोर्डन शामिल हैं। यह टूर्नामेंट तीन स्थानों पर खेला जाएगा, जिसमें बैंकॉक का राजमंगला राष्ट्रीय स्टेडियम, पथुम थानी का थम्मासैट स्टेडियम और पथुम थानी स्टेडियम शामिल हैं। ऑस्ट्रेलिया 2024 में तीसरे स्थान पर रहा जबकि चीनी ताइपे ग्रुप चरण में ही बाहर हो गया था।*




आज से शुरू 475,000 डॉलर का जापान सुपर 500 बैडमिंटन टूर्नामेंट

# लय हासिल करने पर लक्ष्य और प्रणय की निगाहें

एजेंसी ▶▶| कुमामोटो

भारतीय शटलर एचएस प्रणय और लक्ष्य सेन मंगलवार 11 नवंबर से शुरू हो रहे 475,000 डॉलर इनामी कुमामोटो मास्टर्स जापान सुपर 500 बैडमिंटन टूर्नामेंट में अपनी लय फिर से हासिल करने की कोशिश करेंगे।

लक्ष्य मौजूदा सत्र में अपेक्षित प्रदर्शन नहीं कर पाए हैं। उन्हें यहां सातवीं वरीयता दी गई है। अल्मोड़ा के इस 24 वर्षीय खिलाड़ी को पहले दौर में जापान के कोकी वतनबे की कड़ी चुनौती का सामना करना पड़ेगा। विश्व चैंपियनशिप 2023 के कांस्य पदक विजेता प्रणय को ओलंपिक से पहले चिकनगुनिया होने के बाद से संघर्ष करना पड़ रहा है। वह एक महीने से ज्यादा समय के ब्रेक के बाद वापसी करेंगे। वह मलेशिया के जुन हाओ लियोंग के खिलाफ अपना पहला मैच खेलेंगे।



### शेट्टी पहले दौर में भिड़ेंगे विटिडसार्न से

अमेरिकी ओपन विजेता आयुष शेट्टी पहले दौर में थाईलैंड के शीर्ष वरीयता प्राप्त कुनलावुत विटिडसार्न से भिड़ेंगे। मकाऊ ओपन सुपर 300 के सेमीफाइनलिस्ट थारुण मन्नेपल्ली का मुकाबला कोरिया के जियोन ह्योक जिन से होगा, जबकि किरण जॉर्ज का मुकाबला क्वालीफायर से होगा। मिश्रित युगल में रोहन कपूर और रुथविका शिवानी गादे का मुकाबला प्रेस्ली स्मिथ और जेनी गाई की अमेरिकी जोड़ी से होगा।




## हमले से महिला बाल-बाल बची, 2 मवेशी बन चुके शिकार

# 15 दिनों से डुंगरिया और आसपास के गांवों में तेंदुए का आतंक

हरिभूमि, जबलपुर।

मझौली विकासखंड के ग्राम डुंगरिया और उसके आसपास के कई गांवों में इन दिनों तेंदुए का आतंक फैला हुआ है। पिछले पखवाड़े से ग्रामीण क्षेत्र में तेंदुए के मूवमेंट की लगातार खबरें सामने आ रही हैं। इस दौरान तेंदुआ दो मवेशियों का शिकार कर चुका है, जबकि एक महिला पर हमला करने की कोशिश भी की थी, जिसमें महिला बाल-बाल बच गई। इन घटनाओं के बाद से ग्रामीणों में दहशत और रात के समय सन्नाटा पसर गया है।

डुंगरिया, रौंसरा, बचैया, कुरें सिद्धन और मझौली शारदा आदि गांवों के लोगों का कहना है कि तेंदुआ कई बार रात के समय खेतों और गलियों में घूमते देखा गया है। ग्रामीणों ने बताया कि अब लोग शाम ढलते ही मवेशियों को घरों में बांध लेते हैं, और बच्चे व महिलाएं बाहर निकलने से कतराने लगी हैं।

स्थानीय निवासी रामकुमार पटेल ने बताया, पहले मवेशी खुले में चरते थे, पर अब हम डर के कारण उन्हें घर के पास ही रखते हैं। रात को जंगल की तरफ से अक्सर जानवरों की आवाजें सुनाई देती हैं।



### बच्ची की चीख से बची जान

- ग्रामीणों ने बताया कि रविवार सुबह करीब 10 बजे डुंगरिया के पास रहने वाली जयंती कोल खेत की ओर जा रही थीं, तभी झाड़ियों से अचानक तेंदुआ निकल आया और उन पर झपटा। तभी पास में खेल रही एक छोटी बच्ची जोर-जोर से चिल्लाने लगी, जिससे तेंदुआ घबरा गया और भाग निकला। जयंती कोल को मामूली खरोंचें आईं, लेकिन उनकी जान बच गई। घटना के बाद ग्रामीणों ने तेंदुए की सूचना मझौली वन विभाग कार्यालय को दी। विभाग की टीम तुरंत मौके पर पहुंची और इलाके में तलाशी अभियान शुरू किया।

### वन विभाग ने लगाए कैमरा ट्रैप

- महिला पर हमले के कुछ ही घंटे बाद तेंदुए ने गांव के पास एक गाय का शिकार कर लिया। इसके बाद से ग्रामीणों में दहशत का माहौल और बढ़ गया है। वन विभाग ने घटना के बाद कई स्थानों पर कैमरा ट्रैप और पिंजरे लगाए हैं, ताकि तेंदुए की सटीक लोकेशन का पता लगाया जा सके। वन विभाग के अधिकारी का कहना है कि टीम लगातार गश्त कर रही है। तेंदुआ संभवतः सिहोरा वन परिक्षेत्र से भटककर इस क्षेत्र में आया है। जंगलों से सटे गांवों में उसकी गतिविधियां दर्ज की गई हैं। हमारी टीम रात और सुबह दोनों समय निगरानी कर रही है।

### रौंसरा-बचैया मार्ग पर युवकों का सामना

- इसी बीच रविवार शाम को रौंसरा से बचैया मार्ग पर कुछ युवक बाइक से जा रहे थे। उन्होंने बताया कि रास्ते में अचानक एक तेंदुआ सड़क किनारे बैठा दिखा, जो कुछ दूरी तक उनकी बाइक के पीछे दौड़ा। युवक डर के मारे तेज रफ्तार से बाइक चलाते हुए किसी तरह वहां से निकले। हालांकि कुछ ग्रामीण इस घटना को अफवाह भी बता रहे हैं, लेकिन वन विभाग ने इस इलाके में भी निगरानी बढ़ा दी है।

### 15 दिनों से जारी है खोज

- वन विभाग की टीम पिछले 15 दिनों से लगातार क्षेत्र में कैंप कर रही है। कई बार ड्रोन सर्वे और ट्रैकिंग टीम की मदद से तेंदुए को ढूंढने की कोशिश की गई, लेकिन अब तक उसका ठिकाना पता नहीं चल सका है। सूत्रों के अनुसार, तेंदुआ मझौली, सिहोरा, पोड़ा और मौसाम के जंगलों के बीच लगातार मूवमेंट कर रहा है, जिससे उसका ट्रैक करना मुश्किल हो गया है।

### ग्रामीणों ने की सुरक्षा की मांग

- ग्रामीणों ने वन विभाग और प्रशासन से मांग की है कि क्षेत्र में रात्री गश्त बढ़ाई जाए और स्कूल जाने वाले बच्चों की सुरक्षा के लिए विशेष इंतजाम किए जाएं। साथ ही, कई ग्रामीणों ने कहा कि अगर तेंदुआ जल्द नहीं पकड़ा गया, तो वे धरना-प्रदर्शन करने को मजबूर होंगे। वन विभाग की टीम ने लोगों से अपील की है कि वे अफवाह न फैलाएं, घरों के आसपास लाइट जलाकर रखें, और अगर तेंदुआ दिखाई दे तो तुरंत वन विभाग को सूचना दें।

## सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार से मांगा जवाब

# जनहित याचिका दायर कर लोकसभा और राज्य विधानसभाओं में महिलाओं के लिए 33% आरक्षण लागू करने की मांग

**जबलपुर।** सुप्रीम कोर्ट में एक जनहित याचिका दायर कर नारी शक्ति वंदन अधिनियम यानी लोकसभा और राज्य विधानसभाओं में महिलाओं के लिए 33% आरक्षण लागू करने की मांग की गई है। याचिका में उस प्रावधान को चुनौती दी गई है, जिसमें यह अंकुश लगाया गया है कि यह अधिनियम अगली जनगणना और उसके बाद लोकसभा व विधानसभाओं का परिसीमन होने के बाद लागू किया जाएगा। यह परिसीमन 2029 तक पूरा होना है। मामले पर प्रारंभिक सुनवाई के बाद जस्टिस बीवी नागरथना और जस्टिस आर महादेवन की खंडपीठ ने केन्द्रीय विधि एवं गृह मंत्रालय को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। दमोह



निवासी जया ठाकुर की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता रामेश्वर सिंह ठाकुर, शोभा गुप्ता एवं वरुण ठाकुर ने पक्ष रखा।

उन्होंने बताया कि संविधान (106वां संशोधन) अधिनियम, 2023 में नारी शक्ति वंदन अधिनियम जोड़ा गया है, जिसे संसद ने पारित भी कर दिया है। दलील दी गई कि आरक्षण को भविष्य की किसी ऐसी प्रक्रिया से जोड़ना, जो अब तक शुरू भी नहीं हुई है, तर्कसंगत नहीं है। उन्होंने कहा, "अब तक कोई प्रक्रिया शुरू नहीं हुई है। यह स्पष्ट नहीं है कि यह प्रक्रिया कब शुरू होगी और कब पूरी होगी। अभी तक जनगणना भी शुरू नहीं हुई है।" इस पर जस्टिस नागरथना ने कहा कि किसी कानून को लागू करना कार्यपालिका के अधिकार क्षेत्र में आता है। वरिष्ठ अधिवक्ता ने स्पष्ट किया, "हम यह नहीं कह रहे कि अदालत इसे तुरंत लागू करने का आदेश दे। हमारा केवल इतना कहना है कि इसे भविष्य की किसी अनिश्चित प्रक्रिया पर निर्भर नहीं किया जाना चाहिए, क्योंकि यह प्रक्रिया कब शुरू और पूरी होगी, कोई नहीं जानता।" दलील दी गई कि संसद ने जब एक-तिहाई आरक्षण का प्रावधान किया, तब यह मानकर चलना चाहिए कि वैज्ञानिक डेटा पहले से उपलब्ध था।

हाईकोर्ट ने कुछ दिन रहकर देखने के दिए निर्देश, अगली सुनवाई 12 नवंबर को

# आईएएस परीक्षा की तैयारी कर रही युवती ने पिता के साथ जाने से किया इनकार

**जबलपुर।** मप्र हाईकोर्ट के समक्ष एक युवती ने कहा कि उसके पिता उसे पढ़ाई नहीं करने दे रहे थे और शादी का दबाव बना रहे थे इसके लिए उसे प्रताड़ित किया जा रहा था। परेशान होकर वह घर से निकल गई और इंदौर में एक निजी कंपनी में नौकरी करके अपना खर्च निकालने लगी। वहीं सिविल सर्विस की तैयारी के लिए कोचिंग करने लगी।युवती ने पिता के साथ नहीं भेजने की गुहार लगाई। वहीं, पिता ने उसे फिर से प्रताड़ित नहीं करने का आश्वासन देकर घर भेजने का आग्रह किया।चीफ जस्टिस संजीव सचदेवा की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने युवती को कहा कि वह चार-पांच दिनों तक अभिभावक के



साथ रहकर देखे। अगर माहौल बेहतर लगे तो ठीक नहीं तो कलेक्टर को आदेश देंगे कि वह बाहर रहने और पढ़ाई की समुचित व्यवस्था कराएं। अगली सुनवाई 12 नवंबर को होगी।

भोपाल के बजरिया थाना क्षेत्र निवासी पिता ने यह बंदी प्रत्यक्षीकरण याचिका दायर की है। कहा गया कि उन्होंने बेटी की गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई थी, लेकिन महीनों तक उसका कोई सुराग नहीं मिला। इस पर हाईकोर्ट की शरण ली गई। कोर्ट ने याचिका पर सुनवाई करते हुए पुलिस को युवती का पता लगाने के निर्देश दिए। पुलिस ने इंदौर से उसे 10 महीने बाद बरामद किया, तब पता चला कि वह किराए पर रहते हुए एक निजी कंपनी में नौकरी कर रही है और प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी में जुटी है। हाईकोर्ट के आदेश पर पुलिस ने युवती पेश किया था। कोर्ट के पूछने पर युवती ने पिता के साथ जाने से इनकार कर दिया। उसने कोर्ट को बताया कि पिता उसे आगे नहीं पढ़ाना चाहते। जबकि वह सिविल सर्विसेज में जाने का सपना संजोए हुए मेहनत कर रही है।



## सहायक पेंशन अधिकारी घूस लेते पकड़ा गया

# फैमिली पेंशन में पत्नी को नॉमिनी बनाने मांगी रिश्वत

हरिभूमि, जबलपुर।

लोकायुक्त की टीम ने जिला मुख्यालय कलेक्ट्रेट स्थित संभागीय पेंशन कार्यालय में पदस्थ सहायक पेंशन अधिकारी को दस हजार रूपयों की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों पकड़ा है। दरअसल आरोपी सेवानिवृत्त लैब टेक्नीशियन से पत्नी को फैमिली पेंशन में नॉमिनी बनाने के लिए रिश्वत मांग रहा था। 10 हजार नगद रुपए लेते हुए सहायक पेंशन अधिकारी सचिन झा को लोकायुक्त ने ट्रेप कर लिया। लोकायुक्त एसपी अंजुलता पटले ने बताया कि सहायक किशोर कुमार झारिया सेवानिवृत्त लैब टेक्नीशियन शासकीय इंजीनियरिंग कॉलेज जबलपुर द्वारा पहली पत्नी की मृत्यु के पश्चात दूसरी पत्नी का नाम पारिवारिक पेंशन में नॉमिनी में जुड़वाने हेतु संभागीय पेंशन कार्यालय में सहायक पेंशन अधिकारी सचिन झा से मिला था। आरोपी ने काम करने एवज में 10 हजार रूपयों की मांग की थी। आवेदक ने शिकायत लोकायुक्त कार्यालय में पुलिस अधीक्षक से की थी। लोकायुक्त दल ने शिकायत सत्यापन के बाद योजनाबद्ध तरीके से आरोपी को कलेक्ट्रेट कार्यालय परिसर रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ पकड़ा। लोकायुक्त के ट्रेप दल में उप पुलिस अधीक्षक सुरेखा परमार, निरीक्षक रेखा प्रजापति, निरीक्षक बृजमोहन सिंह नरवरिया मौजूद रहे।

## पमरे के सतना, कटनी, जबलपुर सहित अन्य स्टेशनों से होकर गुजरेगी ट्रेन

# भागलपुर से उधना के लिए अनारक्षित स्पेशल ट्रेन का संचालन

**जबलपुर।** रेलवे द्वारा अतिरिक्त यात्री यातायात को देखते हुए स्पेशल ट्रेनें चलाई जा रही है। इसी कड़ी में गाड़ी संख्या 03415 भागलपुर जंक्शन से उधना के लिए एक तरफा 01 ट्रिप के लिए दिनाँक 12 नवम्बर 2025 को अनारक्षित स्पेशल ट्रेन चलाने का निर्णय लिया गया है। यह स्पेशल ट्रेन पूर्व रेलवे से प्रारम्भ होकर पश्चिम मध्य रेलवे के स्टेशनों से होकर गुजरेगी। गाड़ी संख्या 03415 भागलपुर जंक्शन से उधना अनारक्षित स्पेशल ट्रेन 12 नवम्बर 2025 को भागलपुर जंक्शन स्टेशन से प्रातः 05:00 बजे प्रस्थान करेगी। यह ट्रेन मार्ग में 23:35 बजे सतना, मध्यरात्रि 00:55 बजे कटनी, 02:15 बजे जबलपुर, 04:25 बजे पिपरिया, 06:15 बजे इटारसी एवं 07:12 बजे हरदा स्टेशनों पर ठहरते हुए 13 नवम्बर 2025 को अपराह्न 18:00 बजे उधना पहुंचेगी। यह गाड़ी रास्ते में सुल्तानगंज, बरियारपुर, जमालपुर, अभयपुर, कजरा, किऊल जंक्शन, लक्खीसराय जंक्शन, बड़हिया, मोकामा, बाढ़, बख्तियारपुर, खुसरुपुर, फतुहा जंक्शन, पटना साहिब, पटना जंक्शन, दानापुर, आरा, डुमराव, बक्सर, दिलदारनगर, पंडित दीनदयाल उपाध्याय, मिर्ज़ापुर, प्रयागराज छिवकी, मानिकपुर, सतना, कटनी, जबलपुर, पिपरिया, इटारसी, हरदा, खण्डवा, भुसावल, अमलनेर, डोंडाइचा, नंदुरबार, व्यारा एवं चलथान स्टेशनों पर रुकेगी।

# जबलपुर रेल मंडल में लगाए गई एटीवीएम मशीनें



**जबलपुर।** पश्चिम मध्य रेलवे, जबलपुर मंडल द्वारा मंडल के प्रमुख रेलवे स्टेशनों पर आधुनिक एटीवीएम (ऑटोमेटिक टिकट वेंडिंग मशीन) स्थापित की गई हैं। इन मशीनों के माध्यम से यात्री बिना किसी काउंटर पर गए, स्वयं अपनी टिकट का भुगतान डिजिटल माध्यम से कर आसानी से अनारक्षित टिकट प्राप्त कर सकते हैं। मंडल रेल प्रबंधक कमल कुमार तलरेजा के निर्देशन एवं वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक डॉ. मधुर वर्मा के नेतृत्व में वाणिज्य विभाग द्वारा जबलपुर मंडल के जबलपुर, मदन महल, कटनी, नरसिंहपुर, गाडरवारा, पिपरिया, सतना, मैहर, रीवा, दमोह, सागर सहित अन्य प्रमुख स्टेशनों पर यह सुविधा उपलब्ध कराई गई है। वर्तमान में मंडल के 31 प्रमुख स्टेशनों पर कुल 121 एटीवीएम मशीनें स्थापित हैं। इन मशीनों पर यात्री स्वयं मोबाइल पेमेंट, यूपीआई, क्यूआर कोड आदि डिजिटल माध्यमों से टिकट का भुगतान कर सकते हैं।

हाईकोर्ट ने आगे भी खुला रखने के दिए निर्देश

# कटनी कलेक्टर ने बताया, बंद रास्ता खोल दिया गया

**जबलपुर।** मप्र हाईकोर्ट के पूर्व आदेश के अनुपालन में सोमवार को कटनी कलेक्टर आशीष तिवारी व ठेकेदार तिलक राज ग्रोवर हाजिर हुए। उन्होंने बताया कि बंद रास्ता खोल दिया गया है। चीफ जस्टिस संजीव सचदेवा व जस्टिस विनय सराफ की खंडपीठ ने कहा कि उक्त रास्ते को आगे भी खुला रखा जाए।

कटनी निवासी संदीप जायसवाल सहित अन्य ने एक याचिका दायर कर बताया कि कलेक्टर ने जिले की बरही तहसील के 3 गांवों की सड़क एक ठेकेदार को लीज पर दे दी। ठेकेदार उस रास्ते पर गिट्टी डंप करने लगा। इससे रास्ता बंद हो गया। ग्रामीण परेशान होने लगे। प्रशासनिक स्तर पर कोई कार्रवाई नहीं होने पर हाईकोर्ट में याचिका दायर की गई। पूर्व में कोर्ट ने अंतरिम आदेश के तहत रास्ता खोलने के निर्देश दिए थे। आदेश का पालन नहीं होने पर कोर्ट ने फटकार लगाते हुए कलेक्टर और ठेकेदार को व्यक्तिगत रूप से हाजिर होने कहा था।

दरअसल, कटनी जिले की बरही तहसील के करौंदी खुर्द, कन्नौर और बिचपुरा गांव तक जाने के लिए यह एकमात्र सड़क है। यहां से रोजाना सैकड़ों ग्रामीण तहसील और शहर आते-जाते हैं। एक जुलाई 2025 को खनिज विभाग की रिपोर्ट पर कटनी कलेक्टर ने बरही तहसील के ग्राम कन्नौर स्थित खसरा नंबर 861 की लगभग 65 हेक्टेयर भूमि को लीज पर दे दिया। सड़क का इस्तेमाल खनन के बाद डंप करने के लिए होता है। इस जमीन का इस्तेमाल स्थानीय ग्रामीण कई सालों से कच्ची सड़क के रूप में करते आ रहे हैं। राजस्व रिकॉर्ड में भी यह जमीन रास्ते के रूप में दर्ज है।

# घर की छप्पर तोड़कर नगदी व जेवर ले उड़े चोर

**जबलपुर।** संजीवनीनगर थाना अतंर्गत लाल बिल्डिंग बचखेरा तालाब के पास गंगानगर में एक सूने घर के छत के ऊपर बने छप्पर को तोड़कर अज्ञात चोर सोने चांदी के जेवर, नगदी 45 हजार रुपए और एयर गन चोरी कर ले गए। संजीवनीनगर पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार लाल बिल्डिंग बचखेरा तालाब के पास गंगानगर निवासी 42 वर्षीय हार्डवेयर दुकान संचालक अमित कुमार तिवारी गत दोपहर लगभग 2 बजे घर के दरवाजे एवं गेट में ताला लगाकर परिवार सहित मंडला गया था, जहां से रात लगभग 11.45 बजे घर वापस आया और घर के मेन गेट का ताला खोलकर गाड़ी अंदर किया। पत्नी शुभ्रा तिवारी घर का सेंट्रल लॉक खोलने लगी और अमित घर के पीछे वाले जीना से गेहूं समेटने के लिये छत पर गया। तभी पत्नी ने देखा कि आलमारियों के लॉक टूटे थे जिनमें रखा सामान सोने के 1 जोड़ी टाप्स, मंगलसूत्र के 2 पेंडल, चैन, 2 अंगूठी, चांदी का 1 करधन, 1 जोड़ी पायल, चांदी की गिलास, चम्मच, चूड़ा, 2 चूड़ी, नगदी 45 हजार रूपये तथा एयर गन चोरी कर ले गए। अज्ञात चोर घर के छत के ऊपर बने छप्पर को तोड़कर चोरी कर ले गया है। पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट पर धारा 331(4), 305(ए) बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।







हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अचिंत महेश्वरी द्वारा हरिभूमि प्रेस, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)- 482002 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)- 482002 से प्रकाशित। प्रधान संपादक-डॉ. हिमांशु द्विवेदी RNI No.: MPHIN/2008/24240